राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 74
लखनऊ, बुधवार 30 अक्टूबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



बूथ लेबिल अफसरों ने भरवाए युवा मतदाताओं के नाम 04

यातायात नियमों के प्रति जागरुक कर छात्र-छात्राओं ने किया श्रमदान 09

प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार मेला कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा

# युवाओं के रोजगार के लिए हम प्रतिबद्ध

▸ युवाओं के रोजगार उद्देश्य से 21 देशों के साथ आव्रजन समझौता

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है और देश के बाहर भी रोजगार के अवसर उत्पन्न करने के लिए भारत ने हाल के वर्षों में 21 देशों के साथ आव्रजन एवं रोजगार से जुड़े समझौते किए हैं। श्री मोदी सरकार के रोजगार मेला कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कहा, विदेशों में भी भारतीय युवाओं को आसानी से नौकरी मिले, इसके लिए भी भारत सरकार नए मौके बना रही है। उन्होंने कहा, भारत ने हाल के वर्षों में 21 देशों के साथ आव्रजन और रोजगार से जुड़े समझौते किए हैं। इनमें खाड़ी क्षेत्र के देशों के अलावा जापान, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, जर्मनी, मॉरिशस, इजरायल, ब्रिटेन और इटली जैसे बहुत आर्थिक रूप से संपन्न देश शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन के साथ समझौते के तहत पढ़ाई करने हर साल तीन हजार भारतीय दो साल का वीजा हासिल कर सकते हैं। इसी तरह जर्मनी ने भारत के लिए कौशल सम्पन्न कार्यबल रणनीति जारी की है। जर्मनी ने हर वर्ष 90 हजार वीज़ा देना तय किया है। पहले यह संख्या 20 हजार थी। प्रधानमंत्री ने कहा, देश के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिले, ये हमारी प्रतिबद्धता है। सरकार की नीतियां और निर्णयों का भी रोजगार सृजन पर सीधा प्रभाव होता है।÷ उन्होंने कहा कि इस समय आर्थिक एवं सामाजिक अवसरंचान के क्षेत्र में बड़े स्तर के विकास तथा विनिर्माण उद्योगों के प्रोत्साहन से भारत में रोजगार के अवसरों का तेजी से विस्तार हो रहा है। इस अवसर पर विभिन्न सरकारी विभागों एवं संगठनों में नवनियुक्त 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। श्री मोदी ने कहा कि सड़क, रेल, बंदरगाह जैसी आर्थिक अवसंरचना सुविधाओं पर पैसे खर्च कर सरकार

### यह ऐतिहासिक दीपावली, राम एक बार फिर अपने घर आए

**लखनऊ।** नौवें आयुर्वेद दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धनतेरस व धन्वंतरि जयंती की शुभकामना दी। उन्होने अपने संबोधन में अयोध्या धाम की भी चर्चा की और कहा हम लोगों ने बहुत दीपावली देखी है, लेकिन यह दीपावली ऐतिहासिक है। 500 साल बाद ऐसा अवसर आया है, जब अयोध्या में रामलला के जन्मभूमि पर बने उनके मंदिर में भी हजारों दीप जलाए जाएंगे। अद्भुत उत्सव होगा। यह ऐसी दीपावली होगी, जब हमारे राम एक बार फिर अपने घर आए हैं। इस बार यह प्रतीक्षा 14 वर्ष बाद नहीं, बल्कि 500 वर्ष बाद पूरी हो रही है। श्री मोदी ने कहा कि धनतेरस के दिन सौभाग्य व स्वास्थ्य का यह उत्सव सिर्फ संयोग नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति के जीवन-दर्शन का प्रतीक है। ऋषियों ने कहा है कि आरोग्यम परमं भाग्यं यानी आरोग्य ही परम भाग्य व परमधन है। हम सबके लिए खुशी की बात है कि आज 150 से अधिक देशों में आयुर्वेद दिवस मनाया जा रहा है।

### प्रधानमंत्री मोदी आज देंगे 280 करोड़ की सौगात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30-31 अक्टूबर को गुजरात दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह 280 करोड़ रुपये से अधिक की लागत की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि प्रधानमंत्री 30 अक्टूबर को केवड़िया के एकता नगर जाएंगे और शाम करीब 5.30 बजे एकता नगर में 280 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न अवसंरचना और विकास परि योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। शाम करीब 6 बजे प्रधानमंत्री राष्ट्रीय एकता दिवस की पूर्व संध्या पर 99वें कॉमन फाउंडेशन कोर्स के अधिकारी प्रशिक्षुओं को संबोधित करेंगे।

### केरल : आतिशबाजी भंडार में विस्फोट से 154 लोग घायल

**कासरगोड।** केरल के कासरगोड में नीलेश्वर के अंजुताम्बलम वीरारकावु मंदिर में मंगलवार तड़के वार्षिक थेय्यम उत्सव के दौरान आतिशबाजी भंडारण क्षेत्र में हुए भीषण विस्फोट में लगभग 154 लोग झुलस गए। कासरगोड के कलेक्टर इंबासेकर के. ने बताया कि त्योहार के लिए रखे गए पटाखों में विस्फोट हो गया और कई लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि 154 लोगों में से 97 को अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जिनमें से आठ लोग 80 प्रतिशत से अधिक झुलस गए हैं। घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। 16 लोगों को कान्हानगढ़ जिला अस्पताल में, 10 लोगों को मावुंगल संजीवनी अस्पताल में, 10 लोगों को कन्नूर के परियाराम मेडिकल कॉलेज अस्पताल में, 17 लोगों को कान्हानगढ़ ऐशल अस्पताल में, तीन लोगों को कान्हानगढ़ अरिमला अस्पताल में, 18 लोगों को मिम्स अस्पताल कन्नूर में, 18 लोगों को मैंगलोर एजे मेडिकल कॉलेज में और शेष लोगों को कासरगोड जिले के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती किया गया है।

## बेकाबू बस पुलिया से टकराई 11 लोगों की मौत, 33 घायल

एजेंसी

**जयपुर/सीकर।** राजस्थान के सीकर के लक्ष्मणगढ़ थाना इलाके में मंगलवार को एक बेकाबू बस पुलिया से टकरा गई। इस हादसे में ग्यारह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हुए हैं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को लक्ष्मणगढ़ और सीकर के अस्पताल पहुंचाया। राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर संवेदना व्यक्त की है।

पुलिस के अनुसार बस सुजानगढ़ से वाया सालासर-लक्ष्मणगढ़-नवलगढ़ जा रही थी। बस की रफ्तार तेज होने के कारण बस एक घुमाव में नहीं घुम पाई और सामने पुलिया से टकरा गई। फिलहाल, घायलों को जिला अस्पताल लक्ष्मणगढ़ पहुंचाया गया है। मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। लक्ष्मणगढ़ थाने के एएसआई रामदेव सिंह ने बताया कि यात्रियों से भरी एक बस सालासर से नवलगढ़ जा रही थी। लक्ष्मणगढ़ में तेज रफ्तार बस संतुलन बिगड़ने पर पुलिया से जा टकराई। घटनास्थल पर पांच लोगों की मौत हो गई जबकि छह अन्य यात्रियों की अस्पताल में मौत हुई है। इस भीषण सड़क हादसे में 33 यात्री घायल हुए हैं। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को लक्ष्मणगढ़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है।

### पीएम ने जताया दुख अनुग्रह राशि की घोषणा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को एक्स पोस्ट में कहा कि प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। इसके अलावा प्रत्येक घायल को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि राजस्थान के सीकर के लक्ष्मणगढ़ में हुए सड़क हादसे में आठ लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। हादसा तब हुआ जब एक प्राइवेट बस तेज गति से पुलिया से जा टकराई। हादसे में 24 लोग घायल हुए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### लखनऊ में इंस्पेक्टर समेत 11 पुलिस कर्मी लाइन हाजिर

**लखनऊ।** जनपद में पुलिस कर्मियों को लेकर आ रही तमाम प्रकार की शिकायतों को संज्ञान लेते हुए पुलिस उपायुक्त पूर्वी शशांक सिंह ने मंगलवार को इंस्पेक्टर समेत 11 पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर किया है। एक पुलिसकर्मी को दूसरी जगह भेजा है। जिन पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर किया है उनमें पीजीआई थाना के अतिरिक्त निरीक्षक, अमित सिंह, थाना चिनहट के कामता चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक हर्षित मान, राकेश चौरसिया को लाइन, बीट प्रभारी उपनिरीक्षक रंजीत कुमार को विराटखंड से हटाकर विनीतखंड भेजा है। वहीं थाना पीजीआई में उपनिरीक्षक गोविंद, आशियाना थाना में तैनात मुख्य आरक्षी संदीप शर्मा, अशोक शर्मा, पीजीआई थाना के मुख्य आरक्षी मुकीम लाइन हाज़िर। विभूतिखंड में तैनात आरक्षी सतेन्द्र राय,गोमतीनगर विस्तार थाने मे तैनात आरक्षी गुलाब चन्द्र और गोमतीनगर थाना मे तैनात महिला आरक्षी अंजलि शर्मा को लाइन हाज़िर किया है।

### उमरेड व मीरा भायंदर सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए चौथी सूची में दो नाम घोषित किये हैं। भाजपा के महासचिव अरुण सिंह ने मंगलवार को यहां एक विज्ञप्ति में बताया कि पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति ने आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में उमरेड (अजा) सीट से सुधीर लक्ष्मणराव पारवे और मीरा भायंदर से श्री नरेंद्र लालचंदजी मेहता के नामों पर अपनी स्वीकृति प्रदान की है। महाराष्ट्र विस चुनाव के लिए मतदान 20 नवंबर को होगा और मतगणना 23 नवंबर को होगी।

### तेजस इंजन की आपूर्ति में देरी के लिए जीई पर जुर्माना

**नयी दिल्ली।** स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस के उन्नत संस्करण तेजस मार्क-1 ए के लिए इंजन की आपूर्ति में दो वर्ष की देरी पर अमेरिकी कंपनी जीई को अनुबंध की शर्तों के अनुसार जुर्माना देना होगा। जीई को भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण माने जाने वाले तेजस मार्क-1 ए के लिए इंजनों की आपूर्ति मार्च 2023 में करनी थी, लेकिन ये इंजन अब तक भी नहीं मिले हैं। जीई ने अब इन इंजनों की आपूर्ति अगले वर्ष अप्रैल से करने की बात कही है।

### पंजाब में हत्या कर लखनऊ में छिपे दो शूटर गिरफ्तार

**लखनऊ।** पंजाब पुलिस ने लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस की सहयोग से गाजीपुर ?इलाके से दो शूटरों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपित पंजाब प्रांत में हत्याओं की अलग-अलग घटनाओं में वांछित थे। प्रभारी निरीक्षक विकास राय ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब के विक्रमजीत सिंह उर्फ विक्की और पंजाब सिंह को गिरफ्तार किया है। मार्च 2024 में तरनतारन से गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी महल की हत्या के मामले में विक्रम सिंह फरार था। वहीं, पंजाब सिंह तिहरे हत्याकांड का आरोपित था। इन दोनों के खिलाफ पंजाब के अलग-अलग थानों में कई आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं।

## केंद्र सरकार का ऐलान : सस्ती होंगी कैंसर की तीन दवा, अधिसूचना जारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सीमा शुल्क से छूट और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती के बाद तीन कैंसर रोधी दवाओं (ट्रैस्टुजुमाब, ओसिमर्टिनिब और डुरवालुमाब) की अधिकतम खुदरा कीमत (एमआरपी) तय होगी। राष्ट्रीय फार्मास्युटिकल मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने दवा निर्माताओं को इन तीन कैंसर रोधी दवाओं पर एमआरपी कम करने का निर्देश दिया है।

रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि सीमा शुल्क में छूट और जीएसटी दरों में कटौती के बाद एनपीपीए ने दवा निर्माताओं को तीन कैंसर रोधी दवाओं की एमआरपी घटाने का निर्देश दिया है। मंत्रालय के मुताबिक एनपीपीए ने 28 अक्टूबर को जारी कार्यालय ज्ञापन में संबंधित निर्माताओं को तीन कैंसर रोधी दवाओं पर एमआरपी कम करने का निर्देश दिया है। यह वर्ष 2024-25 के लिए केंद्रीय बजट में की गई घोषणा के मुताबिक है, जिसमें इन तीन कैंसररोधी दवाओं को सीमा शुल्क से छूट दी गई है। मंत्रालय ने कहा कि यह किफायती कीमतों पर दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। ज्ञापन में विनिर्माताओं को निर्देश दिया गया है कि कि वे डीलरों, राज्य औषधि नियंत्रकों और सरकार को एक मूल्य सूची या अनुपूरक मूल्य सूची जारी करें, जिसमें बदलावों का संकेत दिया जाए और मूल्य परिवर्तन के संबंध में फॉर्म-II या फॉर्म-V के माध्यम से एनपीपीए को जानकारी प्रस्तुत की जाए। केंद्र सरकार ने केंद्रीय बजट 2024-25 में कैंसर से पीड़ित लोगों के वित्तीय बोझ घटाने के लिए तीन कैंसर दवाओं पर सीमा शुल्क में छूट देने का ऐलान किया था।

## मुख्यमंत्री योगी की मौजूदगी में रामनगरी में दीपोत्सव आज

समृद्धि न्यूज

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को आठवें दीपोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 2.40 बजे अयोध्या पहुंचेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने राजकीय विमान से रामकथा पार्क में बने हेलीपैड पर उतरेंगे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रामकथा पार्क में संस्कृति विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी एवं झांकियों का अवलोकन करेंगे। वे रामकथा पार्क हेलीपैड पर भरत मिलाप कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री रामकथा पार्क में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। तत्पश्चात राम की पैड़ी सरयू तट पर सरयू आरती में शामिल होंगे। इसके बाद वहां से निकलकर राम की पैड़ी अयोध्या में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर फायर क्रैकर शो का



अवलोकन करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राम की पैड़ी से निकलकर मुख्य मंच रामकथा पार्क में अंतरराष्ट्रीय/भारतीय रामलीलाओं का मंचन देखेंगे। इसके बाद वह सरयू अतिथि गृह में रात्रि विश्राम करेंगे।

**दर्शन-पूजन करेंगे व संतों से मिलेंगे मुख्यमंत्री**

गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरयू अतिथि गृह से निकलकर हनुमानगढ़ी व श्रीराम जन्मभूमि परिसर में दर्शन पूजन करेंगे। तत्पश्चात मणिरामदास छावनी, कारसेवकपुरम में संतगणों के साथ बैठक करेंगे। तत्पश्चात वहां से निकलकर रामकथा पार्क हेलीपैड से गोरखपुर के लिए रवाना हो जायेंगे।

### प्राइमरी टीचरों का स्कूलों से गायब रहना शिक्षा के लिए अभिशाप

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश के प्राइमरी स्कूलों से टीचरों के गायब रहने को राज्य सरकार की शिक्षा व्यवस्था के लिए अभिशाप बताया है। हाईकोर्ट ने इस मामले को गम्भीरता से लेते हुए कहा कि कानून के अनुसार इस बुराई को खत्म करने के लिए उचित कदम उठाए जाने चाहिए। कोर्ट ने इस मामले में प्रदेश के प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा से हलफनामा मांगा है कि वह बताएं कि प्राइमरी स्कूलों में टीचरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने को लेकर सरकार ने पूर्व में क्या कदम उठाए हैं। हाईकोर्ट ने यह भी बताने को कहा है कि वर्तमान में स्कूलों में टीचरों की हाजिरी सुनिश्चित करने के लिए सरकार की क्या कार्य योजना है। यह आदेश जस्टिस अजय भनोट ने जिला मऊ की टीचर द्रौपदी देवी की याचिका पर पारित किया है। कोर्ट ने कहा कि प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा का हलफनामा जरूरी है ताकि टीचरों के स्कूलों से गैरहाजिर रहने का संकट समाप्त हो सके। कोर्ट इस याचिका पर आगामी 26 नवम्बर को सुनवाई करेगी। याची टीचर का वेतन उसके स्कूल में गैर हाजिर रहने के कारण रोक दिया गया था। बीएसए मऊ की तरफ से कोर्ट में उपस्थित अधिवक्ता अर्चना सिंह ने जब कोर्ट को इस बात की जानकारी दी तो कोर्ट ने स्कूलों में टीचरों की अनुपस्थिति को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए उक्त आदेश पारित किया है। ज्ञात हो कि, 8 जुलाई, 2024 को योगी सरकार ने प्राइमरी स्कूलों में शिक्षकों की बायोमेट्रिक हाज़िरी का आदेश जारी किया था।



# जिलेभर में धूमधाम से मनी सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती

▸ 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनाया गया जन्म दिवस

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

खीरी में कलेक्ट्रेट सहित जिलेभर में लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जन्म दिवस को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनाया। इस अवसर पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर रत्नाकर मिश्रा, डीएसओ अंजनी कुमार सिंह सहित अधिकारी कर्मचारी के साथ लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया।

डीएम ने अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा तथा देश की आंतरिक सुरक्षा में योगदान के लिए शपथ दिलाई। डीएम ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाए जाने के अवसर पर शपथ दिलाते हुए कहा कि मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेती हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए स्वयं को समर्पित करुँगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूँगी। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रही हूँ जिसे सरदार बल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यो द्वारा सम्भव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आन्तरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करती हूँ। डीएम ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन के संघर्षों के बारे में जानकारी दी। कहा कि उन्होंने अखंड राष्ट्र का सृजन किया। ऐसे राष्ट्रशिल्पी लौह पुरुष को शत शत नमन करते हैं। इस अवसर पर डीएसओ अंजनी कुमार सिंह, एआरओ, प्रशासनिक अधिकारी (कलेक्ट्रेट) मो. सलीम, विवेक सक्सेना, सुरेश कुमार, सुरेश वर्मा सहित कलेक्ट्रेट में स्थित सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे। इसी प्रकार पुलिस लाइन व विकास भवन में भी सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयन्ती ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के रूप में मनायी गयी। इसके अतिरिक्त जिले के अन्य सभी सरकारी/गैर सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थान, स्वयं सेवी संस्थाओं के कार्यालयों में भी सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयन्ती धूमधाम से मनायी गई। इस अवसर पर अधिकारी/कर्मचारी गण एवं विद्यालय के अध्यापकगण, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई पटेल जयंती

**बिजुआ खीरी।** ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र के पडरिया तुला में पूर्व मंत्री/विधायक डॉ.आर.ए.उस्मानी द्वारा संचालित 29 वर्षों से शिक्षा में अग्रसर के.ए.यू.के.इंटर कॉलेज में शासनादेश के आदेशानुसार भारत के प्रथम गृह मंत्री और प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में दिनांक 31 अक्टूबर के स्थान पर 29 अक्टूबर दिन मंगलवार को मनाया गया। क़ालेज़ में विभिन्न स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन कर राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर छात्र/छात्राओं को शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर कालेज़ के प्रधानाचार्य रिज़वान उस्मानी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के विषय के बताते हुए कहा क़ि आज हम जिस विशाल भारत को देखते हैं उसकी कल्पना बिना वल्लभ भाई पटेल के शायद पूरी नहीं हो पाती, सरदार वल्लभ भाई पटेल एक ऐसे इंसान थे जिन्होंने देश के छोटे-छोटे रजवाड़ों और राजघरानों को एक कर भारत में सम्मिलित किया। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की जब भी बात होती है तो सरदार पटेल का नाम सबसे पहले ध्यान में आता है। उनकी दृढ़ इच्छा शक्ति, नेतृत्व कौशल का ही कमाल था कि 600 देशी रियासतों का भारतीय संघ में विलय कर सके। प्रधानाचार्य ने छात्र/छात्राओं से कहा आप सब कड़ी मेहनत से पढ़ाई करें और आगे बढ़े देश का नाम रोशन करें, समय बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस समय को यूँ ही न गँवाइए। पढ़ लिखकर एक अच्छा इंसान बन कर अपने माता पिता का नाम ऊँचा करें। इस अवसर पर कालेज़ के समस्त स्टाफ़ सहित छात्र/छात्राएँ मौजूद रहे।



## जुआ खेलने बालों के खिलाफ पुलिस का एक्शन, सात लोग गिरफ्तार

**अमीरनगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली मोहम्मदी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार को अलग अलग गांव से जुआ खेलते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 2860 रुपये नकद और 52 अदद ताश के पत्ते बरामद किए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। अमीर नगर चौकी प्रभारी सतीश द्विवेदी ने बताया कि चौकी क्षेत्र में होने वाली आपराधिक वारदातों पर निगरानी रखने के लिए वह कांस्टेबल नीरज यादव,योगेश कुमार, अम्बरीष शुक्ला, करनवीर सिंह, बृजनाथ मौर्य,अजय कुमार,प्रत्युष कुमार के साथ क्षेत्र में गश्त कर निगरानी कर रहे थे। गश्त के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि कुछ लोग कोटनाथ गांव में ताश पत्ती से जुआ खेल रहे हैं।जिस पर टीम ने मौके पर पहुंच कर जुआ खेलते हुए सात लोगों को घेर कर दबोच लिया। आरोपियों से मौक़े पर ही जुए में दांव पर लगाए गये 2860 रुपये नकद तथा 52 अदद ताश पत्ती जब्त की गई।सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कोतवाली मोहम्मदी में मामला दर्ज कर लिया गया है।

## दीवाली की खुशियां मातम में बदली, करंट लगने से महिला की मौत

▸ घर में कोई भी व्यक्ति न होने के चलते हुई बड़ी दुर्घटना

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली भीरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पड़रिया तुला में एक महिला की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक महिला सीता मौर्य पत्नी मनीष मौर्या उम्र करीब 27 वर्ष निवासी पड़रिया तुला दीपावली त्यौहार के चलते घर की साफ सफाई कर रही थी। कमरे में कही पर बिजली का तार नंगा होने के कारण अचानक करंट लग गया। बताते है घर मे उस समय कोई भी नहीं था। घर में कोई भी व्यक्ति न होने के कारण महिला काफी देर तक तार से चिपकी रही, जिससे महिला की हालत काफी खराब हो गई ,जब पड़ोसियों ने देखा तो तत्काल लाईट काटी और महिला को लेकर बिजुआ



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। बताते है महिला का पति देहरादून में मजदूरी करता है। मृतका का एक अबोध बच्चा है। इस तरह अचानक हुई मौत ने परिजनों सहित पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है।

## धनतेरस के दिन दीपक जलाने से घर में होगा मां लक्ष्मी का वास

**संसारपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बा संसारपुर मे धनतेरस पर बाजार पूरे दिन गुलजार रहा। हर साल कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को धनतेरस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। यह दिन दिवाली से दो दिन पूर्व आता है और मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त करने के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है। धनतेरस के साथ ही दीपावली के पर्व की शुरुआत होती है, जिसमें लोग अपने घरों को दीपों से रोशन करते हैं और धन-धान्य की प्राप्ति के लिए पूजन करते हैं। दुकानों पर लोगों की भीड़ नजर आई। लोग बर्तनों के साथ कई सामानों की खरीदारी में जुटे रहे। इससे दुकानदारों के चेहरे पर रौनक छाई रही। धनतेरस के इस पर्व पर खरीदारी को शुभ माना जाता है। इस दिन पर मिट्टी के दिए मातालक्ष्मी व गणेश की मूर्ति और



खासकर बर्तनों व गहने के अलावा नई गाड़ियां और इलेक्ट्रोनिक उपकरणों की बिक्री खूब हुई।

बाजारों में लोगों की भीड़ को देखते हुए चौकी प्रभारी संसारपुर मोहित पुंडीर व पुलिसकर्मियों लगातार भीड़भाड़ वाले इलाके में भ्रमण करते रहे। अरजक तत्वों पर पुलिस की पैनीनजर रही। दुकानदारों ने अपनी दुकानों को विशेष रूप से सजाया हुआ था। ये दुकानें खरीदारों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थीं। अधिकतर महिलाएं पूजा सामग्री, दीपक, रूई,और प्रसाद के लिए लड्डू खरीदतीं दिखाई दीं। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपने घरों को सजाने की सामग्री की जमकर खरीदारी की।

## बाइक और कार में भीषण भिड़ंत, बाइकसवार गंभीर

**सिंगाही खीरी।** सिंगाही निघासन नेशनल हाईवे पर मोटरसाइकिल व अल्टो कार में आमने-सामने की जोरदार टक्कर होने दो बाइक सवार मौके पर ही गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि ऑटो में सवार ड्राइवर को भी चोटे आई हैं। मोटरसाइकिल पर सवार घायलो लोगों को एंबुलेंस का काफी इंतजार करने के बाद वैकल्पिक व्यवस्था से ई रिक्शा पर लाद कर निघासन सीएससी पहुंचाया गया सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लिया है। मंगलवार को धनतेरस के दिन सिंगाही निघासन नेशनल हाईवे पर यूपी31डीएक्स3351 निघासन से तेज गति से रोड पर दौड़ रही थी कि सिंगाही थाना क्षेत्र के ग्राम शीतलपुर मैं अपनी ससुराल में मेहमान नवाजी कर वापस जा रहे अखिलेश कुमार, व गौतम निवासी पुरैना लुधौरी थाना निघासन बिना नंबर की प्लैटिना मोटरसाइकिल से वापस अपने गांव लुधौरी जा रहे थे सिंगाही निघासन नेशनल हाईवे अयोध्या पूर्व मोड़ के पास बाइक ऑल्टो कर में जोरदार टक्कर हो गई जिससे दोनों वहीं पर उछाल कर झाड़ी में जा गिरे टक्कर इतनी जबरदस्त थी ऑल्टो भी झाड़ी में पहुंच गई बताया जाता है कि कार चालक को भी गंभीर चोटें आई हैं लेकिन ऑटो चालक मौके का फायदा उठाकर भीड़ एकत्रित होने से पहले वहां से खिसक लिया और सड़क पर हादसे में घायल हुए लोग करीब एक घंटा वही पड़े तड़पते रहे इस बीच सहायता के लिए 108 व 102 नंबर की एंबुलेंस को फोन से सूचना दी गई लेकिन घायलों को उठाने के लिए कोई एंबुलेंस नहीं पहुंची तो भीड़ ने अपने संसाधन ई-रिक्शा का इंतजाम किया और सड़क पर तड़प रहे दोनों नौजवानों को उठाकर निघासन सीएससी पहुंचा जहां उनका उपचार किया जा रहा है सिंगाही पुलिस भी मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों एक्सीडेंटल वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है।

## रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन, आकर्षक रंगोलियां देख आगंतुक हुए खुश

▸ नवयुग पब्लिक कॉन्वेंट स्कूल पतिया में आयोजित हुई स्पर्धा

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

नवयुग पब्लिक कॉन्वेंट स्कूल पतिया में दीपावली के पावन पर्व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें बच्चों ने आकर्षक रंगोलियां बनाकर आए हुए आगंतुकों का मन मोह लिया।

निघासन ब्लॉक के अंतर्गत सलीमाबाद के पतिया में चल रहे नवयुग पब्लिक कॉन्वेंट स्कूल में दीपावली पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें विद्यालय के बच्चों ने अपनी सहभागिता निभाई। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को चार ग्रुपों में विभाजित किया गया। चारों ग्रुपों के सभी बच्चों ने मनमोहक रंगोलियां बनाकर आए हुए आगंतुकों का मन मोह लिया, जिसमें निर्णायक राजकुमार गुप्ता (समिति सदस्य) ने क्रमशः विक्ट्री से आलोकिता मिश्रा प्रथम, अंश मौर्या द्वितीय, ऋषिकांत बाजपेई तृतीय, गोल्डन ग्रुप से नंदनी रस्तोगी प्रथम, सचिन कुमार द्वितीय, सत्यम चौहान तृतीय , ब्राइट ग्रुप से पल्लवी प्रथम, अर्चना चौहान, द्वितीय, मो.वसीम तृतीय, स्कॉलर ग्रुप से जानवी राज प्रथम, समीर अली द्वितीय, अनन्या कश्यप तृतीय को घोषित किया।



इस रंगोली प्रतियोगिता में विद्यालय प्रबंधक दिवाकर त्रिपाठी, प्रधानाचार्य दयानंद मिश्रा, अमन ओझा, आदित्य मिश्रा, लक्ष्मी कटियार, दीक्षा मौर्या, गोल्डी राजपूत,मुस्कान श्रीवास्तव , प्रिया ठाकुर सहित विद्यालय के समस्त बच्चे व अभिभावक गण उपस्थित रहे।

## चर्चित प्रतिबंधित पशु हत्या मामले में चार अभियुक्त और गिरफ्तार

**अमीरनगर खीरी।** कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र में हुए चर्चित गोवध हत्या मामले में वांक्षित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इससे पहले नामजद 22 अभियुक्तों में से दस अभियुक्तों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है जिसमें कोतवाली मोहम्मदी पुलिस ने सोमवार को चार और अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया वहीं आठ अभियुक्त अभी भी वांछित हैं। बताते चलें विगत दिनों में कोतवाली मोहम्मदी के कस्बा अमीरनगर के पश्चिमी मोहल्ले में गन्ने के खेत में कुछ लोगों द्वारा प्रतिबंधित पशु की हत्या कर दी गई थी। जिसमें लोगों ने मांस को स्वयं के उपयोग के लिए आपस में बांट लिया था। जिसके बाद कस्बे में गोवध की चर्चा फैल गई थी और हिन्दू संगठनों में आक्रोश फैल गया था। स्थानीय पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुखबिर की सूचना पर दस लोगों को अवैध शस्त्र, प्रतिबंधित पशु को काटने के औजार, एवं खाल व अवशेष के साथ गिरफ्तार कर लिया था। वहीं बारह लोग मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए थे। मोहम्मदी पुलिस ने अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम में वांक्षित चार अभियुक्तों साहिल, हफीज, गुफरान, वाहिद निवासी कस्बा अमीरनगर को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

## दीपावली पर सरकार का तोहफा

## उज्ज्वला लाभार्थियों को मिलेगा मुफ्त एलपीजी सिलेंडर



**लखीमपुर खीरी**

▸ लाभार्थियों को निःशुल्क सिलेण्डर का वितरण कराएं: जिलाधिकारी

दीपावली के अवसर पर पीएम उज्ज्वला योजना के सभी लाभार्थियों को निःशुल्क रसोई गैस सिलेण्डर वितरित किया जाना है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सभी संबंधित अफसर को निर्देशित करते हुए कहा कि इस सम्बन्ध में समय से सारी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली जाए। प्रत्येक दशा में दीपावली से पूर्व सभी लाभार्थियों को रसोई गैस सिलेण्डर उपलब्ध करा दिया जाए।

डीएम ने पीएम उज्ज्वला योजना के सभी लाभार्थियों में निःशुल्क एलपीजी सिलेण्डर वितरण कराने हेतु विकय प्रबन्धक (एलपीजी), आईओसी/जिला समन्वयक, पीएम उज्ज्वला योजना को निर्देशित किया कि निःशुल्क एलपीजी सिलेण्डर की उपलब्धता लाभार्थियों को सुनिश्चित कराने हेतु जनपद में तैनात एचपीसी, बीपीसी आयल कम्पनी के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए पीएम उज्ज्वला योजना के तहत दीपावली पर्व पर सभी उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों में निःशुल्क एलपीजी सिलेण्डर का वितरण नियमानुसार कराते हुए जनपद की समस्त एलपीजी गैस एजेन्सी व गोदाम पर उक्त योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें तथा उक्त कार्य की प्रगति से प्रत्येक सप्ताह डीएसओ के माध्यम से उन्हें अवगत करायेंगें।

**खाद्यान्न वितरण की रेण्डम जाँच/निरीक्षण कर वितरण पर रखें सतर्क दृष्टि:** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि खाद्यान्न वितरण के सम्बन्ध में सभी एसडीएम, डीएसओ, एआरओ, पूर्ति निरीक्षक आदि सम्बन्धित अधिकारी यह सुनिश्चित करेगें कि शासन द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का अनुपालन करते हुए क्षेत्र में रेण्डम जाँच/निरीक्षण कर खाद्यान्न वितरण पर सतर्क दृष्टि रखना सुनिश्चित करें तथा कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को नियमित रूप से अवगत कराना सुनिश्चित करें।

## खरेला पुलिस ने अवैध शस्त्र व कारतूस के साथ दो अभियुक्तों को पकड़ा

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन पर जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अवैध शस्त्र के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन से सम्बन्धित अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गोड़ के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खरेला सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया। उप निरीक्षक राजकुमार के नेतृत्व मे गठित प्रथम पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त रुप सिंह खंगार पुत्र गजराज सिंह उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम बरांय थाना खरेला जनपद महोबा, जिसके कब्जे से एक तमंचा देशी 315 बोर व एक कारतूस 315 बोर नायायज बरामद करते हुए नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में पीआरवी 1269 के कर्मचारीगण कां. चेतपाल कमाण्डर व कां. अनिल कुमार सबकमाण्डर द्वारा प्राप्त इवेन्ट की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुँचे तो देखा कि पति-पत्नी के मध्य घरेलू बातो को लेकर विवाद हो रहा था तथा पति रामफल पुत्र स्व. भूरा अहिरवार उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम सलुआ थाना खरेला जनपद महोबा अपनी पत्नी रामलली को तलवार लेकर मारने की धमकी दे रहा था । मौके पर कोई संगीन घटना कारित न कर दे इस पर पीआरवी के कर्मचारीगण उपरोक्त द्वारा रामफल पुत्र स्व0 भूरा अहिरवार उपरोक्त को हिरासत पुलिस में गया।

## इश्क और प्यार का मजा लीजिए, थोड़ा इंतजार का मजा लीजिए

▸ गायक अल्ताफ राजा सहित कई कलाकारों ने दी अपनी प्रस्तुतियां

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

दशहरा मेला में आमंत्रित कलाकारों द्वारा संगीत सम्मेलन का आयोजन किया गया।इसमें फिल्मी गायक अल्ताफ राजा,गायिका दीक्षा अग्निहोत्री,सूचीता पांडे समेत कई कलाकार मौजूद रहे। फिल्मी गायक अल्ताफ राजा की गायकी में लोग रातभर झूमे।उन्होंने इश्क और प्यार का मजा लीजिए,आवारा हवा का झोंका हूं जैसे कई गीत पेश किए।उनके गीतों पर लोग रातभर झूमे और तालियां बजाई।इस मौके पर कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य



अतिथि रमेश कुमार तिवारी क्षेत्राधिकारी सदर, विशिष्ठ अविथि कुंवर अभिषेक सिंह सोमू जिला उपाध्यक्ष भाजपा,इंद्रेश गुप्ता सचिव सनातन सेवा समिति अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार,मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथियों एवं अन्य गणमान्य लोगों द्वारा दीप प्रज्वलन किया।सम्मानित सदस्य निधी मिश्रा, सुमित तिवारी, कृष्ण मुरारी श्रीवास्तव, रमेश श्रीवास्तव, पंकज वर्मा, अनुज मिश्रा, रामकृष्ण पुरी गांधी, आनन्द पटेल, राजू अग्रवाल, सजल, सोभित, अमित श्रीवास्तव, हरिओम बाजपेयी, रघुवीर मित्तल, राजीव रतन खरे,अंशुमान श्रीवास्तव,भगवती अग्रवाल, संदीप मिश्रा, रामजी वर्मा, संजय गुप्ता सम्मानित क्षात्र तेजस्वी नारायण शर्मा,आद्या सचदेवा, सचिन कुमार वर्मा, अंजली मौर्या, विनायक कंछल, ऋषी बंसल।आमंत्रित कलाकारों द्वारा संगीत सम्मेलन,सुचिता पाण्डेय एंड बैंड लखनऊ - गायिका सुचिता पाण्डेय,प्रथम प्रस्तुति में कौन कहता हैं भगवान आते नहीं, अल्ताफ रज़ा नाईट, गायक अल्ताफ़ रज़ा,मंच संचालन राममोहन गुप्ता, संयोजन सतीश द्वारा किया गया।

## मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत मतदाता पंजीकरण अभियान की शुरुआत

▸ जानें-कैसे बनें नए वोटर
▸ डीएम ने किया वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए युवाओं का आह्वान
▸ 09, 10, 23, 24 नवंबर को चलेगा विशेष अभियान

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



जिले में मंगलवार से मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत मतदाता पंजीकरण अभियान की शुरुआत हुई। इस दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने शहर के भगवानदीन आर्यकन्या महाविद्यालय में अभियान का शुभारंभ करते हुए मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए युवाओं का आह्वान किया। एक जनवरी 2025 को जिनकी उम्र 18 वर्ष की हो जाएगी उन्हें मतदाता बनाने के लिए अभियान में विशेष फोकस किया जाएगा। इस दौरान 09, 10, 23, 24 नवंबर को विशेष अभियान चलेगा। सभी पोलिंग बूथ पर मतदाताओं के नाम जोड़ने, संशोधन व हटाने के लिए विशेष कैंप लगेंगे।

शहर के महिला महाविद्यालय के मतदान केंद्र पर मंगलवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने पहुंचकर दीप प्रज्ज्वलित कर निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर डीएम का स्वागत किया। डीएम ने कॉलेज की 18 वर्ष की उम्र पूर्ण कर चुकी 11 बालिकाओं से उनका फॉर्म 6 भरा हुआ आवेदन पत्र प्राप्त किया। एक छात्रा से ऑनलाइन फॉर्म 6 भरवा कर नाम बढ़ाने के लिए आवेदन किया गया। डीएम ने कहा कि 29 अक्टूबर से 28 नवंबर तक पूरे जिले में मतदाताओं के नाम जोड़ने व काटने के लिए अभियान चलाया जाएगा। एक जनवरी 2025 को 18 वर्ष की उम्र पूरी कर रहे युवाओं को मतदाता बनाने के लिए विशेष फोकस रहेगा। युवा ऑनलाइन माध्यम से या फिर ऑफलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन कर दिया गया है। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन व नाम कटवाने के लिए दावे और आपत्तियां 29 अक्टूबर से 28 नवंबर तक ली जाएंगी। प्राप्त दावे और आपत्तियों का निस्तारण करते हुए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को किया जायेगा। उन्होने सभी युवाओं से वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करने व ऑनलाइन पंजीकरण कराने पर जोर दिया।

### डीएम ने की 'मैं हूं न!' के अंतर्गत 'क्यूआर कोड' फार वोटर हेल्पलाइन ऐप पोस्टर की लांचिग

**क्यूआर कोड से वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड करके आवेदन कर बने वोटर**

कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह, प्राचार्य, प्रोफेसर गीता शुक्ला, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, तौसीफ अहमद के संग आनलाइन आवेदन के लिए क्यूआर कोड फार वोटर हेल्पलाइन ऐप की जिले में लांचिग करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने आनलाइन आवेदन के लिए क्यूआर कोड फ्फार वोटर हेल्पलाइन ऐपफ्र भी प्रदान की है। इसके जरिए अब मतदाता सूची में पंजीकरण, संशोधन व नाम चेक कर सकते हैं। इससे वोटरों को बूथों पर जाने की झंझट से छुटकारा मिलेगा। वह ऐप के जरिए स्कैन कर घर बैठे ही वोटर बनकर लोकतंत्र के उत्सव में भागीदारी दर्ज करा सकते हैं।

## मानक निर्माण संग अनुपालन भी हो सुनिश्चितः सुधीर बिश्नोई



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार को होटल सावी ग्रांड विभूति खंड गोमती नगर में आयोजित भारतीय मानक ब्यूरो की प्रेस वार्ता आयोजित की गयी। इस अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा संचालित बीआईएस प्रमाणीकरण योजना के बारे में वरिष्ठ निदेशक एवं प्रमुख सुधीर बिश्नोई ने इस बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होनें बताया कि राष्ट्रीय निकाय होने के कारण भारतीय मानक ब्यूरो की नैतिक जिम्मेदारी है कि मानकों के निर्माण के साथ-साथ उनका अनुपालन भी सुनिश्चित करें।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर उत्तर रेलवे ने किया रन फॉर यूनिटी का आयोजन



**नई दिल्ली,लखनऊ समृद्धि न्यूज।**

आज, उत्तर रेलवे ने भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाने के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया। इस अवसर पर, उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली में उत्तर रेलवे मुख्यालय कार्यालय और दिल्ली मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों को एकता शपथ दिलाई। सुखविंदर सिंह मंडल रेल प्रबंधक, दिल्ली मंडल और दिल्ली मंडल के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे।रेलवे सुरक्षा बल टीम द्वारा मार्च पास्ट का भी आयोजन किया गया। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा द्वारा रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया 7 जिसमें उत्तर रेलवे और दिल्ली मंडल के लगभग 200 अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्टेट एंट्री रोड, कनॉट प्लेस इनर सर्कल और फिर वापसी में दौड़कर उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# धनतेरस पर लाइट हाउस प्रोजेक्ट के 33 लाभार्थियों को मिला घर



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

दीपावली का पर्व प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के लाभार्थियों के लिए यादगार बन गया है। राजधानी लखनऊ की अवध विहार योजना में पीएमएवाई-यू के अंतर्गत बने लाइट हाउस प्रोजेक्ट के 33 से अधिक लाभार्थियों को समस्त अभिलेखों की पूर्ति के पश्चात आज दिनांक 29 अक्टूबर 2024 को उनके आवास का कब्जा मिल गया। दिवाली के दीए रोशन होने से पहले ही लाभार्थियों के चेहरे खुशी से दमक उठे। आपको बता दें कि लाइट हाउस प्रोजेक्ट यानी एलएचपी के लाभार्थियों की रजिस्ट्री का कार्य 22 अक्टूबर 2024 से प्रारंभ हो चुका है। अभी तक सौ से अधिक रजिस्ट्री हो चुकी हैं व अन्य अभिलेखीय कार्य पूर्ण होने के साथ ही लाभार्थियों को उनके आवासों का कब्जा भी दिया जा रहा है। इसी क्रम में आज धनतेरसर के पावन अवसर 33 से अधिक लोगों को उनके सपनों के घर में प्रवेश मिल गया।

योजना की लाभार्थी सुश्री पारुल कहतीं हैं कि आज मेरा सपना पूरा हो गया। दीपावली के पहले मुझे ऐसा उपहार मिला है जिसे मैं इस जिंदगी में नहीं भूल सकती। मैं अपनी इस खास दीपावली का दीया अपने घर में रोशन करुंगी। सपनों के पूरा होने की जो खुशी होती है उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। इसी प्रकार योजना से आच्छादित श्री राहुल राय, जो दिव्यांग हैं, कहते हैं कि आज मुझे सिर्फ घर ही नहीं मिला है बल्कि मैंने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के सहयोग से अपने जीवन की एक बहुत बड़ी चुनौती पर विजय प्राप्त कर ली है।

## आशीष दीक्षित, सिद्धि शर्मा ने दिवाली पर साझा की अपनी पुरानी यादें

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जैसे-जैसे दिवाली नजदीक आ रही है हर घर की रौनक बढ़ती जा रही है, सन नियो के कलाकार आशीष दीक्षित, सिद्धि शर्मा और स्तुति विंकले अपनी पसंदीदा दिवाली परंपराओं की एक झलक पेश कर रहे हैं! रंग-बिरंगी सजावट से लेकर, खास मिष्ठान बनाने तक हर एक कलाकार अपने अंदाज में इस त्योहार को खास बना रहा है।



सन नियो के शो छठी मैया की बिटिया में कार्तिक का मुख्य किरदार निभा रहे आशीष दीक्षित ने कहा, दिवाली की मेरी बहुत सारी बचपन की यादें है और वह मेरे लिए बेहद खास हैं! मुझे याद है, मेरे पिता जी मुझे पटाखे खरीदने के लिए कुछ पैसे देते थे और उस समय थोड़े से पैसों में भी मैं ढेर सारे पटाखे खरीद पाता था! मेरी माँ अपने हाथों से बिस्कुट और कुकीज़ बनाती थीं, जिन्हें हम बेकरी में पकाने ले जाते थे। सन नियो के शो इश्क़ जबरिया में गुल्की का किरदार निभा रही अभिनेत्री सिद्धि शर्मा ने कहा, दिवाली मेरे लिए हमेशा से ही एक बेहद खास और रोमांचक त्यौहार रहा है। शो साझा सिंदूर में फूली का किरदार निभा रही अभिनेत्री स्तुति विंकले ने साझा किया, दिवाली का त्योहार हर साल मेरे लिए कुछ खास लेकर आता है। दीयों की रौशनी, रंग-बिरंगी लालटेन और घर को सजाने की हर छोटी-छोटी चीजों की खरीदारी का तो अलग ही मज़ा है। लेकिन सबसे खास बात है रंगोली बनाना। छठी मैया की बिटिया एक अनाथ लड़की वैष्णवी (बृंदा दहल द्वारा अभिनीत किरदार) की दिल को छू लेने वाली कहानी है, जो छठी मैया (स्नेहा वाघ द्वारा अभिनीत किरदार) को अपनी मां के रूप में अपनाती है। वहीं, इश्क़ जबरिया में गुल्की (सिद्धि शर्मा द्वारा अभिनीत किरदार) के सपनों को पाने के संघर्ष की कहानी देखने को मिलती है, जहां वो हर हाल में अपनी मंजिल हासिल करने का जुनून रखती है।

सभी क्षेत्रवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
अनिल कुमार उर्फ पताली
प्रोपराइटर
प्रधान संघ अध्यक्ष पताली
इलेक्ट्रिक एंड इलेक्ट्रॉनिक शॉप
पता-मेन मार्केट
जरवल रोड, बहराइच




सभी क्षेत्रवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
रंजीत कुमार वर्मा
समाजसेवी
ग्राम पंचायत नत्थनपुर विकास खंड कैसरगंज
बहराइच

सभी क्षेत्रवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
जगन्नाथ सिंह
प्रधान बीबीपुर
प्रधान संघ अध्यक्ष
विकासखंड
जरवल बहराइच

सभी क्षेत्रवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
रामनिवास वर्मा
विधायक नानपारा
नेता विधानमंडल अपनादल एस

आप सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
"पराग है सेहत की धारा"
" सदैव पराग पाश्चुराईज्ड दूध प्रयोग करें "
विभिन्न बीमारियों से बचें।
दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, अयोध्या परिवार के तरफ से
समस्त दुग्ध उत्पादकों तथा पराग उपभोक्ताओं को
'स्वतंत्रता दिवस-2024'
के
शुभ अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं
एवं
दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, अयोध्या
में
नवनिर्मित 50 हजार लीटर क्षमता के अत्याधुनिक नवीन ग्रीन फील्ड डेरी प्लान्ट में निर्मित
उच्च गुणवत्तायुक्त पराग उत्पाद का प्रयोग करें।
पराग उत्पाद
दूध, घी, मक्खन, पनीर, मट्ठा, मीठी दही, सादी दही, पेड़ा, बेसन लड्डू, सोनपपड़ी, गुलाब जामुन, रसगुल्ला, फ्लेवर्ड मिल्क, छेना खीर, मिल्क केक, कलाकन्द आदि
"पराग दूध है जहाँ, स्वस्थ जीवन है वहाँ।
पराग दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थ प्राकृतिक है।
पराग दूध अपनाऐं - सुखी जीवन बिताऐं।"
आशीष कुमार श्रीवास्तव
सामान्य प्रबन्धक
आनन्द कुमार सिंह 'मोनी'
अध्यक्ष
अयोध्या दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, अयोध्या

आप सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
महेंद्र कुमार पांडेय
जिला उपाध्यक्ष
भारतीय जनता युवा मोर्चा
बलरामपुर

समस्त जनपद वासियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा व भाई दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. एच. एम. विश्वकर्मा
बी ए एम एस
श्वास, चर्म, डायबिटीज (शुगर), ब्लडप्रेशर, उदर रोग विशेषज्ञ
पता - कोच बस स्टैंड, उरई, फोन - 9415194751

आप सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
राधेश्याम वर्मा
चेयरमैन
आर एस वी हॉस्पिटल उतरौला बलरामपुर

आप सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज कुमार तिवारी
ब्लॉक प्रमुख
पँचपेड़वा, बलरामपुर

आप सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
पंकज सिंह चौहान
ब्लॉक प्रमुख
रेहरा बाजार, बलरामपुर

आप सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
किशोर यादव
प्रोपराइटर
शिव ब्रिक फील्ड चहटवा गुमडी बलरामपुर

आप सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
हेमन्त कुमार जायसवाल
ब्लॉक प्रमुख
श्रीदत्तगंज बलरामपुर

सभी प्रदेशवासियों को प्रकाश के पर्व
दीपावली
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
राम प्रताप वर्मा
विधायक
उतरौला बलरामपुर

# पुनरीक्षण कार्यक्रम का डीएम ने किया शुभारंभ

समृद्धि न्यूज



▸ सभागार में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं एवं अन्य लोगों को निर्वाचक नामावलियों के संबंध में डीएम ने दी जानकारी

**गोण्डा ।** लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा के ललिता सभागार में निर्वाचक नियमावलियों के पुनरीक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने की। कार्यक्रम के दौरान ललिता सभागार में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं व अन्य लोगों को निर्वाचक नियमावलियों के पुनरीक्षण के संबंध में जिलाधिकारी ने दी विस्तृत जानकारी।

वहीं आपको बता दें कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 01 जनवरी, 2025 की अर्हता के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम नियत किया गया है, जिसमें 29.10.2024 से 28.11.2024 तक जनसामान्य से दावे/आपत्तियां प्राप्त की जायेगीं। पुनरीक्षण की इसी अवधि के मध्य जनसामान्य की सुविधा के दृष्टिगत 04 विशेष अभियान की तिथियां 09.11.2024 (शनिवार), 10.11.2024 (रविवार), 23.11.2024 (शनिवार) तथा 24.11.2024 (रविवार) निर्धारित की गयी है, जिसमें जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर नियुक्त समस्त बूथ लेविल अधिकारियों द्वारा प्रातः 10.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक अपने से सम्बन्धित मतदेय स्थलों पर अनवरत उपस्थित रहकर प्ररूप-6, 7 व 8 में आवेदन स्वीकार किये जायेगें। जनपद में सामान्य रूप से निवासित ऐसे पात्र व्यक्ति जिसकी आयु अर्हता तिथि 01 अप्रैल, 2025, 01 जुलाई, 2025 या 01 अक्टूबर 2025 में से किसी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे है, तथा जिनकी आयु अर्हता तिथि 01.01.2025 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही हो वह अपना नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज करने हेतु प्ररूप-6 में दावा प्रस्तुत कर सकते है, इसी प्रकार 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के व्यक्तियों के नाम यदि किन्हीं कारण से निर्वाचक नामावली में दर्ज न हो तो वह भी प्ररूप 6 भरकर जमा कर सकते है। निर्वाचक नामावली में विद्यमान किसी प्रविष्टि के आक्षेप के लिए प्ररूप-7, किसी प्रविष्टि में संशोधन या उसी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में अन्यत्र स्थान परिवर्तन हेतु प्ररूप-8 में अपना दावा, अपने से सम्बन्धित बीएलओ को प्रस्तुत कर सकते है। जनपद के प्रबुद्ध नागरिकों तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाये जा रहे इस विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करते हुए इस राष्ट्रीय कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें। कार्यक्रम के दौरान अपर जिला अधिकारी आलोक कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जगजीत वर्मा, प्रोफेसर रवींद्र कुमार पांडेय, लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा,, उप जिलाधिकारी गोंडा सदर अवनीश त्रिपाठी सहित सभी संबंधित आधिकारिक उपस्थित रहे।

## एकता दिवस के रूप में मनाई गई सरदार पटेल जयंती

**बाराबंकी।** जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग कार्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में सरदार पटेल की जयंती हर्षोल्लास से मनायी गयी। इस वर्ष दीपावली के त्यौहार के कारण शासन के निर्देश के क्रम में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती को 31 अक्टूबर के स्थान पर 29 अक्टूबर को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला सूचना अधिकारी आरती वर्मा सहित कार्यालय के स्टॉफ द्वारा सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज देशभर में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को हम सभी राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मना रहे है।

## रुपए लेकर जमीन का बैनामा न करना पड़ा महंगा, मुकदमा दर्ज

समृद्धि न्यूज

**गोंडा ।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश व ग्राम प्रधान क़ी तहरीर पर पुलिस ने एक व्यक्ति के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। प्रकरण जनपद गोंडा के कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम दिनारी का है। यहां के ग्राम प्रधान जहीर खां क़ी तहरीर पर पुलिस ने उसी गांव के निवासी साजिद खां के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

तहरीर में कहा गया है की 25 वर्ष पूर्व साजिद उनके घर आये और आवश्यक कार्य बताकर अपनी भूमि बेंचने को कहने लगे। जिस पर 75.80 वर्ग मीटर भूमि 3,79,000 रुपये में तय हुई। आरोप है की उसने गांव वालों के समक्ष 60,000 रुपये बतौर एडवांस साजिद को दे दिया। उसके बाद कई किस्तों में सम्पूर्ण धनराशि साजिद ने प्राप्त कर लिया,फिर भी वह बहानेबाजी करके भूमि का बैनामा करने से बचते रहे। बीते 27 सितंबर 2024 क़ी सुबह वह साजिद के घर पहुंचे और बैनामा करने को कहने लगे। साथ ही कहा की यदि जमीन नहीं देना चाहते हो तो रुपये वापस कर दो। जिस पर साजिद ने भूमि का बैनामा करने से मना कर दिया और गाली देते हुए धमकी दिया की यदि भूमि व रुपये के संबंध में बात किया तो जान से मार दूंगा। प्रधान का आरोप है की उन्होंने कोतवाली में तहरीर दिया,लेकिन पुलिस मुकदमा नहीं लिखा। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक ने बताया की मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### भाजपा ने आयोजित किया रन फॉर यूनिटी का कार्यक्रम



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे की अध्यक्षता में रन फॉर यूनिटी का कार्यक्रम सरदार वल्लभ भाई पटेल के जयंती के 1 दिन पूर्व मनाया गया। यह कार्यक्रम 2014 से निरंतर मनाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को पानी टंकी चौराहा पर भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं का एकत्रित करण करके एक मैराथन दौड़ शहीद उद्यान तक की गई। सरदार वल्लभभाई पटेल के प्रतिमा व सभी महापुरुषों के प्रतिमा पर माल्यार्पण का कार्यक्रम संपन्न करके कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे, जिला उपाध्यक्ष रण विजय सिंह जिला महामंत्री नन्हेंलाल लोधी, मनीष आर्य जिला मंत्री हेमा निगम, राजन सिंह जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र कुमार मिश्रा, अरुणेन्द्र सिंह अंकित, नितिन रूपानी, कृष्ण कुमार मिश्रा नगर मंडल अध्यक्ष प्रथम अमित शर्मा, सतीश सिंह ,प्रभात शुक्ला, पंकज कैवट ,शिवांकर शुक्ला आशीष विवेदी, अमित वर्मा अजीत पांडे, आलोक सिंह, अयोध्या प्रसाद अवस्थी, रवि प्रताप सिंह, मिथुन वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने इस कार्यक्रम में सहभागिता की।

### बाबा सुंदर सिंह बधिर विद्यालय के छात्रों ने डीएम को दी दीपावली की बधाई

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** बाबा सुन्दर सिंह बधिर विद्यालय के दिव्यांग बच्चों कक्षा 10 के प्रान्शु गुप्ता, कक्षा 1 की आयुषी मिश्रा, एलकेजी की अर्चना चौहान व विक्की तथा नर्सरी की जैसिनी ने विद्यालय की प्रबन्धक डॉ. बलमीत कौर व विशेष शिक्षिका सोनी के साथ कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी मोनिका रानी से भेंट कर उन्हें विद्यालय के दिव्यांग छात्रों द्वारा दीपावली के लिए तैयार किया गया शुभकामना स्मृति चिन्ह भेंट कर बधाई दी। डीएम मोनिका रानी ने पूरी आत्मीयता के साथ दिव्यांग छात्रों से भेंट कर उन्हें मिठाई खिलाते हुए वादा किया कि वे शीघ्र ही विद्यालय आकर बच्चों से भेंट करेंगी। इस अवसर पर प्रबन्धक ने बताया कि सरदार अजीत सिंह द्वारा 1992 में स्थापित किया गया बाबा सुन्दर सिंह बधिर विद्यालय लगभग 32 वर्षों से दिव्यांग बच्चों के लिए कार्य कर रहा है। विद्यालय में श्रवण बाधित, ऑटिज्म व डाउन सिन्ड्रोम इत्यादि से प्रभावित बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। विद्यालय में कॉकलियर इम्प्लान्ट तथा ऑटिज्म से प्रभावित बच्चों के लिए विशेष कक्षाएं भी संचालित की जा रही हैं।

### अवैध विज्ञापन पर नगर पालिका ने तीन प्रतिष्ठानों पर ठोका जुर्माना



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** नगर पालिका परिषद, गोण्डा ने शहर में अवैध विज्ञापन के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए तीन प्रतिष्ठानों पर जुर्माना अधिरोपित किया है। नगर क्षेत्र में बिजली के खंभों पर बिना अनुमति के विज्ञापन बोर्ड लगाने पर इन प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किया गया है। पालिका द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, किरण हॉस्पिटल ने 50 बिजली के खंभों पर अवैध बोर्ड लगाए थे, जिसके लिए उन्हें 6000 रुपये का शमन शुल्क देना होगा। इसी तरह बर्गर सिंह, मालवीय नगर ने 30 खंभों पर बोर्ड लगाए, जिसके लिए उन पर 1800 रुपये का शमन शुल्क लगाया गया है। वहीं, आयुष्मान बेबी क्लिनिक के डॉ. रवि एस त्रिपाठी द्वारा 60 खंभों पर बोर्ड लगाए गए थे, जिसके लिए उन्हें 7200 रुपये का शमन शुल्क जमा करना होगा। नोटिस में तीनों इन प्रतिष्ठानों को शमन शुल्क तीन दिन के भीतर जमा करना होगा। निर्धारित अवधि में शुल्क न जमा करने की स्थिति में संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ सुसंगत प्रावधानों के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसके लिए वे स्वयं उत्तरदायी होंगे। नगर पालिका परिषद ने साफ कर दिया है कि शहरी क्षेत्र में बिना अनुमति के विज्ञापन करना नियमों के विरुद्ध है और भविष्य में भी इस तरह के मामलों में सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## दिशा की समीक्षा बैठक में सांसद ने अफसरों को दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज



**बाराबंकी।** सांसद तनुज पुनिया की अध्यक्षता में मंगलवार को गाँधी सभागार डीआरडीए बाराबंकी में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों के अद्यतन प्रगति के विषय में अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया। तथा अधूरे शेष कार्यों को समय सीमा में पूरे करने के निर्देश दिए गए। धान खरीद को 01 नवम्बर से शुरू कराने और आयुष्मान कार्डों के सम्बंध में आने वाली समस्याओं पर विशेष चर्चा हुई।

बैठक शुरू करने से पूर्व जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार और मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन ने जनप्रतिनिधियों को बुके देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद विभागवार एक एक बिंदु पर चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई। सर्वप्रथम जिला विकास अभिकरण द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रगति से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। तथा शेष अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा करने की बात कही गयी। इसके बाद परियोजना निदेशक एवं जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि केंद्र सरकार द्वारा आवास प्लस सर्वे 2024 की प्रक्रिया प्रारंभ है जिसमें समस्त पात्र लाभार्थियों को सम्मिलित कर लिया जाएगा। जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जितने आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे उनका सत्यापन करवा कर व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु धनराशि जारी की जा रही है। अधिशाषी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाने में जो सड़कें क्षतिग्रस्त हुई है उनकी मरम्मत कराई जा रही है। और जल जीवन मिशन का कार्य प्रगति पर है। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि आगामी गर्मी का सीजन आने से पूर्व ही बिजली के ट्रांसफार्मर की ओवरलोड की समस्या, जर्जर तारों की समस्या का शीघ्रता के साथ निस्तारण कर लिया जाए। जहाँ जहाँ सड़कें खराब है उनकी मरम्मत/डामरीकरण का कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए गए। मनरेगा के कार्यों के भुगतान पर भी चर्चा की गई जिसमें बताया गया कि मजदूरों का भुगतान निर्धारित समय सीमा के अंदर कर दिया जा रहा है। इसके अलावा दिव्यांग बच्चों को समय पर उन्हें उपकरण प्रदान करने के निर्देश दिए गए। सरकार द्वारा वितरित किये जाने वाले गेंहू, सरसों और चने के बीजों का समय से किसानों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गए।

## कैनवास के विद्यार्थियों ने उकेरी आकर्षक रंगोली

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** जिले भर में मंगलवार को धनतेरस पर्व पर स्कूल और कॉलेजों में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने कैनवास पर दीपावली पर्व से जुड़े विभिन्न आकर्षक रंगोली बनाए। अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सदर प्रतिमा सिंह के ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती सम्मुख आस्था के दीप जलाते ही दीपोत्सव की परंपरा जीवंत हुई। साथ ही सुख, समृद्धि की शुभकानाओं संग की और विद्यार्थियों को घातक पटाखों के प्रयोग न करने का शपथ दिलाई।

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सुधा टेकड़ीवाल के आवाह्न पर शहर के मोहल्ला रणजीत सिंह शिक्षण संस्थान में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नर्सरी से लेकर कक्षा 10 तक विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। ईओ प्रमिता सिंह ने कहा कि दीपोत्सव पर्व मन के अंदर छिपी आसुरी शक्तियों को दूर करने और लोगों के प्रति आस्था के दीप जलाने का संदेश देता है। छोटे-छोटे-बच्चों की ओर से बनाई गई रंगोली न केवल आकर्षण का केंद्र रही बल्कि रंगोली का हर रंग अलबेला दिखा, जो विद्यार्थियों के समर्पण, संस्कार व अनुशासन का सीख देता दिखा। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले 75 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। चेयरमैन सुधा टेकड़ीवाल ने कहा कि धनतेरस जैसे पावन पर्व पर बच्चों को उपहार भेंट करना एक अलग तरह के सुख की अनुभूति करता है। सफाई निरीक्षक सुरेश गोविंद मिश्र, फहीम अहमद, अशोक कुमार सिंह, डॉ कौशल कुमार मिश्र, सफाई नायक राम प्रकाश, दुर्गेश शुक्ला, एसके शर्मा, अवधेश मिश्र, एलआर मौर्य, सुरेश चंद्र, सावित्री सिंह, बबिता तिवारी, श्वेता सिंह, ज्योत कश्यप, दीक्षा शर्मा, मिथिलेश कुमारी, अराधना मिश्रा मौजूद रहे।

## डीएम ने कार्यक्रम में लोगों को दिलाया एकता दिवस का संकल्प

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** राष्ट्रीय एकता दिवस स्वतंत्र भारत के वास्तुकार लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती के अवसर पर जनपद में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अंजली यादव व अन्य अधिकारियों तथा कर्मियों के साथ सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रृद्धासुमन अर्पित किये। डीएम मोनिका रानी ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को राष्ट्रीय एकता दिवस का संकल्प दिलाया कि ''मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाएं रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह सन्देश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार बल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प लेता हूं। इस अवसर पर डीएम मोनिका रानी ने कहा कि राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा के लिए सरदार बल्लभ भाई पटेल द्वारा दिये गये योगदान के लिए देश उन्हें सदैव याद करता रहेगा।

## पहाड़ापुर बाजार में समस्याओं का अंबार, सफाई-व्यवस्था बदहाल

▸ अभी तक नहीं लगीं सोलर व स्ट्रीट लाइटें सीसी कैमरे भी नहीं

समृद्धि न्यूज



**कर्नलगंज/गोण्डा।** तहसील के विकास खंड हलधरमऊ अन्तर्गत पहाड़ापुर बाजार में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। यहां ना तो सोलर व स्ट्रीट लाइट लगी हुई है और न ही सीसी कैमरा। रात में सुरक्षा व्यवस्था भगवान के भरोसे रहती है। पार्किंग की व्यवस्था न होने व अतिक्रमण के कारण लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सफाई व्यवस्था बदहाल होने के साथ ही सार्वजनिक शौचालय व पेयजल के भी इंतजाम नही हैं।

बेसहारा पशुओं के सड़क पर आने से लोग दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। खुली नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बहता है। फायर हाइटेंट की भी व्यवस्था नही है। जर्जर बिजली के तार व खंभे दुर्घटना को दावत दे रहे हैं। पहाड़ापुर बाजार में चौराहे के पास फुटपाथ पर एक तरफ आटो, बाइकें खड़ी रहती हैं। दूसरी तरफ ई-रिक्शा, ठेला लगने के कारण राहगीरों को आवागमन में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। व्यवसायी राकेश वैश्य ने बताया कि बाजार में समस्याओं का अंबार है,नालियां पटी हुई हैं। अशोक ने कहा कि दुकान के सामने पटरी दुकानदार पूरी तरफ से कब्जा किए हुए हैं। राधेश्याम ने कहा कि बिजली के तार जर्जर होकर लटक रहे हैं। जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है। नजीर अहमद ने कहा कि कभी भी सफाई कर्मी को काम करते नहीं देखा, बाजार में चारों तरफ गंदगी है। राहुल तिवारी ने कहा कि गो-आश्रय केंद्र होने के बावजूद गाय व बैल सड़कों पर घूमते रहते हैं,जिससे दुर्घटना की आशंका बन रहती है। खरीददारी करने आए जव्वाद अहमद ने कहा कि बाजार में सुरक्षा नही है। भीड़ होने पर चोर साइकिल व बाइक उठा ले जाते हैं। धनंजय त्रिपाठी, ग्राहक व समाजसेवी का कहना है कि रात में अंधेरा रहता है और पुलिस गश्त भी शिथिल रहती है। फुटपाथ पर अतिक्रमण दुर्घटना का कारण बनता है। सूर्यप्रकाश गोस्वामी, ग्राहक व गणमान्य नागरिक का कहना है कि बाजार में सफाई व्यवस्था बदहाल है, जिससे गंदगी फैलने के साथ ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। सिपाहीलाल, दुकानदार का कहना है कि बाजार में ग्राहकों के लिए शौचालय, पेयजल व बैठने के लिए कोई इंतजाम नहीं है। वहीं क्षेत्र के युवा समाजसेवी अजय श्रीवास्तव ने बताया कि बाजार में एक भी स्ट्रीट लाइट नहीं लगी है। शाम होते ही बाजार में अंधेरा छा जाता है, जिससे चोर उचक्के सक्रिय रहते हैं। लोगों का सुझाव है कि बाजार में शौचालय का निर्माण हो। सड़क की पटरियों पर लगने वाले ठेलों को हटाकर किसी स्थान पर लगवाया जाय। बाजार में वाटर कूलर लगवाने के साथ ही दुकानों के सामने डस्टबिन रखवाई जाय। बाजार से अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाया जाय। पुलिस की गश्त बढ़ाने के साथ ही सब्जी मंडी को बाग में शिफ्ट किया जाए। एसडीएम कर्नलगंज भारत भार्गव का कहना है कि पहाड़ापुर बाजार में अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा। समस्याओं का समाधान कराने के लिए संबंधित विभाग को पत्र भेजा जायेगा।

## धनतेरस पर हुई जमकर खरीददारी

**जैदपुर बाराबंकी।** धनतेरस के मौके पर कस्बे सहित अन्य स्थानों पर बर्तनों व मूर्तियों की अनेक दुकाने सजी रही। वही खरीददारी को लेकर कस्बे में चहल पहल दिखी, लोग जमकर कर रहे है। खरीददारी साथ लोगो को दीपावली का उपहार भी दुकानदारो द्वारा दिया जा रहा है।त्योहारो के नजदीक आते ही बाजार में चहल-पहल बढ़ गई।जहां एक तरफ हाजी गुड्डू व जमील सहित तमाम बर्तनो की दुकानो को सजा दिया गया है। जहां हाजी गुड्डू की दुकान पर लोगों की भीड़ लगी रही जहां पर्व को लेकर लोगों को उपहार भी दिये जा रहे है। वहीं, बर्तन मिट्टी के बर्तन और मूर्तियां, रंग बिरंगी लाइटिंग और झालर, रंगोली, लक्ष्मी गणेश की मूर्तियों सहित लाईट व सजावट का सामान बेचने वाले फुरकान, बब्लू आदि ने बताया इस बार सामान थोड़ा महंगा मिला।

## जमीनी विवाद में युवक की धारदार हथियार से हत्या, एक गंभीर

समृद्धि न्यूज



**कर्नलगंज/गोण्डा।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम खजुरिया में मंगलवार की सुबह जमीनी विवाद को लेकर कुछ लोगों ने दो युवकों पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें एक की मौत हो गई,वहीं दूसरे का इलाज चल रहा है। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए इलाज के लिये राजकीय मेडिकल कालेज गोंडा रेफर कर दिया गया है। घटना के बाद गांव में तनाव व्याप्त है।

घटना कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत खजुरिया के मजरा निधानपुरवा से जुड़ी है। यहां के निवासी रूप नारायन अवस्थी और ब्रह्मादीन कुरील के बीच जमीन का विवाद चल रहा है। मंगलवार की सुबह इसी विवादित जमीन को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए।

दोनों पक्षों में लाठी डंडे व धारदार हथियार चलने लगे। इसी बीच ब्रह्मादीन के पक्ष ने रूप नरायन के पक्ष के दो युवकों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। दोनों पर चाकू से ताबड़तोड़ कई वार किए गए। इस हमले में मंशाराम अवस्थी (26) पुत्र नंदलाल अवस्थी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि रूप नरायन का पुत्र बब्लू अवस्थी (28) गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने घायल बब्लू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां मौजूद डॉक्टर इमरान मोईद ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिले के राजकीय मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सीएचसी कर्नलगंज पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना की जानकारी मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय और क्षेत्रधिकारी उमेश्वर प्रभात सिंह ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से पूरी जानकारी ली और उन्हें न्याय का भरोसा दिलाया। वहीं मिली जानकारी के मुताबिक घटना में घायल बब्लू अवस्थी 28 वर्ष को गोण्डा से नाजुक हालत में लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया है। मौके पर भारी फोर्स तैनात है। क्षेत्राधिकारी डॉक्टर उमेश्वर प्रभात सिंह ने बताया कि मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## आयुक्त ने कर्मचारियों को दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ

▸ सभी लोग सुरक्षा, एकता व अखंडता को बनाएं मजबूत

समृद्धि न्यूज



**गोण्डा।** भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती (31 अक्टूबर) के उपलक्ष्य में एक भारत-श्रेष्ठ भारत के लिये आयुक्त देवीपाटन मण्डल ने मण्डलायुक्त सभागार कक्ष में अपर आयुक्त व संयुक्त आयुक्त के साथ अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्र की एकता अखंडता और सुरक्षा के लिए सरदार पटेल के विचार आज भी प्रासंगिक है। यह देश की सुरक्षा, एकता और अखंडता को मजबूती प्रदान करने एवं अक्षुण्य बनाए रखने की प्रतिबद्धता को और अधिक सुदृढ़ करने का एक उत्तम अवसर है, इसलिए राष्ट्रीय एकता की आज जो शपथ ली गयी है, उसके अनुसार सभी लोग राष्ट्र की सुरक्षा, एकता और अखंडता को मजबूती प्रदान करने में अपना पूरा पूरा योगदान दें। हमारा भारत देश राष्ट्रीय एकता की एक मिशाल है। जितनी विभिन्नताए हमारे देश में मौजूद हैं, उतनी शायद ही विश्व के किसी अन्य देश में देखने को मिलें। यहां अनेक जातियों व संप्रदायों के लोग, जिनके रहन-सहन, खान-पान व वेश.भूषा पूर्णतया भिन्न हैं, एक साथ निवास करते हैं। सभी राष्ट्रीय एकता के एक सूत्र में पिरोए हुए हैं। इस मौके पर आयुक्त के व्यक्तित्व सहायक वीरेंद्र बहादुर सहित कमिश्नरेट के समस्त कर्मचारीगण मौजूद रहे। दरअसल 31 अक्टूबर को दीपावली का पर्व होने के कारण शासन के निर्देशानुसार 29 दिसंबर को कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## बूथ लेबिल अफसरों ने भरवाए युवा मतदाताओं के नाम

▸ जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का मंगलवार को जनपद में शुभारम्भ हुआ। तहसील सदर बहराइच के सभागार में अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर पुनरीक्षण अभियान का श्री गणेश किया। इससे पूर्व नवनियुक्त महिला लेखपालों द्वारा सरस्वती वन्दना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मौजूद 18 वर्ष आयु वर्ग के नवयुवक एवं नवयुवतियों के बूथ लेबिल अधिकारियों द्वारा फार्म-6 भी भरवाये गये।

पुनरीक्षण हेतु आयोग द्वारा निर्धारित समयसारिणी की जानकारी देते हुए एडीएम ने बताया कि 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर 2024 तक दावे तथा आपत्तियां प्राप्त की जायेगी। दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने हेतु 09, 10, 23 व 24 नवम्बर 2024 विशेष अभियान तिथियां होंगी। एडीएम ने बताया कि निर्धारित समयावधि में प्राप्त होने वाले दावे और आपत्तियों के निस्तारण की तिथि 24 दिसम्बर 2024 निर्धारित है। जबकि निर्वाचक नामावली का अन्तिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को किया जायेगा। एडीएम ने बताया कि विशेष अभियान तिथियों में बूथ लेवल आफिसर अपने-अपने मतदेय स्थलों पर पूर्वान्ह 10.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक उपस्थित रहकर दावे तथा आपत्तियां प्राप्त करेंगे। एडीएम श्री रंजन ने बीएलओ व सुपरवाइजरों को निर्देश दिया कि पुनरीक्षण अभियान के दौरान अधिक से अधिक संख्या में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं का फॉर्म 6 भर कर बीएलओ एप के माध्यम से ऑनलाइन करें तथा मतदाता सूची में दर्ज अनर्ह मतदाताओं यथा मृतक/डबल/शिफ्टेड हेतु फॉर्म-7 साथ भराकर मतदाता सूची से विलोपन एवं मतदाता सूची में त्रुटिपूर्ण दर्ज मतदाताओं से फॉर्म-8 भरवाकर सशोधन भी कराएं। एडीएम श्री रंजन ने जिले के अर्ह मतदाताओं से अपील की है कि नामावली में नाम सम्मिलित करने के लिए प्रारूप-6, मृतक, शिफ्टेड तथा रिपीटेड होने पर निर्वाचक नामावली से नाम काटने के लिए प्रारूप-7 तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर संशोधन करने के लिए प्रारूप-8 भर कर आवश्यक अभिलेख के साथ सम्बन्धित बूथ लेबल अधिकारी, सुपरवाइजर के पास अथवा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा कर सकते है।

## ब्लॉक प्रमुख ने अपने घर आयोजित किया कवि सम्मेलन

**रामनगर-बाराबंकी।** दीपावली के उपलक्ष में ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी के आवास पर कवि गोष्ठी का आयोजन सम्पन्न हुआ।जिसमें क्षेत्र पंचायत सदस्यों और साहित्यकारों को सम्मानित किया गया।कवि गोष्ठी में कवियों ने दीपावली के महापर्व और क्षेत्र के विकास पर काव्य के माध्यम से सुन्दर प्रस्तुतियो को सुनाकर खुब वाह वाही बटोरी।जिसमें प्रमुख रुप से प्रमुख श्री तिवारी के कार्यशैली का बखान किया। इस मौके पर बोलते हुए ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी ने कहा कि क्षेत्र पंचायत सदस्यों के मान सम्मान में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। विकास का जो संकल्प मैंने लिया है उसे हर संभव पूरा करने का प्रयास कर रहा हूं।

## 187 प्रभारी को प्रधानाध्यापक पद का मिलेगा वेतन

समृद्धि न्यूज

▸ इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने दिया आदेश

**बहराइच ।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ- बहराइच के जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र ने बताया कि सगीर अंसारी जिला कोषाध्यक्ष के अनवरत प्रयास से जनपद के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों के इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को प्रधानाध्यापक पद का वेतन दिए जाने के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई थी।

इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के जस्टिस अब्दुल मुईन ने त्रिपुरारी दूबे और अन्य लोगों के याचिका संख्या 18228/ 2022 आदेश के निर्णय के तहत जनपद बहराइच की याचिका में निखिलेश कुमार और 186 शिक्षकों की याचिका में शामिल सभी याची प्रभारी प्रधानाध्यापकों को भी इंचार्ज के रूप में कार्य करने की तिथि से ही प्रधानाध्यापक का वेतन देने के लिए आदेश जारी किया है।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ कोषाध्यक्ष सगीर अंसारी ने कहा कि सभी इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को प्रधानाध्यापक पद का वेतन दिलाने के लिए महासंघ जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र की देखरेख में वह उच्च न्यायालय से लेकर विभाग तक लगातार संघर्षरत है, इससे पहले जनपद बहराइच में 114 इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को प्रधानाध्यापक पद का वेतन देने का आदेश इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने जारी किया था।

उच्च न्यायालय के आदेश पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष पंकज कुमार वर्मा, जिला महामंत्री उमेश चंद्र त्रिपाठी, जिला संयुक्त महामंत्री विनोद कुमार त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार शुक्ल, अरुण कुमार अवस्थी, कुमार अभय, घनश्याम मिश्र, राघवेंद्र प्रताप सिंह, शिव शंकर पाठक, जिला मंत्री बच्छराज मिश्र, राजीव कुमार तिवारी, धनंजय पांडेय, जिला मीडिया प्रभारी लोकेश श्रीवास्तव सहित ब्लॉक अध्यक्ष नवाबगंज अरविन्द वर्मा, उपाध्यक्ष विनोद गिरि, मंत्री वैभव सिंह विशेन, प्रभारी जीतेन्द्र शर्मा समेत सभी पदाधिकारियों तथा शिक्षकों ने खुशी जाहिर की है।

# एम्स में वेतन कटने से नाराज सफाई कर्मचारियों ने खोला मोर्चा, किया प्रदर्शन

▸ कंपनी पर दिवाली बोनस न देने व शोषण करने का लगाया आरोप

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मुंशीगंज में कार्यरत प्राइम क्लिनिंग सर्विस कम्पनी की तरफ से नियुक्त सफाई कर्मियों ने अपनी मांगो को लेकर सुबह धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। काम बंद कर ओपीडी के बाहर सफाई कर्मचारियों ने कम्पनी के खिलाफ मांगो को लेकर आवाज बुलंद किया। इससे एम्स में खलबली मच गई। सफाई नहीं होने से अफसर कंपनी पर दबाव बनाने लगे। लेकिन कर्मचारी काम करने को तैयार नहीं हुए। एम्स में कम्पनी के तहत नियुक्त सफाई कर्मियों के जिम्मे ही सफाई व्यवस्था है। कर्मचारियों ने कम्पनी पर वेतन काटने व शोषण किए जाने का आरोप लगाते हुए मंगलवार की सुबह धरने पर बैठ गए। प्राइम क्लिनिंग सर्विस कम्पनी के खिलाफ नारे बाजी कर मांगे पूरी करने की मांग करते हुए रोष प्रकट किया। तीन सूत्रीय मांगो को लेकर धरने पर बैठे सफाई कर्मचारियों ने एम्स प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

धरने पर बैठे सफाई कर्मचारियों ने बताया कि दिपावली के त्योहार पर बोनस नही दिया। साथ ही वेतन भी काट लिया गया है। सफाई कर्मचारियो से सफाई के साथ अन्य काम भी लिया जाता है। मना करने पर एरिया मैनेजर काम से निकालने की धमकी भी दी जाती है। शोषण बंद करने व बोनस वेतन पूरा दिलाए जाने पर अड़े धरने पर बैठे सफाई कर्मचारियों ने मांग पूरी होने तक प्रदर्शन जारी रखने का निर्णय लेते हुए एम्स प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। प्रदर्शन की भनक लगते ही एम्स प्रशासन की तरफ से उप अधीक्षक ने आकर मामले को शांत करते हुए न्याय का भरोसा दिलाया, जिसके बाद सभी सफाई कर्मचारियो ने काम पर वापस लौट गए। लगभग चार दर्जन से अधिक सफाई कर्मचारियों ने दोपहर तक न्याय न मिलने पर धरने पर वापस लौटने की बात कही।

## नवम् आयुर्वेद दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**रायबरेली।** आयुष विभाग, रायबरेली के द्वारा क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. रवि प्रकाश सोनकर जी के निर्देशन में नवम् आयुर्वेद दिवस 2024 के अवसर पर गुरु गोविंद सिंह पर्यावरणीय उद्यान, रायबरेली में प्रातः 07:00 बजे 300 लोगों ने योग अभ्यास के साथ, धन्वंतरि पूजन, वृक्षारोपण और चिकित्सकीय शिविर का आयोजन किया गया। इसी क्रम में प्रातः 10:00 बजे से शालीमार होटल, रायबरेली में संगोष्ठी एवं वैद्य सम्मान समारोह मे भी आयोजन किया गया एवं अपरान्ह 01:15 बजे नवम् आयुर्वेद दिवस 2024 के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री जी का सम्बोधन ऑनलाइन यूट्यूब पर भी समस्त चिकित्साधिकारी/फार्मासिस्ट/कार्यालय कर्मचारी/योग प्रशिक्षक एवं योग सहायक व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में मनाया गया धनतेरस, दीपावली का पर्व

**लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवम् विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शिक्षण संस्थान न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सुरेंद्र सरस्वती नगर, लालगंज में मनाया गया धनतेरस, दीपावली का पर्व।

कार्यक्रमों की प्रथम कड़ी में विद्यालय के प्रधानाचार्या शिवांग अवस्थी ने मां लक्ष्मी गणेश व धन कुबेर जी की पूजा अर्चना व आरती कर दिये जलाये, तत्पश्चात छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। साथ ही छात्र छात्राओं द्वारा मनमोहक झांकियों का मंचन किया गया ,इस मौके पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। तत्पश्चात निम्न प्रतियोगिताओं जैसे रंगोली, दीया डेकोरेशन, बंधन तोरण बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। और सभी बच्चों को मिट्टी की दिए बनाने की कौशल कार्यशाला एवम्, नृत्य एवम् गायन का आयोजन किया।

उक्त कार्यक्रमों में झाँकी में भाग लेने वाले कुबेर के रूप में अक्षित कक्षा-1,गणेश के रूप में दिव्यांश कक्षा- 1, लक्ष्मी माता के रूप में आद्या पांडे कक्षा- 4, राम के रूप में अनन्त ,लक्ष्मण के रूप में काव्यांश कक्षा-3, सीता के रूप में अंशिका कक्षा- 4 , ने मनमोहन झांकियों का यथार्थ मंचन किया। कक्षा-6-7 के छात्राओं ने समूह नृत्य, प्री प्रारमरी विंग की छात्राओं ने मनमोहक ग्रुप नृत्य किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम जी के जीवन पर अपने अपने विचार प्रस्तुत किए, और बच्चों के साथ मिलकर सभी ने विद्यालय परिसर में दिए जलाएं। कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्य के उद्बोधन से हुआ, जिसमे प्रधानाचार्य ने भगवान राम के संघर्षमई जीवन के बारे बताया और सभी बच्चों एवम स्टाफ को धनतेरस, दीपावली, भाईदूज की अग्रिम शुभकामनाएं दी। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं, कर्मचारी एवम् अभिभावक उपस्थित रहे ।

## छात्राओं ने रंगोली सजाकर दिया जागरूकता संदेश




**डलमऊ रायबरेली।** न्यू आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज के छात्राओं ने मनमोहन रंगोली सजाकर लोगों को जागरूक करने का अनूठा तरीका अपनाया है मंगलवार को विद्यालय की छात्रा अनुष्का वैष्णवी जानवी आकांक्षा साविका दीपांशी गरिमा मानसी दिव्या अमोलिक अंशिका अवंतिका वैष्णवी पायल वंशिका आराधना अविका रिया कोमल मुस्कान आदि ने परंपरागत रंगोली सजाकर सामाजिक समस्या पेड़-पौधों के लाभ मशीनों का दुष्परिणाम, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ, धूम्रपान के नुकसान आदि विषयों को रंगोली के माध्यम से जागरूक करने का संदेश दिया छात्राओं ने सभी से दीपावली पर्व सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की वही विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश यादव द्वारा मनमोहन रंगोली सजाने वाली छात्राओं को पुरस्कार सम्मानित किया गया उन्होंने कहा कि छात्रों द्वारा मनमोहक रंगोली सजा कर दिए गए संदेश को सभी लोगों को अपने जीवन में उतरना चाहिए और लोगों को जागरूक होना चाहिए इस मौके पर विद्यालय परिवार के प्रधानाचार्य राकेश यादव आशीष जायसवाल सुरेश यादव राम शंकर यादव जयप्रकाश कुलदीप अवस्थी अनुपम पांडे संतोष प्रजापति अंकित बाजपेई आंचल श्रीवास्तव कामिनी सैनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### अध्यापक ने छात्रा से की अभद्रता



**डलमऊ रायबरेली।** स्कूल पढ़ने गई छात्रा के साथ अभद्रता व जाति सूचक शब्दों के प्रयोग कर दंडित किए जाने के मामले में मां के द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है मुराई बाग के श्री भागीरथी इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली एक छात्र की मां माधुरी देवी ने कोतवाली डलमऊ में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनकी बेटी सोमवार को स्कूल पढ़ने के लिए गई हुई थी वह अपनी अन्य दो सहेलियों के साथ कक्षा से पानी पीने के लिए नल पर चली गई जब वहां से वापस आई तो शिक्षक के द्वारा उसे जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए आमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया गया यही नहीं छात्र को पूरे घंटे कक्ष से बाहर खड़ा कर दिया गया जिससे वह मानसिक रूप से परेशान हो गई छात्र ने बयान देते हुए बताया कि अध्यापक ने उससे कहा कि अभी तुम्हारी सारी गर्मी निकाल दूंगा छात्र की मां माधुरी देवी ने मंगलवार को कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है कोतवाल पवन कुमार सोनकर ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है जांच कराई जा रही है विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास शर्मा ने बताया कि घटना के दिन वह विद्यालय में नहीं थे कोर्ट गए हुए थे आज शिकायत की जानकारी हुई है इस संबंध में शिक्षक से पूछताछ की जाएगी।

### बलरामपुर एम्स कॉन्वेंट स्कूल में दीवाली के उपलक्ष्य में इंटरहाउस रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**बलरामपुर।** मंगलवार को बलरामपुर के प्रतिष्ठित एम्स कॉन्वेंट स्कूल, भगवतीगंज में दीवाली के अवसर पर इंटरहाउस रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने हाउस की ओर से आकर्षक रंगोली बनाकर प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस आयोजन में सुभाष हाउस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुभाष हाउस की हाउस मास्टर सुनीता सैनी और वाइस हाउस मास्टर प्रगति पाल के नेतृत्व में आंशिक सैनी, जानवी चौरसिया और अन्य छात्रों ने इस उपलब्धि को हासिल किया। सभी विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में दूसरा स्थान गांधी हाउस ने प्राप्त किया। गांधी हाउस की हाउस मास्टर महिमा चौहान और वाइस हाउस मास्टर नेहा सोनकर के मार्गदर्शन में साजिद, अंशिका मौर्य, और ईशा शुक्ला जैसे बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। तीसरा स्थान टैगोर हाउस को मिला, जिसके हाउस मास्टर विशाखा गुप्ता और वाइस हाउस मास्टर संगीता श्रीवास्तव के नेतृत्व में काजल जायसवाल, समृद्धि पांडे, अंशिका मौर्य और शिवांश गुप्ता सहित अन्य बच्चों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल वी.के. शुक्ला और वाइस प्रिंसिपल वी.पी. वर्मा ने सभी विद्यार्थियों को दीवाली की शुभकामनाएं दीं और उनकी रचनात्मकता की सराहना की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सुभाष हाउस के बच्चों को विद्यालय के प्रबंधक श्रवण कुमार शुक्ला ने मेडल देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए दीवाली की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय में आयोजित इस प्रतियोगिता ने बच्चों में रचनात्मकता को बढ़ावा देने के साथ-साथ दीवाली के महत्व को भी समझाने का अवसर प्रदान किया। पूरे विद्यालय में रंग-बिरंगी रंगोलियों और दीयों से सजावट की गई, जिससे एक आनंदमय और उत्सवमय वातावरण का निर्माण हुआ।

# बड़ी धूमधाम के साथ मनायी गयी रंगोली प्रतियोगिता

**अमावा, रायबरेली**



बृहस्पतिवार को अमावा ब्लॉक के घुराडीह स्थित स्वामी दयानंद इंटरमीडिएट कॉलेज में दीपावली के उपलक्ष में विद्यालय में अंग्रेजी मीडियम के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया और अपने कला का प्रदर्शन किया विद्यालय के प्रबंधक सत्येंद्र सिंह ने कहा हमारा जीवन इस रंगोली की तरह रंग बिरंगा हैं बस हमें अपने जीवन को रंगते रहना जिससे और एक ऐसा रंग बनाना है जिससे समाज का कल्याण हो सके। रंगोली प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर कक्षा चार के बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त उनकी कक्षा अध्यापिका अमिता ने बताया कि बच्चों ने रंगोली में समाज की जन्मदात्री स्वरूपा स्त्री का आकार देते हुए दीपक जलते हुए ये संदेश देती है कि ये सम्पूर्ण दुनिया स्त्री से प्रकाशमान है। माध्यमिक स्तर पर कक्षा सात के छात्रों ने स्थान प्राप्त किया बच्चों ने बताया कि क्लास टीचर दिव्या मैम ने हमें प्रेरित करती रही। उच्चमाध्यमिक स्तर की कक्षाओं में ग्यारह के बालक बालिकाओं ने स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल के रूप में अंग्रेजी मीडियम की प्रिंसिपल सीमा सिंह, इंचार्ज प्रशांत पाण्डेय और इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित कर रहे शिक्षक प्रदीप मौर्य ने बताया की बच्चों बहुत उत्साह और ललक भी है हमें बस दिशा देना और हम एक अच्छे समाज का निर्माण करेंगे। सहयोगी शिक्षक में उपस्थिति रहे आयुष विश्वकर्मा, अभिजीत सिंह, यशु, पूजा, आरती इत्यादि।

# रन फॉर यूनिटी एवं स्वच्छता अभियान फ्रीडम फिट इण्डिया के तहत रेस का आयोजन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




जिला क्रीडाधिकारी डीके पुरूषोत्तम ने बताया कि खेल निदेशालय, उप्र, लखनऊ के अनुपालन में जिला खेल कार्यालय, रायबरेली एवं जिला प्रशासन के तत्वाधान में भारत सरकार द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल जयन्ती के अवसर पर आज प्रातःकाल 07:00 बजे महिला/पुरूष रन फॉर यूनिटी (एकता दौड़) का आयोजन किया गया। जिसमें 80 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग लिया, रन फॉर यूनिटी (एकता दौड़) समाप्ति उपरान्त शपथ लिया गया। इसी प्रकार स्वच्छता अभियान (फ्रीडम-फिट इण्डिया) के अन्तर्गत 05 किमी. रेस प्रातः 8:00 बजे हरी झण्डी दिखाकर रेस का भी आयोजन किया गया। उक्त आयोजन के मुख्य अतिथि बुद्धीलाल पासी जिला अध्यक्ष भाजापा रायबरेली द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रेस को प्राम्भ किया एवं शपथ ग्रहण दिलायी गयी। इस अवसर पर कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम को डीके पुरूषोत्तम जिला कीडाधिकारी, जिला खेल कार्यालय, रायबरेली द्वारा संचालन किया गया।

# धनतेरस की धूमः खिलौने, मिठाई, बर्तन, कपड़े, आभूषण और बाइक की जमकर खरीदारी

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

धनतेरस के शुभ अवसर पर उतरौला बाजार और आसपास के ग्रामीण इलाकों में उत्सव का माहौल रहा। बाजार में हर तरफ रौनक और भीड़भाड़ देखने को मिली, क्योंकि लोगों ने शुभ मुहूर्त में खरीदारी करने के लिए बाजारों का रुख किया। मुख्य बाजार और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में मिठाई, बर्तन, कपड़े, खिलौने, आभूषण और मोटर साइकिल की दुकानों ने विशेष सजावट की थी, जिससे ग्राहकों को लुभाया जा सके।

बर्तन बाजार में रौनक देखते ही बनती थी। तांबे, पीतल और स्टील के बर्तन की मांग सबसे ज्यादा रही। कई दुकानों पर लक्ष्मी-गणेश की विशेष डिज़ाइन वाले कलश और दीपक की बिक्री बढ़ी, जिन्हें लोग पूजा के लिए खरीदते नजर आए। दुकानदारों का कहना था कि धनतेरस पर बर्तन खरीदना शुभ माना जाता है, इसलिए लोग पारंपरिक मान्यताओं का पालन करते हुए बर्तनों की खरीदारी करने आए। आभूषणों और कपड़ों की दुकानों पर भी ग्राहकों की भारी भीड़ देखी गई। सोने-चांदी के आभूषणों के साथ-साथ महिलाओं के लिए खास तौर पर डिजाइन किए गए कपड़े खूब बिके। आभूषण विक्रेताओं ने बताया कि लोग धनतेरस पर सोना-चांदी खरीदना शुभ मानते हैं, जिससे व्यापारियों का कारोबार भी खूब चमका। धनतेरस पर मोटर साइकिल खरीदने की बढ़ती प्रवृत्ति ने वाहन शोरूम में भीड़ बढ़ा दी। शोरूम पर ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए खास ऑफर और छूट दी गई, जिससे बड़ी संख्या में लोगों ने नई मोटर साइकिलें खरीदीं। शोरूम प्रबंधकों का कहना था कि त्योहार के दौरान वाहन खरीदना अब एक पारंपरिक चलन बन चुका है, और लोग नई गाड़ियों के लिए धनतेरस को शुभ मानते हैं। खिलौनों की दुकानों पर बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। मिट्टी के पारंपरिक खिलौनों के साथ-साथ आधुनिक खिलौनों की भी दुकानें सजी हुई थीं, जहां बच्चों ने अपनी पसंद के खिलौनों की खरीदारी की। मिठाई की दुकानों पर विशेष भीड़ रही, और लड्डू, बर्फी, रसगुल्ले जैसे कई प्रकार की मिठाइयों की खरीदारी जोर-शोर से हुई। त्योहार के मौके पर मिठाईयों का आदान-प्रदान करना परंपरा का हिस्सा है, जिससे दुकानों पर ग्राहकों की लंबी कतारें लगी रहीं। धनतेरस के इस खास दिन पर उतरौला बाजार और आसपास के इलाकों में दुकानदारों और ग्राहकों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ नजर आ रहा था। पूरा बाजार दीपावली के स्वागत के लिए तैयार था, जिससे पूरे क्षेत्र में त्योहार की उमंग और उल्लास का माहौल बन गया।

# 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा फार्म-06 भरकर बने मतदाता

▸ राष्ट्र के विकास में दे अपना अहम् योगदानः जिला निर्वाचन अधिकारी

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देशन में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय मतदाता पंजीकरण का शुभारंभ डीएम/ जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा एमएलके पीजी कॉलेज से दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने कहाकी भारत संस्कृतियों, भाषाओं, धर्मों और जातीय समूहों की एक विशाल श्रृंखला का घर है। मतदान यह सुनिश्चित करता है कि सरकार में इस विविधता का प्रतिनिधित्व हो, जिससे नीति-निर्माण में व्यापक दृष्टिकोण और हितों पर विचार किया जा सके। उन्होंने सभागार में उपस्थित एनसीसी के कैडेटों, एनएसएस के स्वयंसेवको तथा रोवर्स-रेंजर्स का आह्वान किया कि नागरिकों के लिए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने का सबसे सीधा तरीका मतदान है। इसलिए जो युवा 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष पूर्ण कर रहे हों वह हर हाल में मतदाता पंजीकरण कराकर राष्ट्र के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी के मंगल स्वास्थ्य की कामना करते हुए छात्र-छात्राओं को अपने कर्तब्यों के निर्वहन हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नए मतदाता वोटर बनने के लिए फार्म 06 भरकर मांगें गए प्रपत्र के साथ पंजीकरण केन्द्र पर जमा कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि 29 अक्टूबर से लेकर 28 नवंबर तक निःशुल्क सभी मतदान केंद्र पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय एवं जिला निर्वाचन कार्यालय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार , एसडीएम सदर संजीव यादव , जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद , जिला सूचना अधिकारी सहित कई अधिकारी / कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# धनतेरस पर इलेक्ट्रॉनिक और सर्राफा बाज़ार में धूम

**सादुल्लानगर /बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



स्थानीय बाजार में सर्राफा व्यवसाय और इलेक्ट्रॉनिक व्यवसाईयों की रही धूम ।धनतेरस का त्योहार, जो दीपावली के ठीक पहले आता है। हमेशा से शुभ मानी जाती है। और इस दिन खरीदारी करने का विशेष महत्व है। खासकर सोना, चांदी, और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों में लोगों की भीड़ देखी जाती है। इस बार भी सादुल्लानगर बाज़ार में रौनक छाई रही। आइए जानते हैं इस धनतेरस के मौके पर बाज़ार में क्या माहौल रहा।

धनतेरस के मौके पर सादुल्लानगर के सर्राफा और इलेक्ट्रॉनिक दुकानो में खरीददारों का तांता लगा रहा। सुबह से ही लोग अपनी पसंद के आभूषण और इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने के लिए दुकानों में उमड़े। सर्राफा बाज़ार में खासकर सोने और चांदी के आभूषणों की मांग रही। वहीं इलेक्ट्रॉनिक बाज़ार में नए-नए गेजेट्स और उपकरणों के खरीददारों की भारी भीड़ दिखाई दी।

**शिवराम सोनी(दुकानदार, सर्राफा व्यवसायी):** इस बार धनतेरस पर बिक्री बहुत अच्छी रही। ग्राहक छोटे से लेकर बड़े आभूषणों तक में रुचि दिखा रहे हैं। सोने के अलावा चांदी के आइटम्स जैसे कि चांदी के सिक्के और बर्तन भी काफी बिके।

**विष्णु प्रताप गुप्ता(दुकानदार, इलेक्ट्रॉनिक्स):** धनतेरस के दिन इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स की सेल में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। ग्राहक स्मार्टफोन, टीवी, वॉशिंग मशीन, और अन्य उपकरणों पर डिस्काउंट का फायदा उठा रहे हैं।

## मिठाई के साथ डिब्बा भी तौल रहे हैं दुकानदार, हो रहे मालामाल

**महुआ बाजार (बलरामपुर)।** दीपावली नजदीक है और इस प्रकाश के त्यौहार पर ग्राहकों को अंधेरे में रखकर मिठाई की सहालग करने वाले डिब्बा साहित मिठाई बेच देंगे। हजारों रुपए किलो तक की कीमत वाली मिठाई, रसगुल्ला, छेना, बर्फी, पेड़ा, कलाकंद, माखन भोग, सैनविच, के साथ कागज के डिब्बे भी उसी दाम पर बिक जाएंगे और ग्राहक को पता भी नहीं चल पाएगा कि उसके साथ बड़ा खेला हो गया और न ही कोई बिल मांगता है न ही दुकानदार बिल देते है। यह स्कैम काफी पुराना है अधिकारी हो, या अधिवक्ता, किसान हो या फिर व्यवसाई सबके साथ बिना भेद भाव के दुकान दार ऐसा ही बर्ताव करते हैं। ज़िम्मेदार अपनी जिम्मेदारी कितने निष्ठा से निभा रहे हैं इसका उदाहरण मिठाई लेते हुए दुकानदार के बेखौफ होकर तौल करते देखा जा सकता है। उतरौला, बक्सरियां, पिपराराम, हसीनपारा, चिरकुटिहा, महुआ बाजार, महुआ धनी, हर जगह उपभोक्ताओं के साथ ऐसा बर्ताव किया जा रहा है। लोग बताते है कि किसी भी त्योहार पर अच्छे वजन वाले डिब्बे को ही मंगाया जाता हैं जिसका वजन 100 ग्राम से लगभग अधिक वजन का होता है। बाट माप विभाग की सक्रियता पर प्रश्न चिन्ह उठता है लोग असमंजस में है कि क्या कोई विभाग है नहीं जो इस कुकृत्य पर लगाम लगा सके। गोपाल चौधरी, आनंद कुमार, अर्जुन गौतम ने डिब्बे सहित वजन पर लगाम लगाने की मांग की है।

# टाइनी टाट्स सीनियर सकेंडरी स्कूल में दीपोत्सव का आयोजन

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

नगर के प्रमुख शिक्षण संस्थान टाइनी टाट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दीपोत्सव का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत बालिकाओं द्वारा बनाई गई आकर्षक रंगोली और गणेश-लक्ष्मी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इस दीप प्रज्ज्वलन से विद्यालय में पूरे वातावरण में एक पवित्रता और उमंग का संचार हुआ।

विद्यालय को बच्चों ने दीयों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजा दिया। हर कोने में दीपों की रौशनी और रंगोली की सजावट ने विद्यालय परिसर को एक उत्सवमय रूप दिया। बच्चों ने पारंपरिक परिधान पहनकर दीपावली से जुड़े गीत, और नाट्य प्रस्तुतियों में हिस्सा लिया, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों ने पर्यावरण-संवर्धन और स्वदेशी अपनाने के संदेश के साथ दीपावली के महत्व पर नाटिका भी प्रस्तुत की।

इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर सैफ अली ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली का त्योहार हमें अच्छाई पर बुराई की जीत का संदेश देता है। हमें इस पर्व को स्वच्छता और स्वदेशी को अपनाते हुए मनाना चाहिए ताकि समाज और राष्ट्र को एक नई दिशा मिल सके। विद्यालय की सह-डायरेक्टर इंसा सैफ अली ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, दीपावली सिर्फ उत्सव नहीं,



बल्कि भारतीय संस्कृति की पहचान है। यह हमें एकता, प्रेम और भाईचारे का संदेश देती है। हमें इस पर्व को इस तरह मनाना चाहिए कि हमारे पर्यावरण और आसपास के लोगों पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़े। उन्होंने सभी बच्चों को पर्यावरण का ध्यान रखते हुए मिट्टी के दीयों का उपयोग करने की सलाह दी। प्रधानाचार्य मनीष कुमार सिंह ने बच्चों को दीपावली के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को समझने की प्रेरणा देते हुए कहा कि दीपावली न केवल रोशनी का त्योहार है, बल्कि यह हमें अपने भीतर की अच्छाई को भी प्रज्वलित करने का अवसर देता है। अध्यापक राशिद रिजवी ने बच्चों को पर्यावरण के अनुकूल दीपावली मनाने का संदेश दिया और उनसे कम से कम पटाखों का उपयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ÷प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर दीपावली मनाना हमारे कर्तव्य में शामिल है, जिससे हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ वातावरण दे सकें। अध्यापक अनिल कुमार गुप्ता ने बच्चों को स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा, ÷हमें स्वदेशी वस्त्रों, मिट्टी के दीयों और अन्य भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता देकर आत्मनिर्भरता का मार्ग अपनाना चाहिए।

कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षकगण, जैसे भुवनेश्वर तिवारी, कामेश्वर दत्त तिवारी, महेश कुमार गुप्ता, राशिद अब्बास, भूपेंद्र सिंह, फ़ज़ल जाफरी, रेखा जायसवाल, और माधुरी सोनी, के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस दीपोत्सव कार्यक्रम ने विद्यालय में एकता, प्रेम, और सांस्कृतिक गर्व की भावना को बढ़ावा दिया, जिससे सभी उपस्थित जनों में दीपावली का उत्साह और उमंग भर गया।

## जनगणना का बहुप्रतीक्षित फैसला

पूरे चार वर्ष के विलम्ब से ही सही, अंततरू केन्द्र सरकार ने अगले साल यानी 2025 में देश में जनगणना कराने का फैसला लिया है। यह काम कम से कम एक वर्ष तक चलेगा और आंकड़ों के परीक्षण, वर्गीकरण एवं अंतिम जनसांख्यिकीय के प्रकाशन में एक और साल लग जाने का अनुमान है। यानी 2026 तक ही यह काम पूरा हो सकेगा। वैसे लक्ष्य यही होगा कि 2028 तक होने वाले परिसीमन तक यह बड़ा काम पूर्ण हो जाये। सामान्य तौर पर जनगणना का उद्देश्य सामाजिक विकास के उद्देश्यों को ध्यान में रखा जाता है परन्तु लगता है कि केन्द्र सरकार ने 2029 में होने वाले लोकसभा चुनाव को सामने रखकर यह फैसला लिया है। 2025 में जनगणना कराने के कारण अगली 2035 में होगी। भारत में 1872 में पहली जनगणना हुई थी जिसे लॉर्ड मेयो की देखरेख में कराया गया था। हालांकि इस गणना का परीक्षण आदि हेनरी वाल्टर के अधीन हुआ था इसलिये उन्हें ही भारतीय जनगणना का जनक माना जाता है। ब्रिटिश उपनिवेश होने के कारण भारत में भी दशक की शुरुआत में जनगणना कराने की व्यवस्था हुई। अब लगभग पूरी दुनिया में जगगणना का समय यही होता है। इस परम्परा का निर्वाह करते हुए स्वतंत्र भारत की पहली जनगणना 1951 में हुई जो हर साल बदस्तूर जारी रही। इसके कारण भारत को विश्व भर के देशों द्वारा होने वाली जनगणना के साथ तालमेल करने में सुविधा होती है। पिछली जनगणना 2011 में हुई थी। आर्थिक जनगणना का प्रारम्भ 1976–77 में हुआ था। इसका उद्देश्य देश की आर्थिक संरचना का विश्लेषण करने के लिये होता है। इसमें देश की आर्थिक संस्थाओं के आंकड़े एकत्र किये जाते हैं जो केन्द्र या राज्य सरकार की विभिन्न योजनाएं बनाने में सहायक होते हैं। सम्प्रभु भारत में 15 बार बिला नागा होने वाली जनगणना को आजाद हिन्दुस्तान में पहली बार 2021 में कोविड–19 के कारण टाला गया था। हालांकि परिस्थितियां 2022 तक ऐसी हो चुकी थीं कि जनगणना कराई जा सके लेकिन देश की प्रशासकीय अराजकता के लिये यह मुफीद था कि जनगणना न हो। कोरोना के कारण लोगों के मरने वालों की संख्या, भूख से प्रभावित लोग, बेरोजगार आदि की संख्या आज भारत सरकार के पास नहीं है। रोजगार पर हुई एक बहस में सरकार ने संसद तक में बताया कि उसके पास इसके आंकड़े नहीं हैं। जितने भी योजनाएं चल रही हैं, उनमें हितग्राहियों या जरूरतमंदों सम्बन्धी तमाम आंकड़े संदेहास्पद हैं। इसके कारण कोई भी कार्यक्रम वैज्ञानिक आधार पर क्रियान्वित नहीं हो रहे हैं। केन्द्र सरकार ने 2019–20 में आर्थिक जनगणना तो कराई पर उसका आधार 2011 के ही पुराने आंकड़े थे। बताया जाता है कि भारतीय जनता पार्टी सरकार के दो निर्णयों का असर इन आंकड़ों में सच्चाई के साथ परिलक्षित नहीं हुआ है– नोटबन्दी एवं जीएसटी जिन्होंने भारत के आर्थिक परिदृश्य पर बहुत विपरीत प्रभाव छोड़ा था, परन्तु लोगों की वास्तविक वित्तीय स्थिति को कभी उजागर नहीं किया गया। स्पष्टतरू ऐसा इन दो कदमों को गलत साबित होने से बचाने के किया गया। संसद में भी पहले–पहल इन दोनों निर्णयों को सकारात्मक पहल तो बताया गया पर बाद में उन पर चर्चा बन्द हो गयी।हाल के वर्षों में जनगणना की मांग उठने लगी थी। खासकर जब से कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने अपनी दो यात्राओं (भारत जोड़ो एवं न्याय यात्रा) में इस ओर लोगों का ध्यान खींचा था कि भारत में जिस जाति के लोग जितनी संख्या में हैं, उस परिमाण में उन्हें अवसर नहीं मिलते।

# भारतीय उद्यमियों के खिलाफ निराधार विमर्श क्यों

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**



**स्कॉच समूह द्वारा स्थापित इंडिया इनवॉल्व इंटरवेंशन देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में कॉर्पोरेट योगदान को मान्यता देता है। उन्होंने एक सूचकांक बनाया जो 2047 तक विकसित भारत के राष्ट्र के लिए भारतीय कंपनियों की प्रतिबद्धता का आकलन करता है। 231 चरों के आधार पर कंपनियों की उनकी 2023 रेटिंग में रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष पर रही, उसके बाद हिंदुस्तान यूनिलीवर, अडानी समूह, बैंक ऑफ इंडिया और ल्यूपिन का स्थान रहा। 2023 में किए गए छह महीने के सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि 40त्न कंपनियां डिजिटल परिवर्तन को प्राथमिकता देते हैं, उसके बाद पर्यावरण उत्कृष्टता (24 प्रतिशत), कॉर्पोरेट उत्कृष्टता (19 प्रतिशत), सामाजिक उत्कृष्टता (14 प्रतिशत), और शासन उत्कृष्टता (2 प्रतिशत) का स्थान आता है।**

राहुल गांधी, शरद पवार, उद्धव ठाकरे और इंडी गठबंधन में शामिल बाकी दलों की मानसिकता स्पष्ट है, जैसे कि चुनाव जीतने के लिए कुछ भारतीय उद्यमियों के बारे में झूठे विमर्श गढ़ना। क्या आपने कभी उन्हें चीन या उन चीनी उद्यमियों का जिक्र सुना है, जिन्होंने बड़ी संख्या में हमारी नौकरियां छीन लीं, हमारा पैसा लूटा, हमारी अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाया और उस पैसे का इस्तेमाल हमारे ही देश के खिलाफ किया? क्या आपने कभी इन नेताओं को अमेरिकी और यूरोपीय उद्यमियों के बारे में चर्चा करते सुना है जिन्होंने हमारा शोषण किया? क्या ऐसा नहीं लगता कि वे 140 करोड़ के बाजार वाले देश को इन विदेशी उद्यमियों को सौंपना चाहते हैं? यह स्वार्थ और परिवार पहले- के रवैये से शुरू होता है। इसीलिए जब नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत पहल का प्रस्ताव रखा तो ये सभी मण्डली नाराज हो गईं। भाजपा सरकार का लक्ष्य देश में रोजगार बढ़ाना है।

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्र पहले की भावना से भारत में अधिक नौकरियां पैदा करने, भारतीय उद्यमियों को बढ़ाने और भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए पिछले दस वर्षों में 40 नीतियों को लागू किया है। धीरे-धीरे सभी क्षेत्रों में उसका सकारात्मक परिणाम हम देख रहे हैं। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि कांग्रेस के समय में हमने देखा कि लकड़ी का फर्नीचर, जो एक भारतीय व्यवसाय है, खिलौने और कई अन्य उत्पाद जो भारत में बनाए जा सकते हैं, उन्हें चीन से जितना संभव हो सके आयात किया जा रहा था, जिससे हमारे उद्यमी कमजोर हो रहे थे और बेरोजगारी बढ़ रही थी। प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत अधिकांश वस्तुएं अब भारत में निर्मित हो रही हैं। दिलचस्प बात यह है कि कुछ वस्तुएं और उपकरण जो हम आयात करते थे, अब निर्यात किए जा रहे हैं और आने वाले वर्षों में इसमें काफी वृद्धि होने की उम्मीद है। क्या यह विपक्ष के बीच चिंता का विषय है?

इन दोनों उद्योगपतियों का गुजरात से नाता है, जैसा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का है। इसलिए, आम जनता के बीच नरेन्द्र मोदी की छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए कई विपक्षी नेता रोजाना समाज में भ्रामक विमर्श प्रसारित कर रहे हैं, जिसमें दावा किया जा रहा है कि पीएम मोदी इन दोनों उद्यमियों की समृद्धि के लिए काम कर रहे हैं। किसी भी चीज के लिए उद्यमियों की आलोचना करना और उनकी निंदा आम बात है। व्यवसायों की अक्सर आलोचना की जाती है, भले उनका आपस में कोई संबंध न हो। अंबानी और अडानी उद्योगपति हैं जो लगातार राजनीतिक हमले से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। व्यवसायों, पेशेवरों और उद्यमियों पर आलोचना और हमले कोई नई बात नहीं है। बीसवीं सदी के दौरान खासकर आजादी के बाद टाटा और बिड़ला ने भारतीय व्यापार पर अपना दबदबा बनाया। राजनेताओं और नौकरशाहों के साथ उनके घनिष्ठ संबंधों के कारण उन पर अक्सर क्रोनी कैपिटलिज्म का आरोप लगाया जाता था। अडानी ने वर्षों से आलोचनाओं का सामना किया है, खासकर स्वार्थी राजनीतिक समूहों से। उन्होंने कभी भी राजनीतिक उत्पीड़न को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया।

वे भारतीयों के लिए रोजगार पैदा करने के अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहे हैं। उनकी फर्मों ने पिछले दशक में भारतीयों के लिए लाखों रोजगार सृजित किए हैं और यह मानने का कोई कारण नहीं है कि आने वाले वर्षों में यह संख्या घटेगी। वास्तव में, भारत में अपने व्यवसाय को विकसित करने की उनकी महत्वाकांक्षी आकांक्षाओं को देखते हुए, सृजित नौकरियों की संख्या में और भी अधिक वृद्धि होने का अनुमान है। अंबानी, अडानी, टाटा और बिड़ला भारत में रहे और भारतीयों के लिए भारतीय उत्पाद, कंपनियाँ बनाईं, आम आदमी के लिए अपार शेयरधारक संपत्ति बनाई, डिजिटल स्पेस, अक्षय ऊर्जा क्षेत्र, ओ एंड जी, खाद्य आपूर्ति श्रृंखला, परिधान, दूरसंचार, रक्षा और शिपिंग में क्रांति ला दी, धातु और ऑटोमोबाइल उद्योगों में भी रोजगार सृजित किए, भारत की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया और वैश्विक स्तर पर भारत का नाम प्रसिद्ध किया। जबकि अधिकांश देशों में, बड़े व्यवसाय को राष्ट्रीय संपत्ति माना जाता है और तदनुसार समर्थन दिया जाता है। भारत में ऐतिहासिक आर्थिक नीतियों, राजनीतिक घोटालों और सरकार विरोधी भावनाओं की विरासत ने बड़े व्यवसाय या उद्यमियों के प्रति सार्वजनिक दृष्टिकोण के बीच मतभेद पैदा किया है। बहरहाल, भारतीय फर्मों ने देश की आर्थिक और तकनीकी उन्नति के साथ-साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था में इसकी स्थिति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। परिभाषा के अनुसार, एक व्यवसाय पैसा कमाने के लिए शुरू किया जाता है। एक सफल व्यवसायी का भाग्य निःस्संदेह चमकेगा यदि उस धन का उपयोग देश के विकास को गति देने के साथ-साथ अधिक धन सृजन के लिए किया जाता है। यह समाज और राष्ट्र के लिए बहुत लाभकारी होगा। प्रतिद्वंद्वी की संपत्ति में वृद्धि ईर्ष्या का कारण बन सकती है। एक देश के रूप में, हमें धन सृजन का जश्न मनाना चाहिए जब तक कि इसका उपयोग आर्थिक गतिविधि को बढ़ावा देने और रोजगार पैदा करने के लिए किया जाता है।


स्कॉच समूह द्वारा स्थापित इंडिया इनवॉल्व इंटरवेंशन देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में कॉर्पोरेट योगदान को मान्यता देता है। उन्होंने एक सूचकांक बनाया जो 2047 तक विकसित भारत के राष्ट्र के लिए भारतीय कंपनियों की प्रतिबद्धता का आकलन करता है। 231 चरों के आधार पर कंपनियों की उनकी 2023 रेटिंग में रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष पर रही, उसके बाद हिंदुस्तान यूनिलीवर, अडानी समूह, बैंक ऑफ इंडिया और ल्यूपिन का स्थान रहा। 2023 में किए गए छह महीने के सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि 40त्न कंपनियां डिजिटल परिवर्तन को प्राथमिकता देते हैं, उसके बाद पर्यावरण उत्कृष्टता (24त्न), कॉर्पोरेट उत्कृष्टता (19त्न), सामाजिक उत्कृष्टता (14त्न), और शासन उत्कृष्टता (2त्न) का स्थान आता है। नौकरियाँ पैदा करना निःस्संदेह देश की सबसे बड़ी चिंता है। देश के 140 करोड़ नागरिकों में से केवल 1.4 करोड़ ही सरकार के लिए काम करते हैं। यह देखते हुए कि आबादी का एक बड़ा हिस्सा निजी कंपनी में काम की तलाश कर रहा है, क्या भारतीय उद्यमियों को विशेष रूप से लक्षित करना उचित है? क्या उन उद्यमियों को निशाना बनाना राष्ट्रीय हित के विरुद्ध नहीं है जो लाखों लोगों को रोजगार प्रदान करते हैं, स्वरोजगार को बढ़ावा देते हैं, जीवन स्तर को ऊपर उठाते हैं तथा देश को प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाते हैं? रिलायंस फाउंडेशन का ग्रामीण परिवर्तन कार्यक्रम जो 16 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में संचालित होता है।

## विचार

# नरक चतुर्दशी : यमराज के लिए दीपदान करने का पर्व

**नरक चतुर्दशी (30 अक्तूबर) पर विशेष**

**योगेश कुमार गोयल**





**इस दिन सूर्योदय से पहले स्नान करने का आशय ही आलस्य का त्याग करने से है और इसका सीधा संदेश यही है कि संयम और नियम से रहने से उनका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा और उनकी अपनी साधना ही उनकी रक्षा करेगी। नरक चतुर्दशी मनाए जाने के संबंध में मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने प्रागज्योतिषपुर के राजा 'नरकासुर' नामक अधर्मी राक्षस का वध किया था और ऐसा करके उन्होंने न केवल पृथ्वीवासियों को बल्कि देवताओं को भी उसके अत्याचारों से मुक्ति दिलाई थी। उसके आतंक से पृथ्वी के समस्त शूरवीर और सम्राट भी थर-थर कांपते थे। अपनी शक्ति के घमंड में चूर नरकासुर शक्ति का दुरुपयोग करते हुए स्त्रियों पर भी अत्याचार करता था। उसने 16000 मानव, देव एवं गंधर्व कन्याओं को बंदी बना रखा था। देवों और ऋषि-मुनियों के अनुरोध पर भगवान श्रीकृष्ण ने सत्यभामा के सहयोग से नरकासुर का संहार किया था।**

उत्तर भारत में कार्तिक कृष्ण पक्ष में पांच पर्वों का जो विराट महोत्सव मनाया जाता है, महापर्व की उस श्रृंखला में सबसे पहले पर्व धनतेरस के बाद दूसरा पर्व आता है 'नरक चतुर्दशी।' कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाए जाने वाले पर्व 'नरक चतुर्दशी' नाम में 'नरक' शब्द से ही आभास होता है कि इस पर्व का संबंध किसी न किसी रूप में मृत्यु अथवा यमराज से है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन यमराज का पूजन करने तथा व्रत रखने से नरक की प्राप्ति नहीं होती। दीवाली से ठीक एक दिन पहले मनाए जाने वाले इस पर्व की तिथि को लेकर लोगों के मन में भ्रम की स्थिति है कि यह पर्व 30 अक्तूबर को मनाया जाएगा या 31 अक्तूबर को। हिंदू पंचांग के अनुसार इस वर्ष कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी 30 अक्तूबर को दोपहर 1 बजकर 15 मिनट से शुरू हो रही है और चतुर्दशी तिथि अगले दिन यानी 31 अक्तूबर को दोपहर 3 बजकर 52 मिनट पर समाप्त होगी।

यम चतुर्दशी की पूजा चूंकि प्रदोष काल यानी शाम के समय ही की जाती है, इसीलिए नरक चतुर्दशी 30 अक्तूबर को ही मनाई जाएगी। इस दिन शाम 5 बजकर 30 मिनट से 7 बजकर 2 मिनट तक दीपदान का शुभ मुहूर्त है। 'नरक चतुर्दशी' पर्व को 'नरक चौदस', 'रूप चतुर्दशी', 'काल चतुर्दशी' तथा 'छोटी दीवाली' के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन मृत्यु के देवता यमराज और धर्मराज चित्रगुप्त का पूजन किया जाता है और यमराज से प्रार्थना की जाती है कि उनकी कृपा से हमें नरक के भय से मुक्ति मिले।

इसी दिन रामभक्त हनुमान का भी जन्म हुआ था और इसी दिन वामन अवतार में भगवान विष्णु ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगते हुए तीनों लोकों सहित बलि के शरीर को भी अपने तीन पगों में नाप लिया था। हनुमान जयंती वैसे तो चैत्र मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है, लेकिन उत्तर भारत के कई भागों में यह दीवाली से एक दिन पहले भी मनाई जाती है। यम को मृत्यु का देवता और संयम का अधिष्ठाता देव माना गया है। नरक चतुर्दशी के दिन सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करना शुभ माना गया है और सायंकाल के समय यम के लिए दीपदान किया जाता है। आशय यही है कि संयम-नियम से रहने वालों को मृत्यु से जरा भी भयभीत नहीं होना चाहिए।

इस दिन सूर्योदय से पहले स्नान करने का आशय ही आलस्य का त्याग करने से है और इसका सीधा संदेश यही है कि संयम और नियम से रहने से उनका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा और उनकी अपनी साधना ही उनकी रक्षा करेगी। नरक चतुर्दशी मनाए जाने के संबंध में मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने प्रागज्योतिषपुर के राजा 'नरकासुर' नामक अधर्मी राक्षस का वध किया था और ऐसा करके उन्होंने न केवल पृथ्वीवासियों को बल्कि देवताओं को भी उसके अत्याचारों से मुक्ति दिलाई थी।

उसके आतंक से पृथ्वी के समस्त शूरवीर और सम्राट भी थर-थर कांपते थे। अपनी शक्ति के घमंड में चूर नरकासुर शक्ति का दुरुपयोग करते हुए स्त्रियों पर भी अत्याचार करता था। उसने 16000 मानव, देव एवं गंधर्व कन्याओं को बंदी बना रखा था। देवों और ऋषि-मुनियों के अनुरोध पर भगवान श्रीकृष्ण ने सत्यभामा के सहयोग से नरकासुर का संहार किया था और उसके बंदीगृह से 16000 कन्याओं को मुक्ति दिलाई थी। नरकासुर से मुक्ति पाने की खुशी में देवगण व पृथ्वीवासी बहुत आनंदित हुए और उन्होंने यह पर्व मनाया गया। माना जाता है कि तभी से इस पर्व को मनाए जाने की परम्परा शुरू हुई।

धनतेरस, नरक चतुर्दशी तथा दीवाली के दिन दीपक जलाए जाने के संबंध में एक मान्यता यह भी है कि इन दिनों में वामन भगवान ने अपने तीन पगों में सम्पूर्ण पृथ्वी, पाताल लोक, ब्रह्माण्ड व महादानवीर दैत्यराज बलि के शरीर को नाप लिया था और इन तीन पगों की महत्ता के कारण ही लोग यम यातना से मुक्ति पाने के उद्देश्य से तीन दिनों तक दीपक जलाते हैं तथा सुख, समृद्धि एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति हेतु मां लक्ष्मी का पूजन करते हैं। यह भी कहा जाता है कि बलि की दानवीरता से प्रभावित होकर भगवान विष्णु ने बाद में पाताल लोक का शासन बलि को ही सौंपते हुए उसे आशीर्वाद दिया था कि उसकी याद में पृथ्वीवासी लगातार तीन दिन तक हर वर्ष उनके लिए दीपदान करेंगे। नरक चतुर्दशी का संबंध स्वच्छता से भी है। इस दिन लोग अपने घरों का कूड़ा-कचरा बाहर निकालते हैं। इसके अलावा यह भी मान्यता है कि इस दिन प्रातः काल सूर्योदय से पूर्व तेल एवं उबटन लगाकर स्नान करने से पुण्य मिलता है।

## बढ़ा-चढ़ाकर पेश की जा रही है भारत-चीन समझौते की सफलता

**अंजन रॉय**

हालांकि पूर्वी लद्दाख में डेमचोक और देपसांग क्षेत्रों में संघर्ष और टकराव को लेकर भारत और चीन के बीच गतिरोध कम हो गया है, लेकिन तनाव पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। 22-24 अक्टूबर को रूस के कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से कुछ घंटे पहले जल्दबाजी में घोषित किये गये समझौते का उद्देश्य दोनों देशों के बजाय अंतरराष्ट्रीय दर्शकों को अधिक आकर्षित करना था। इस समझौते को द्विपक्षीय तनाव कम करने की तुलना में अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक प्रतिस्पर्धा के संदर्भ में अधिक देखा जाना चाहिए।

भारत और चीन के बीच कुछ धूमधाम से घोषित किया गया समझौता सीमा विवाद को वास्तव में कम करने की तुलना में दिखावे के लिए अधिक है। यह रूस के कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के संदर्भ में था, जिसका उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की बैठक के दौरान होने वाली सहमति के लिए आधार तैयार करना था। चीन का अतीत का ट्रैक रिकॉर्ड पिछली प्रतिबद्धताओं को अनदेखा करने का रहा है। चीन ने चीज स्लाइसिंग की रणनीति अपनाई है, यानी छोटे क्षेत्रों पर कब्जा करके फिर से आगे बढ़ जाना। कई क्षेत्रों में, चीन ने भारतीय क्षेत्रों पर दावा किया है और यहां तक कि बड़े पैमाने पर गांव भी बसाये हैं। उनमें से किसी भी संघर्ष का पूर्ण समाधान नहीं हुआ है या उस पर समुचित ध्यान भी नहीं दिया गया है। मौजूदा समझौते में अंतरराष्ट्रीय सीमा के केवल एक छोटे से हिस्से को संबोधित किया गया है, जहां दोनों देशों के बीच झड़पें हुई थीं, जिसके परिणामस्वरूप 20 भारतीय सैनिक मारे गये थे। कई अन्य क्षेत्रों में, चीनी घुसपैठ का समाधान नहीं किया गया है।

दोनों पक्षों द्वारा भारी संख्या में सैनिकों और वाहनों, और अन्य सैन्य उपकरणों और बंदूकों को इकत्रा करने के अलावा, एक और संघर्ष का तत्काल खतरा कम हो गया है। भारत को चीन से निपटने के लिए कई कदम उठाने होंगे। जब चीन की अर्थव्यवस्था गंभीर रूप से गिर रही थी और कुछ क्षेत्रों में उसके उद्योग सिकुड़ रहे थे, तब भारत द्वारा चीनी व्यवसायों और भारत में निवेश के खिलाफ उठाये गये कदमों ने उसके हितों को नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया था। समग्र मजबूरियों का आकलन करने के लिए पूरे कदमों और जवाबी कदमों के संदर्भ को ध्यान में रखना होगा। अमेरिका और यूरोपीय संघ सहित प्रमुख पश्चिमी देशों द्वारा चीन के निर्यात को रोका जा रहा था। यूरोपीय संघ के बाजारों में उच्च टैरिफ बाधाओं के साथ चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों को बाहर रखने की कोशिश की जा रही थी। अमेरिका चीनी ईवी निर्माताओं के खिलाफ नये कदम उठा रहा था। चीन के पास दुनिया भर में अपने ईवी को आगे बढ़ाने में बहुत बड़ा दांव है। इसके अलावा, अमेरिका ने चीन को महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी और वस्तुओं के हस्तांतरण के खिलाफ पूरी तरह से नाकाबंदी लगा दी है, जिसने कई मायनों में चीनी उद्योगों को पंगु बना दिया है। अमेरिका ने चीन को उच्च अंत औद्योगिक चिप्स की आपूर्ति से बाहर रखा है और यह कम से कम फिलहाल चीनी उद्योगों को नुकसान पहुंचा रहा है। चीन स्टील का सबसे बड़ा उत्पादक है और यह दुनिया भर में अपना स्टील डंप कर रहा है। तथ्य यह है कि चीन में हर साल उत्पादित होने वाले स्टील की भारी मात्रा को अवशोषित करने की क्षमता नहीं है। कई विकसित देश अपने घरेलू स्टील बाजारों से चीन को बाहर करना चाहते हैं। चीन ने अपनी अर्थव्यवस्था की वास्तविक स्थिति को छिपाने के लिए कई महत्वपूर्ण जानकारी जारी करना बंद कर दिया है। उदाहरण के लिए, चीन के सांख्यिकी ब्यूरो ने युवाओं की बेरोजगारी के आंकड़े देना बंद कर दिया है, ताकि युवाओं की बड़ी बेरोजगारी को छिपाया जा सके। यह एक ऐसी नीति को आगे बढ़ाने का आदर्श समय था जो संबंधों को सामान्य बनाने की किसी भी प्रक्रिया के लिए चीन को वास्तव में कड़ी चोट पहुंचा सकती थी। भारत को चीन से बड़ी रियायतों के लिए काम करना चाहिए था। यह हमारा समय था क्योंकि आर्थिक रूप से भारत अब तक चीन की तुलना में कहीं बेहतर स्थिति में था।



## राशिफल

**मेषः**- प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**बृषभः**- किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**मिथुनः**- नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कर्कः**- काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंहः**- अच्छे कायरें से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा।

**कन्याः**- कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**तुलाः**- भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें।

**वृश्चिकः**- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनो के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें।

**धनुः**- संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**मकरः**- नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभः**- कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा।

मीनः- थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी।

# बाल विवाह पर बड़ी अदालत का फैसला

**हेमलता म्हस्के**



सुप्रीम कोर्ट द्वारा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों को सख्त निर्देश देने से देश में बाल विवाह विरोधी अभियानों में अप्रत्याशित तेजी आने की उम्मीद बढ़ गई है। देश की सैकड़ों स्वयंसेवी संस्थाओं ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि बाल विवाह कानून को प्रभावी तरीके से लागू करने के अदालती निर्देश से देश से 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लक्ष्य को पूरी तरह सुनिश्चित करने में काफी मदद मिलेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बाल विवाह के कारण किसी को भी अपनी मर्जी से जीवन साथी चुनने के अधिकार का पूरी तरह से हनन होता है। बच्चों के इस अधिकार को सुनिश्चित करने में मौजूदा कानून में खामियां हैं, जिन्हें दूर करना जरूरी है। कोर्ट ने कहा है कि बाल विवाह से, खासकर लड़कियों के सामने ज्यादा मुसीबतें आ जाती हैं। शादी के बाद एक नाबालिग लड़की से बच्चों को जन्म देने और प्रजनन क्षमता साबित करने की उम्मीद की जाती है। बच्चे को जन्म देने के निर्णय लड़की से छीन लिए जाते हैं। एक बच्चे के रूप में विवाहित महिला की पसंद और स्वायत्तता का अधिकार बाल विवाह की प्रणाली द्वारा छीना जाता है। बाल विवाह करा कर नाबालिग लड़कियों को वैवाहिक संबंध बनाने के लिए मजबूर करने से वे तनाव झेलने को मजबूर होती हैं।

गैर-सरकारी संगठन सेवा (सेल्फ एम्प्लायड वीमेंस एसोसिएशन) और सामाजिक कार्यकर्ता निर्मल गोराना की याचिका पर आए इस फैसले का दो सौ से अधिक संस्थाओं के संगठन बाल विवाह मुक्त भारत ने स्वागत किया है। बाल विवाह मुक्त भारत से जुड़ी सोलापुर (महाराष्ट्र) की संस्था महात्मा फुले समाज सेवा मंडल के प्रमोद झिंझड़े के मुताबिक बाल विवाह मुक्त भारत देश के 400 से अधिक जिलों में बाल विवाह के खात्मे के लिए सक्रिय है। इस गठबंधन से जुड़ी संस्थाओं ने 2023-24 में पूरे देश में 1,20,000 से भी ज्यादा बाल विवाह रुकवाए हैं और 50,000 बाल विवाह मुक्त गांव बनाए हैं। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की खंडपीठ ने फैसले में कहा है कि श्बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम (पीसीएमए) 2006श् के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सरकार व प्रशासन को बचाव-रोकथाम-अभियोजन रणनीति के साथ समुदाय आधारित दृष्टिकोण से काम करने की जरूरत है। अदालत ने स्कूलों, धार्मिक संस्थाओं और पंचायतों को बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता के प्रसार का अहम जरिया बताते हुए बाल विवाह बहुल इलाकों में राज्यों को विश्व स्वास्थ्य संगठन की अनुशंसा के अनुरूप सेक्स एजुकेशन को स्कूली पाठ्यक्रम में जोड़ने की अनुशंसा की है। इस शिक्षा में लैंगिक समानता, प्रजनन स्वास्थ्य अधिकारों और शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बाल विवाह के प्रभाव के कानूनी पहलुओं के बारे में स्पष्ट जानकारी शामिल होनी चाहिए। याचिका में कहा गया था कि देश में बाल विवाह की स्थिति गंभीर है और उसके खिलाफ बने कानून पर अमल नहीं करके उसकी मूल भावना से खिलवाड़ किया जा रहा है।

इस पर फैसला सुनाते हुए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि कानून तभी सफल हो सकता है जब बहुक्षेत्रीय समन्वय हो। कानून प्रवर्तन अधिकारियों के प्रशिक्षण व क्षमता निर्माण की आवश्यकता है। हम एक बार फिर समुदाय आधारित दृष्टिकोण की जरूरत पर जोर देते हैं। बाल विवाह एक ऐसा अपराध है जिसने सारे देश को जकड़ रखा है और इसकी स्पष्ट व्याख्या के लिए सुप्रीम कोर्ट बधाई का पात्र है। साझा प्रयासों से बच्चों के लिए अहितकर बाल विवाह जैसी बुराइयों का पूरी तरह से खात्मा किया जा सकेगा। अभियान के संस्थापक भुवन ऋभु ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को भारत और पूरी दुनिया के लिए नजीर बताते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक फैसला सांस्थानिक संकल्प को मजबूती देने की दिशा में निर्णायक साबित होगा। यह देश से बाल विवाह के समग्र उन्मूलन के लक्ष्य की प्राप्ति के मार्ग की बाधाओं को दूर करने में बहुत सहायक होगा। सुप्रीम कोर्ट ने दिखाया है कि उसे बच्चों की परवाह है और अब समय आ गया है कि हम सभी आगे आएं और साथ मिलकर इस सामाजिक अपराध का खात्मा करें। ऋभु ने कहा, अगर हम अपने बच्चों की सुरक्षा करने में विफल हैं तो फिर जीवन में कोई भी काम मायने नहीं रखता। सुप्रीम कोर्ट ने एक समग्र दृष्टिकोण को मजबूती से अपनाने की जरूरत बताई है। बाल विवाह अपने मूल रूप में बच्चों से बलात्कार है। बाल विवाह मुक्त भारत से जुड़े संगठन इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक समग्र रणनीति श्पिकेटश् पर अमल कर रहे हैं, जिसमें नीति, संस्थान, सम्मिलन, ज्ञान, परिवेश, तकनीक जैसी चीजें शामिल हैं। अभियान के तहत विभिन्न धार्मिक नेताओं और समुदायों के साझा प्रयासों से इस अपराध के खात्मे के लिए 4.90 करोड़ लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ भी दिलाई है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश में कहा गया है कि सरकारें जिला स्तर पर श्चाइल्ड मैरिज प्रिवेंशन ऑफीसर नियुक्त करें।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# महोबा पुलिस ने मनायी सरदार पटेल जयंती

- राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए दिलायी शपथ
- पुलिस लाइन महोबा में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**




लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रुप में मनाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने मन की बात कार्यक्रम में इसका उल्लेख किया था और कहा था कि 31 अक्टूबर, 2024 को दीपावली का त्यौहार होने और इस दिन कार्यालयों में छुट्टी होने के कारण रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, महोबा में लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के चित्र का अनावरण कर माल्यार्पण किया गया तथा उपस्थित कर्मियों को सरदार पटेल जी की जीवनी के बारे में बताते हुये सभी को राष्ट्रीय एकता, अखण्डता व सुरक्षा की शपथ दिलाते हुए राष्ट की एकता और अखंडता बनाए रखने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। इसी क्रम में लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर ÷राष्ट्रीय एकता दिवस÷ के अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक के नेतृत्व में रन फोर यूनिटी कार्यक्रम के तहत पुलिस लाइन, महोबा में एकता दौड़ का आयोजन किया। इस एकता दौड़ में पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण सहित आम जनमानस द्वारा प्रतिभाग कर देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने का संकल्प लिया गया साथ ही लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर जनपद के समस्त थानों/कार्यालय पर सम्बन्धित क्षेत्राधिकारीगण एवं थाना प्रभारियों द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल की तस्वीर पर माल्यार्पण कर थाने में उपस्थित सभी कर्मिकों को राष्ट्रीय एकता, अखण्डता व सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी।

### राष्ट्रीय एकता की शपथ

मैं सत्य निष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं, जिसमें सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने की भी सत्य निष्ठा से संकल्प करता हूं। की शपथ दिलाई गई ।

# मारपीट के बाद अब चेयरमैन ने पत्रकारों के खिलाफ एससीएसटी व तमंचा लेकर धमकाने की दर्ज करायी रिपोर्ट

- पत्रकारों का समूह मिला पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी से

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



चेयरमैन व उनके गुर्गो ने पत्रकारों को घर बुलाकर मारपीट कर जख्मी कर दिया पत्रकारों द्वार रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद चेयरमैन ने अपने परिवारिक भतीजे से पत्रकारों के खिलाफ तमंचा लेकर धमकाने व एससीएसटी की रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

जानकारी के मुताबिक भाजपा नगर पंचायत अध्यक्ष सरीला पवन अनुरागी की गुंडई के चर्चे रोजाना हो रहे है, नगर पंचायत के स्वच्छता कार्यक्रम की असलियत लिखने से नाराज चेयमैन पवन अनुरागी ने पत्रकार अमित दिवेदी व शैलेंद्र मिश्रा को एक साजिश के तहत घर बुलाकर कमरे में बंद कर लिया कमरे में पहले से ही एक दर्जन लोग मौजूद थे जैसे ही दोनो कमरे में अंदर घुसे वैसे ही पहले से घात लगाये लोगो ने दोनो पत्रकारों पर हमला कर दिया। जिसमे हमलावरो में पवन अनुरागी,अखिलेश राजपूत,विक्रम यादव, नरेंद्र विश्वकर्मा,आरके सोनी,आकाश अनुरागी निवासी सरीला आदि लोग शामिल थे। इसमे तीन हिस्ट्रीशीटर अपराधी बताये जाते है। यही नही दोनो पत्रकारों को जख्मी करने के बाद चेयरमैन व उसके गुर्गो ने पत्रकारों के हाथ में तमंचा थमाने के बाद उसका बीडियों बनाया । इस साजिश में नगरपंचायत सरीला का एक निर्वतमान लिपिक भी शामिल है। सभासदो का कहनाहै कि इसके पहले भी चेयरमैन कई लोगो पर हमला करा चुके है दारोगा के साथ मारपीट की थी। भाजपा का दामन थामने के कारण वह हर मर्तवा बच निकलते है। दोनो पत्रकारों ने जरिया थाने जाकर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस ने डाक्टरी परीक्षण कराकर कार्यवाही शुरु कर दी है, इसके बाद पुलिस पर दबाव बनाकर पवन अनुरागी ने परिवारिक भतीजा कहे जाने वाले आकाश के द्वारा पत्रकारों के खिलाफ तमंचा लेकर धमकाने व जाति सूचक शब्द कहे जाने का मुकदमा दर्ज कराया है इस मामले को लेकर आज पत्रकारों का समूह पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी से मिलकर अपनी पीड़ा बतायी है पुलिस अधीक्षक ने पत्रकारों को न्याय दिलाये जाने का भरोसा दिलाया है अपर पुलिस अधीक्षक से जांच कराने को कहा है।

## लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में रन फॉर यूनिटी का शुभारंभ




**महोबा।** अखंड भारत के स्वप्नद्रष्टा, लौह पुरुष, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती के उपलक्ष्य में आज आल्हा चौक से परमानंद चौराहा तक एक भारत-श्रेष्ठ भारत को समर्पित फ्रीडम रन (रन फॉर यूनिटी) का शुभारंभ हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना आत्मनिर्भर और विकसित भारत को आगे बढ़ाने के लिए उत्तर से दक्षिण तक, पूर्व से पश्चिम तक, पूरा देश एकात्मता के भाव के साथ कार्य कर रहा है। राष्ट्रनायक सरदार पटेल की स्मृतियों को नमन व उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। रन फॉर यूनिटी मैं हिस्सा बने पूर्व जिला अध्यक्ष एवं कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी, भाजपा वरिष्ट नेता राहुल अग्रवाल, नगर अध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष प्रशांत गुप्ता नगर महामंत्री राजेश चौरसिया, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संदीप तिवारी, पूर्व सभासद संजय गुप्ता, सभासद नरेंद्र कुशवाहा, साधना गुप्ता, भज्जू वर्मा, वीरेंद्र मिश्रा, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप जैन, ओम नारायण तिवारी, जागेश्वर चौरसिया अशोक अवस्थी, राजीव शुक्ला, राजेश गोस्वामी, संगम द्विवेदी, संतोष चौरसिया, मोहन लाल कुशवाहा, जिला मीडिया प्रभारी सत्येंद्र प्रताप, ईश्वर दयाल, दीपक गुप्ता उपस्थित रहे।

# नलकूप व लघु डाल नहर के एक्शियन के दफ्तर में न बैठने से दूर दराज से आने वाला किसान निराश

- राजकीय नलकूप सभी संचालित पलेवा लक्ष्य के केवल दस फीसदी, अभियंताओं की लापरवाही ले डूबेगी रवि की फसल, कोई नहीं है सुनने वाला

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

गेहूं बोआई के लिये पलेवा का पीक सीजन होने के बाद भी नलकूप व लघु डाल नहर के अधिशासी अभियंता के दफ्तर में न बैठने से शिकायत लेकर दूरदराज से आने वाला किसान निराश होकर वापस लौट जाते है, सरकारी नलकूप सभी संचालित है मगर लक्ष्य के बिपरीत एक महीने में रकवा का केवल दस फीसदी पलेवा हो पायी है। किसानों का कहना है कि यही हाल रहा तो पलेवा तो दूर गेहूं की फसल विल्कुल चौपट हो जायेगी।

जानकारी के अनुसार जिले में रवी फसल के लिये राजकीय नलकूप विभाग को सिचाई के लिये 33 हजार दो सौ हेक्टेअर भूमि सिचाई का लक्ष्य शासन की तरफ से दिया गया है। जिसमे अभी तक पलेवा केवल 33 हजार 150 हेक्टेएअर हो पायी है। जो लक्ष्य का केवल दस फीसदी है। जब कि मांगके अनुसार कम से कम साठ फीसदी पलेवा हो जानी चाहिये। जिले में चलित राजकीय नलकूप 555 है। जिसमे विभाग ने दावा किया है कि नौ नलकूप यांत्रिक



दोष व सात नलकूप विद्युत दोष से बंद है शेष नलकूप संचालित है। यही नही विभाग में पांच सहायक अभियंता है एई की इतनी बड़ी फौज होने के बाद भी पलेवा केवलदस फीसदी हो पायीहै किसानों का कहना है कि ज्यादातर नलकूप खराब पड़े हुये जिसमे कुरारा ब्लाक की हालत सबसे ज्यादा खराब है। किसानों का कहना है कि वे राजकीय नलकूप की समस्या लेकर विभाग जाते है मगर आज तक न एक्शिनय हरीओम वर्मा मिले न ही कोई सहायक अभियंता मिला है जिससे समस्याएं व हालात खराब होते जा रहे है। जब भी किसी कर्मचारी से एक्शियन व एई की जानकारी की जाती है तो एक ही जवाब रहता है साहव फील्ड गये है या अधिकारी की बैठक में गये है। यही हाल लघु डाल नहर का है यहां पर भी एक्शियन व कोई एई नही बैठते है। किसानों का कहना है कि सिचाई का पीक सीजन तीन माह चलता है मगर अभियंता इस पीक सीजन में ही नही बैठते है जिससे किसानों की फसल प्रभावित होतीहै। यही कारण है अन्न उत्पादन घटता जाता है। जिले मे पलेवा की काम एक अक्टूबर से शुरु हो जाता है इस समय किसान पलेवा करने के बाद बोआई शुरु कर देता है मगर अभी तक पलेवा ही नही हो पा रही है जिससे किसान निराश व हतास हो रहा है,किसान सरकार को दमभर कोस रहा है। इस मामले में अधीक्षण अभियंता प्रेमपाल सिंह ने फोन से बताया कि इस मामले में वह दोनो एक्शियन से बात करेगे और दफ्तर में बैठने के लिये कहेगे। मजे की बात तो यह है कि सहायक अभियंता सीयूजी नंबर बंद रखते है ताकि कोई किसान अपनी समस्या न उठा सके। इस मामले में एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक का कहना है कि इस मामले में वह एक्शियन से पूछतांछ की जायेगी।

# उन्मुखीकरण कार्यक्रम में स्कूल के कायाकल्प समेत कई बिंदुओं पर की गई चर्चा

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

महानिदेशक स्कूल शिक्षा से प्राप्त निर्देशानुसार कस्बे के एक गेस्ट हाउस में बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित कराने हेतु ग्राम प्रधान स्थानीय प्राधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के सदस्यों का ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें स्कूलों के कायाकल्प समेत महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लालाराम निषाद तथा मौदहा चेयरमैन रज़ा मोहम्मद श्रीनाथ ने की। जहां



मौजूद खंड शिक्षा अधिकारी रामगोपाल वर्मा ने सामुदायिक सहभागिता के अन्तर्गत कराए गए विभिन्न कार्यो का व निपुण भारत कार्यक्रम के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथियों ने मौजूद प्रधानाध्यापकों जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए शिक्षा विभाग द्वारा कराए जाने वाले शैक्षणिक गुणवत्ता उन्नयन व सामुदायिक सहभागिता की प्रशंसा करते हुए विभाग का सदैव सहयोग करने का आश्वासन दिया है। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथियों को खंड शिक्षा अधिकारी रामगोपाल वर्मा ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन एआरपी हरिमोहन कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम व्यवस्था में विशेष रूप से रूपेंद्र सिंह तथा हरि मोहन गुप्ता ने अपना सहयोग दिया। इस अवसर पर जितेंद्र कुमार गुप्ता विवेक दीक्षित शिवेंद्र सिंह नरेंद्र चौरसिया मोहम्मद अख्तर उमाशंकर सुनील दत्त सुखदेव समेत कई प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

# सरस्वती विद्या इंटर कॉलेज में दीपावली व सरदार पटेल जयंती की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

मुख्यालय के आल्हा चौक स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आवासीय विद्यालय महोबा में विद्यालय परिवार द्वारा दीपावली और सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती की पूर्व संध्या पर विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्रधानमंत्री बहन नव्या सिंह ने संचालन करते हुए विद्यालय के छात्र भैयाओं को मंच पर आमंत्रित किया जिसमें भैयाओं ने दीपावली के संबंध में अपने विचार प्रस्तुत किये साथ-साथ दीपावली का पंचमहोत्सव मनाने के लिए कई तरह के आयोजन किए। इनमें से कुछ आयोजन ये रहे । सरस्वती मां की वंदना और मर्यादा



पुरुषोत्तम श्रीराम, और सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र के सामने सामूहिक दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन करना। मुख्य वक्ता विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य कमलेश सिंह द्वारा दीपावली के महत्व को बताना । प्रधानमन्त्री बहिन द्वारा भारतीय संस्कृति और सभ्यता का प्रतिबिंब स्थापित करने के लिए गीत गाना ।

प्रधानाचार्य द्वारा भारतीय संस्कृति को विश्व में बेजोड़ बताना और संस्कृति से प्राप्त सुसंस्कारों को ग्रहण करने का आह्वान करना प्रकृति की गोद में बैठ कर छात्र और आचार्यो द्वारा दीप प्रज्वलन करना और उनकी रक्षा के लिए शपथ लेना आदि शामिल रहा। विद्यालय के संगीताचार्य पंडित जगप्रसाद तिवारी ने ऐतिहासिक कारण बताते हुए दीपावली के पौराणिक महत्व को बताया। गणित प्रवक्ता आदित्य मिश्रा जी ने भारत में मनाए जाने वाले त्योहारों पर चर्चा करते हुए उसके महत्व को बताया। हिन्दी प्रवक्ता अरुण कुमार श्री माली ने दीपावली के मनाने का कारण बताते हुए भगवान राम के आगमन, पांडवों के आगमन, सिंधु सभ्यता में दीपावली मनाए जाने, विक्रमादित्य के आसीन होने, महावीर स्वामी के निर्वाण प्राप्त करने, हिरण्यकश्यप के विष्णु भगवान के संहार और समुद्र मंथन में लक्ष्मी और धनवंतरी के जन्म लेने के भिन्न भिन्न कारणों पर दीपावली मनाए जाने की चर्चा की। साथ साथ विद्यालय में दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोग पर निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता में सफल हुए छात्र भैयाओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री कमलेश सिंह जी ने पुरस्कृत किया जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता में अनुज चौरसिया और अभिषेक यादव ने प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया निबंध प्रतियोगिता में क्रमशः भैया विशेष त्रिवेदी और अक्षत सिंह ने प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के आंग्ल भाषा प्रवक्ता गिरीश सक्सेना ने अपने भाषण में बच्चों को त्योहारों से सीख लेने और उसे अपने जीवन में उतारने की प्रेरणा दी। अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने विद्यालय परिवार को दीपावली पावन पर्व को बिना पटाखे छुड़ाएं वृक्ष लगाकर एक नए तरीके से दीपावली उत्सव मनाने की बात कहते हुए सभी उपस्थित जनों को एवं देशवासियों को शुभकामनाएं दीं।

## खबरें एक नजर में

### सर्पदंश से किसान की मृत्यु

**राठ(हमीरपुर)।** खेत पर काम कर रहे किसान को जहरीले सांप ने काट लिया। किसान की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। महोबा जनपद के पनवाड़ी थाने के किल्हौवा गांव निवासी 51 वर्षीय मुन्नालाल पुत्र रतिराम सोमवार शाम करीब साढ़े तीन बजे अपने खेत में काम कर रहा था। तभी अचानक उसी दौरान जहरीले सर्प ने उसे काट लिया। जिसके बाद किसान की हालत बिगड़ने गई?। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां डॉ चंद्रशेखर सिंह ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई कालीचरण ने बताया कि मुन्नालाल अविवाहित था और अपनी दो बीघा कृषि भूमि में खेती किसानी के अलावा मजदूरी और पशुपालन आदि कर अपना भरण पोषण करता था।

### ट्रक की टक्कर से महिला की मौत

**राठ(हमीरपुर)।** सड़क किनारे कूड़ा फेंकने आईं महिला को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। जहां महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मुस्करा थाने के भगवानदास पुत्र शिवलाल ने बताया कि मंगलवार की सुबह करीब सात बजे उसकी मां 50 वर्षीय सुमित रानी सड़क किनारे कूड़ा फेंकने के लिए गई थी। तभी मुस्करा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी मां को रौंद दिया। जहां इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज झांसी रेफर कर दिया। जहां उनकी झांसी ले जाते समय मौत हो गई। बताया कि उसके पिता के नाम चार बीघा जमीन है। खेती कर परिवार का भरण.पोषण होता है। मुस्करा थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच कराई जा रही है।

### हत्यारोपी को पुलिस ने भेजा जेल



**मौदहा, हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के बिहरका गाँव में सोमवार को दिनदहाड़े गोलीमार पारिवारिक दादा को मौत के घाट उतारने वाले आरोपी व उसके चाचा के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपी को मैं आला कत्ल के जेल भेज दिया। इस घटना के बाद से गांव में भय का माहौल है। दहा के बिहरका गाँव निवासी लवकुश पुत्र कुंवर बहादुर सिंह ने पुरानी आपसी मामूली जमीनी विवाद विवाद को लेकर सोमवार की दोपहर बाद अपने परिवारिक दादा विक्रम सिंह 46 पुत्र रामशरण सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच घटना की जांच पड़ताल करते हुए आरोपी लवकुश को मैं आला कत्ल एक बंदूक बारह बोर तथा तीन कारतूस के खोका के गिरफ्तार कर लिया था।जिस आज जेल भेज दिया। कोतवाली पुलिस ने मृतक के पुत्र सत्येंद्र सिंह उर्फलकी की तहरीर पर आरोपी लवकुश सिंह व उसके चाचा विनोद सिंह के खिलाफहत्या समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लव कुश को जेल भेज दिया है। इस घटना के बाद से ग्रामीणों में भाई का माहौल है।

# एनयूएलएम के अन्तर्गत गठित महिला स्वयं सहायता समूहों ने स्वनिर्मित विभिन्न घरेलू उत्पादों के लगाए स्टॉल

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

जिला नगरीय विकास अभिकरण द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम में एनयूएलएम महोबा अन्तर्गत गठित महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा दीपावली मेला में स्वनिर्मित उत्पादों के स्टाल लगाये, जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर खरीददारी की और उत्पादों की खूब सराहना की।

मिशन शक्ति अभियान (फेज-4) के अन्तर्गत तहसील चौराहा के समीप स्थित पालिका के टाउन हॉल में जिला नगरीय विकास अभिकरण द्वारा नगर पालिका परिषद महोबा के सहयोग से दीपावली मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में एनयूएलएम के अन्तर्गत गठित महिला स्वयं सहायता समूहों ने स्वनिर्मित विभिन्न घरेलू उत्पादों के स्टॉल सजाये ।इन स्टालों में मुख्य रूप टोस्ट, रस्क, आटा, बेसन, पोहा, पास्ता, गरम मसाला, दलिया, चाय पत्ती, पापड़, चिप्स, मिट्टी के दीपक, फिनाइल, कैमिकल सहित विभिन्न उत्पादों के आकर्षक स्टॉल सजाये गये। आम लोगों



ने टाउन हॉल पहुँचकर महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित घरेलू उत्पादों की खरीददारी की और महिला समूहों के इस प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अवधेश कुमार, परियोजना अधिकारी डूडा राकेश वर्मा, शहरी मिशन निदेशक नीलम गंगेल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक-स्वच्छता भारत मिशन-नगरीय जन्मेजय सिंह, सामुदायिक आयोजक अलीमुन निशा सहित महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाऐं भी उपस्थित रहीं।

# आयुर्वेद नवाचार के अंतर्गत आयुर्वेद विभाग ने चिकित्सा शिविर का किया आयोजन

**महोबा।** मंगलवार को नवम् आयुर्वेद दिवस की थीम वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार के अंतर्गत आयुर्वेद विभाग द्वारा मुकंदलाल राजकीय इंटर कॉलेज महोबा में बृहत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी शिव कुमार गोस्वामी, जिला विद्यालय निरीक्षक गिरधारी लाल कोली, राज किशोर सिंह प्रवक्ता आई सी ने दीप प्रज्वलन कर आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण करके चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सकों डॉ. ममता वर्मा, डॉ प्रबल प्रताप सिंह, डॉ विकास कुमार, डॉ अभिलाषा एवं डॉ अर्पित कुमार द्वारा आम जनमानस



के साथ-साथ विद्यालय के बच्चों एवं स्टाफ को चिकित्सा परामर्श क्षार सूत्र, अग्निकर्म शलाका, मर्म चिकित्सा एवं औषधीय पौधों का प्रदर्शन तथा दवा का वितरण किया। सीडीओ हरेंद्र कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी पंकज यादव, बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल मिश्रा ने शिविर का भ्रमण कर उपस्थित स्टाफ से संबंधित विषयों पर जानकारी ली। इस अवसर पर फार्मासिस्ट अनिल कुमार, योग प्रशिक्षक सचिन गुप्ता, राजेश कुमार, यशपाल सिंह, जीतेन्द्र कुमार, पुष्पेन्द्र कुमार के साथ-साथ विद्यालय स्टाफ में कालकाप्रसाद, देवीप्रसाद, रामगोपाल आदि शिक्षकों के अलावा अपार जनसमूह उपस्थित रहा।

# असेंट पब्लिक स्कूल में दीप एवं रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।**

मंगलवार को असेंट पब्लिक स्कूल, घाटमपुर में हैलोवीन पार्टी और दीया एवं रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता आयोजन का आयोजन किया गया जिसमें छात्र/ छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अवसर पर विद्यालय के प्रांगण को विशेष रूप से सजाया गया था, जो सभी का ध्यान आकर्षित कर रहा था।

हैलोवीन पार्टी में कक्षा-पी. जी. से कक्षा - 05 के छात्र/ छात्राओं ने विभिन्न थीम पर आधारित पोशाक पहनकर अपने अद्भुत कौशल का प्रदर्शन किया तथा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों, नृत्य, टैटू कार्नर तथा क्राफ्टी फिंगर्स का आनंद लिया। कक्षा-6 से कक्षा-8 के छात्र/ छात्राओं के लिये , एक आकर्षक प्रतियोगिता दीया एवं रंगोली मेकिंग का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा के अनुसार रंगोली और दीये सजाने की कला को प्रदर्शित किया। इस प्रतियोगिता ने न केवल बच्चों की रचनात्मकता को उभारने का काम किया, बल्कि उन्हें भारतीय संस्कृति से भी जोड़ा। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के चेयरमैन श्री रमेश वर्मा के प्रेरणादायक शब्दों से हुई। श्री रमेश वर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों की रचनात्मकता और भारतीय संस्कृति के प्रति जुड़ाव मजबूत होता है।

उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता सिर्फ कला प्रदर्शन का माध्यम नहीं, बल्कि एक ऐसा अवसर है जिससे छात्रों में सामूहिकता और सहयोग की भावना विकसित होती है। उन्होंने छात्रों को अपने कार्यों में सृजनात्मकता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया, जिसमें बच्चों को दीयों का उपयोग कर पर्यावरण-अनुकूल दीपावली मनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के सचिव श्री संदीप वर्मा ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि दीपावली केवल एक पर्व नहीं, बल्कि अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का प्रतीक है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे अपनी पढ़ाई में भी इसी प्रकार मेहनत करें और अज्ञान के अंधकार को दूर कर ज्ञान के प्रकाश की ओर बढ़ें। प्रबंध समिति की सदस्य श्रीमती आरती वर्मा ने कहा कि रंगोली और दीये सजाने का यह अवसर उनके भीतर न केवल रचनात्मकता को प्रोत्साहित करता है, बल्कि उनकी सांस्कृतिक जड़ों को भी मजबूत बनाता है। उन्होंने बच्चों को यह भी संदेश दिया कि अपने आसपास के लोगों में खुशी और सकारात्मकता फैलाना ही सही मायनों में दीपावली का अर्थ है। अंत में, विद्यालय की प्रधानाचार्या दिव्या बाजपेयी ने विद्यार्थियों को भारतीय त्योहारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, उनके प्रति सम्मान और प्रेम का भाव बनाए रखने की प्रेरणा दी और कहा, इस प्रकार के आयोजन हमारे छात्रों को न केवल रचनात्मकता को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि उन्हें सांस्कृतिक परंपराओं से भी जोड़ते हैं।

हमें गर्व है कि हमारे बच्चे इन गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करते हैं। असेंट पब्लिक स्कूल में इस प्रकार के आयोजन आगे भी जारी रहेंगे, ताकि छात्रों में रचनात्मकता और सांस्कृतिक जागरूकता का विकास होता रहे। उपरोक्त कार्यक्रम विद्यालय एडमिन शिवम श्रीवास्तव , मनीष बघेल व आर्ट/क्राफ्ट शिक्षक अनिल शर्मा की देखरेख में सम्पन्न कराया गया।



# धोखाधड़ी से बचने के लिए हुए जागरूकता कार्यक्रम

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।



आर्यावर्त ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन कर लोगों को विभिन्न प्रकार की धोखाधड़ी से बचने तथा बैंक द्वारा संचालित विभिन्न आकर्षक योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र हैदरगढ़ सभागार में आयोजित इस कार्यशाला में बोलते हुए बैंक के महाप्रबंधक समीर देश पांडे ने कहा कि आज के समय में लोगों के साथ विभिन्न प्रकार के जागरूकता के अभाव में धोखाधड़ी के मामले प्रकाश में आ रहे हैं महाप्रबंधक ने कहा कि इससे बचने के लिए स्वयं में जागरूक होना अति आवश्यक है उन्होंने जोर देकर कहा कि समस्याओं से बचने का एकमात्र उपाय जागरूकता एवं सतर्कता ही है महाप्रबंधक ने लोगों से अपील की स्वयं जागरूक बने और अपने आसपास लोगों को भी जागरूक करे। महाप्रबंधक ने भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने हेतु भी जागरूक होने पर बल दिया उन्होंने कहा कि बैंक संबंधी किसी कार्य के चक्कर में न पड़कर सीधे बैंक शाखा के शाखा प्रबंधक से मिले और अपनी समस्याओं का निराकरण करायें । उन्होंने यह भी कहा कि किसी स्तर पर बैंक से जुड़े व्यक्ति द्वारा भी भ्रष्टाचार की बात अगर सामने आती है तो उन्हें वह क्षेत्रीय कार्यालय व सक्षम बैंक अधिकारी से भी शिकायत कर सकते हैं जिस पर तत्काल उचित कार्यवाही की जाएगी। इससे पूर्व क्षेत्रीय प्रबंधक आशुतोष चौबे ने भी लोगों को जागरुक एवं सावधान रहते हुए कार्य करने पर बल दिया।

क्षेत्रीय प्रबंधक श्री चौबे क्षेत्र से आए बड़ी संख्या में किसानों से आग्रह किया की बैंक ऋण समय से चुकाएं तथा बैंक द्वारा दी जा रही सुविधाओं का लाभ ले उन्होंने अपने मोबाइल की ओटीपी किसी से शेयर ना करने की सलाह देते हुए कहा की बैंक हमेशा अपने खाता धारकों के हितों की सुरक्षा हेतु प्रतिबद्ध है बैंक की क्षेत्रीय कार्यालय में वरिष्ठ प्रबंधक मोहम्मद इमरान ने इस विषय पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा की खाताधारकों को चाहिए की अपनी पासबुक आदि के कार्य खुद बैंक में जाकर करवाने चाहिए।

उन्होंने भी यह सलाह दिया बैंक द्वारा लोगों के हितों हेतु संचालित विभिन्न बैंक की योजनाओं का जहां अधिक से अधिक लोगों को लाभ उठाना चाहिए इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय से आए वरिष्ठ बैंक अधिकारी वैभव सक्सैना एवं अभिषेक सिंह तथा स्थानीय शाखा प्रबंधक बृजेंद्र लाल वेदवंशी बैंक से जुड़े हरीश यादव बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान व खाताधारक तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

## सरकारी भूमि पर लगे 12 पेड़ों को काटने पर मुकदमा दर्ज

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। सरकारी तालाब की जमीन पर लगे यूकेलिप्टस के पेड़ काटने वाले युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। लेखपाल की तहरीर पर सुबेहा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।हल्का लेखपाल जैलेन्द्र सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि सुबेहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत थलवारा ग्राम पंचायत मे गाटा संख्या 861 तालाब भूमि दर्ज है, उसी पर लगे यूकेलिप्टस के 12 पेड को लाल बहादुर सिंह निवासी पंडित पुरवा मजरे थलवारा ने जबरन काट डाले, लेखपाल के पूछने पर अपना कब्जा होना बताया। लकड़ी को कब्जे में लेकर ग्राम प्रधान की सुपर्द कर दी गई है। थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि लेखपाल की तहरीर पर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# विद्युत मेगा शिविर में बिल जमा न करने वाले 16 बड़े बकायेदारों के काटे गए कनेक्शन

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।



सुबेहा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत जगदिश्वापुर में अधिशासी अभियंता के निर्देशअनुसार विद्युत बिल जमा करने हेतु आयोजित विद्युत कैम्प के दौरान अनुरोध के बाद भी बिल जमा न करने वाले 16 बड़े बकायेदारों के विरुद्ध संयोजन विच्छेदन की गई कार्यवाही की गई।

संयोजन विच्छेदन की कार्यवाही के बाद एक युवक ने सुविधा शुल्क न देने पर कनेक्शन काटे जाने का आरोप लगाते हुए अवर अभियंता के खिलाफ ट्वीट कर मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से की है।अवर अभियंता सद्दाम हुसैन ने बताया कि विद्युत कैम्प के दौरान 44रशीद काटी गई है कुल 71 हजार की राजस्व वसूली हुई है डोर टू डोर जाकर बिल जमा करने हेतु सभी बकायेदार से अनुरोध के बाद बिल जमा न करने वाले 16 बड़े बकायेदार के खिलाफ संयोजन विच्छेदन की कार्यवाही की गई इस चेकिंग अभियान के दौरान निसार अहमद पुत्र हनीफ का 25 617 रुपए विद्युत बिल बकाया पाया गया था जमा करने हेतु कहा गया लेकिन उन्होंने मना कर दिया जिसके आधार पर संयोजन विच्छेदन की कार्यवाही की गई है।युवक द्वारा लगाए गए आरोप निराधार हैं। फर्जी ट्वीट कर छवि धूमिल करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध पुलिस से शिकायत करने की बात कही है।

# अखिलेश की भेजी गई चादर देवा शरीफ में चढ़ाई

> अखिलेश यादव के इस कदम को अमन चैन का संदेश देने वाला माना जा रहा है

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने हर वर्ष की तरह इस बार भी देवा शरीफ दरगाह मे उर्स के अवसर पर चादर भेजी।

इस बार भी यह चादर पार्टी के अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव कय्यूम प्रधान के हाथो भेजी गयी। अखिलेश यादव के इस कदम को अमन चैन का संदेश देने वाला माना जा रहा है। आपको बताते चले कि हाजी वारिस अली शाह की देवा स्थित मजार हिन्दू मुस्लिम एकता की प्रतीक मानी जाती है। हाजी वारिस अली शाह ने जो रब है वही राम है का संदेश दिया जो धर्म और समुदायो के बीच की खाई को पाटने का प्रयास था। यही कारण है कि देवा स्थित उनकी दरगाह पर सभी धर्मो के लोग पूरी अकीदत और श्रृद्धा के साथ आते है।

## पटाखों की सजी दुकानें बाजार की रौनक बढ़ी

जैदपुर बाराबंकी। दीपावली को मद्देनजर जैदपुर कस्बे मे पटाखों की तमाम दुकानें सज गयी है।क्षेत्र के लोगो सहित दूर दूर के भारी संख्या मे पटाखों के खरीददारों की आमद होने लगी है।जानकारी के अनुसार पटाखों को लेकर शानदार कारीगरी के चलते जैदपुर के कारीगर दूर दूर तक अपनी एक अलग पहचान बनाये हुए है।यहां की बेहतरीन आतिशबाजी के चलते कारीगरो को देंवा मेला सहित अन्य जगहोंपर पुरस्कार देकर नवम्बर वन होने का दर्जा भी मिला है।जिसे देख व सुनकर पूरे जिले सहित दूर दूर के लोग जैदपुर आतिशबाजी खरीदने आते हैं।जिसे लेकर गुलाम वारिश कल्लू,आफाक,नाजिम सहित कस्बे के कारीगरो द्वारा विभिन्न प्रकार के पटाखो की दुकानो को सजा दिया गया है।जिसकी खरीददारी हेतु लोगो की भीड़ का आना भी शुरू हो गया है।

# प्रधान से हुई मारपीट में मजदूर की मौत

बेलहरा बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



तीन दिन पहले मनरेगा कार्य करने के दौरान संदिग्ध हालात में घायल मजदूर की सोमवार रात इलाज के दौरान मौत हो गई। परिवारिजनों ने ग्राम प्रधान पर मार पीट का आरोप लगाया है। मंगलवार शाम पोस्टमार्टम के बाद पहुंचे शव का गम और गुस्से के बीच अंतिम संस्कार किया गया। बवाल की आशंका को देखते हुए अंतिम संस्कार के दौरान भारी पुलिस फोर्स तैनात रही।

मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के अमेरा निवासी रामप्यारी के अनुसार,उसके पति विश्राम गौतम (50) मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते थे। 26 अक्टूबर की सुबह आठ बजे ग्राम प्रधान गेंदलाल चौहान उर्फ गुड्डू मनरेगा के तहत मजदूरी कराने की बात कह कर पति को घर से ले गए थे। लेकिन ग्राम प्रधान ने मनरेगा कार्य के बजाए उनसे जबरन ट्रैक्टर ट्राली में पुआल (धान का अवशेष) भरवा रहे थे। इसका विरोध करने पर विश्राम और प्रधान के बीच विवाद हो गया। इस पर प्रधान ने फावड़े का डंडा निकाल कर उसे बेरहमी से पीटा। इससे विश्राम के शरीर पर कई गंभीर चोटे आई थी। ट्रैक्टर-ट्राली से गिर जाने से चोट लगने की बात कह कर प्रधान उन्हें घर छोड़ कर चले गए। पति की हालत बिगड़ती देख, उन्हें फतेहपुर सीएचसी में भर्ती कराया। वहां से जिला अस्पताल उसके बाद लखनऊ स्थित राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान सोमवार की रात विश्राम की मौत हो गई। मौत के बाद घर वालों के साथ थाने पहुंची पत्नी रामप्यारी ने पुलिस को तहरीर दी है। थाना प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि प्रधान के विरूद्ध जान-बूझकर चोट पहुंचाने,गैर-इरादतन हत्या के प्रयास, एसएसटी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## बीएलओ ने मतदाता सूची से नाम पढ़कर सुनाए

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। क्षेत्र के सभी बूथों पर बीएलओ के द्वारा मतदाता सूची दिखाई गई साथ ही बीएलओ के द्वारा मतदाता सूची के नाम पढ़कर सुनाया गया ।फार्म 6,7,8 के बारे में बताया गया। मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय लोधपुरवा में पंचायत सहायक, बीएलओ सीमा सिंह ने बूथ पर बैठकर को नए मतदाताओं को नाम जोड़ने के लिए आवेदन प्राप्त किया। वहीं मतदाता सूची को पढ़कर मतदाताओं को सुनाई इस अवसर पर पदाभिहित प्रधानाध्यापक मोहम्मद आरिफ मौजूद रहे। इसी तरह बरदरी, कटका , सोंधवा सहित सभी बूथों पर बीएलओ मौजूद रहे। बूथ लेवल एजेंट व परिवार का मुखिया अपने स्वजन के अधिकतम 10 फार्म जमा कर सकते है। बूथ लेवल एजेंट द्वारा पूरी पुनरीक्षण अवधि में 30 फार्म जमा कराए जा सकते है। वोटर हेल्पलाइन एप गूगल प्ले स्टोर द्वारा डाउनलोड कर फार्म 6, 7, 8 मोबाइल द्वारा आनलाइन भी भरा जा सकता है।

## खबरें एक नजर में

### छात्रों ने दिया बनाकर बीइओ को किया भेंट



सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय करौरा के छात्र-छात्राओं ने अपने हाथों से दीपक बनाया और उन्हें खंड विकास अधिकारी को उपहार में भेंट किया। दीपक पाकर खंड विकास अधिकारी अदिति श्रीवास्तव काफी प्रफुल्लित दिखाई दी। छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनको मिठाई खिलाई। उन्होंने बच्चों से एक-एक कर नाम सहित परिचय पूछा और बच्चों से कहा कि आप लोग पढ़ाई में भी मेहनत करें जिससे आप लोग काफी तरक्की करें। छात्र-छात्राओं ने बताया कि वह लोग हर वर्ष अपने हाथों से कच्ची मिट्टी को लाकर दिया बनाते हैं और उसको सूखने के बाद रंग भरकर उनको सजाते हैं। जिससे दीपक काफी सुंदर लगने लगता। छात्र-छात्राओं के साथ उनके अध्यापक रितेश कुमार व प्रहलाद कुमार विमल मौजूद रहे।

### भारत की कंटेंट इंडस्ट्री अपने वैश्विक पहचान के कगार पर खड़ी : मनोज डोभाल

लखनऊ,समृद्धि न्यूज। डिश टीवी पहली बार वैश्विक कॉन्टेंट फेंचाइज को भारत में कॉन्टेंट इंडिया 2025 के माध्यम से लाने जा रहा है। यह महत्वपूर्ण तीन दिवसीय मार्केट और कॉन्फ्रेंस मुंबई में आयोजित होगा, जिसमें दुनिया भर के प्रमुख कंटेंट क्रिएटर्स और इंडस्ट्री के विशेषज्ञ एकत्र होंगे। इस पहल का उद्देश्य भारत के मनोरंजन इंडस्ट्री और वैश्विक बाज़ारों के बीच साझेदारी को मजबूत करना और सहयोग बढ़ाना। कॉन्टेंट इंडिया 2025 के माध्यम से डिश टीवी एक बार फिर से इंडस्ट्री में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, ताकि कंटेंट क्रिएटर्स के लिए एक संरचित प्लेटफार्म प्रदान किया जा सके। डिश टीवी इंडिया लिमिटेड के सीईओ और कार्यकारी निदेशक मनोज डोभाल ने कहा, भारत की कंटेंट इंडस्ट्री अपने वैश्विक पहचान के कगार पर खड़ी है, जिसमें कई संभावनाएं छिपी हैं। डिश टीवी में हम मानते हैं कि इस इकोसिस्टम को बढ़ावा देना केवल हमारा लक्ष्य नहीं है, बल्कि यह भारत के क्रिएटिव भविष्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है। सी21मीडिया के साथ हमारी साझेदारी इसी प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो स्थानीय और अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिभाओं के बीच की दूरी को खत्म करने और भारतीय क्रिएटर्स के लिए वैश्विक अवसरों को खोलने की दिशा में अग्रसर है।

### बेकाबू ट्रेक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

जालौन। बेकाबू ट्रेक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक युवक की मौत हुई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पुहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कैंथ निवासी सुमित कुमार (27) पुत्र कालका प्रसाद दोहरे अपने साथी अनिरूद्ध (25) पुत्र जगत दोहरे के साथ भेंड में अपनी बहिन के यहां आयोजित किसी कार्यक्रम में गया थ। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद रात करीब 11 बजे दोनों साथी बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे। उसी समय जालौन की ओर से एक ट्रैक्टर कोंच की ओर जा रहा था। बाइक सवार दोनों युवक रनवां गांव के पास पहुंचे। तभी सामने से आ रहे बेकाबू ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके से निकल रहे राहगीरों ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही सुमित ने दम तोड़ दिया। डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस भी पहुंच गई और हादसे की जानकारी ली। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं, पति की मौत के बाद पत्नी रीता बेटा रियांश व मां गीता देवी का रो रोकर बुरा हाल है।

# फिरोती के लिए अपराहण के मामले में डकैत मंगली केवट को उम्रकैद

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।

बीस साल पहले डकैत मंगली केवट ने अपने साथियों के साथ मिलकर फिरौती की मांग को लेकर एक युवक का उरई से अपहरण कर लिया था। इस मामले में जालौन के स्पेशल डकैती कोर्ट के न्यायाधीश ने दोष सिद्ध होने पर डकैत मंगली केवट को आजीवन कारावास, साथ ही उसके तीन अन्य साथियों को सात-सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। वहीं मंगली केवट पर 50 हजार रुपए और तीन अन्य लोगों पर 20-20 हजार का जुर्माना लगाया है।

शासकीय अधिवक्ता हृदेश पांडेय ने बताया कि वर्ष 2004 में उरई कोतवाली से युवक शिवकुमार का अपहरण किया गया था। साथ ही उसके परिजनों से फिरौती की मांग की जा रही थी। जिस पर पुलिस ने उरई कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत किया था। बाद में आटा पुलिस की डकैतों से मुठभेड़ हुई थी। जिसमें अपहृत हुए शिव कुमार को आटा पुलिस ने मुक्त कर लिया था। जिसके बाद थाने में डकैतों की चुंगल से छूटे शिवकुमार ने पुलिस को जानकारी दी। साढ़े 4 माह पहले बबलू श्रीवास्तव निवासी राजेंद्र नगर शराब ठेका के पास गोधन चमार निवासी मोहल्ला राजेंद्र नगर, सोनालिका ट्रैक्टर एजेंसी के पास, महेश ढीमर निवासी मोहल्ला राजेंद्र नगर प्रकाश भवन के पीछे तथा राकेश शर्मा निवासी मोहल्ला राजेंद्र नगर हाथी मंदिर के पास थाना कोतवाली उरई ने मुझे शराब पिलाई। जब वह नशे में हो गया।

# पालिकाध्यक्ष ने वाटर कूलर उपलब्ध कराकर किया उद्घाटन

कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।




मंगलवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज कालपी में भगवान धन्वंतरि जयंती एवं दीपोत्सव का कार्यक्रम संपन्न हुआ। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका के अध्यक्ष अरविन्द यादव ने विधालय परिसर में स्थापित करने के लिए वाटर कूलर स्थापित कराकर उदघाटन किया।

विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रबंधक हरिभूषण सिंह चौहान ,कोषाध्यक्ष लल्लू राम गुप्त,अध्यक्ष रमेश तिवारी एवं समाजसेवी संजय सविता ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द यादव ने विद्यालय को वाटर कूलर उपलब्ध कराया मंगलवार को फीता काटकर उसका उद्घघाटन किया और वाटरकूलर से एक है। ग्लास ठंडा पानी भरकर विद्यालय के अध्यक्ष रमेश तिवारी जी को पिलाया और आगे भी विद्यालय का सहयोग करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में संजय सविता ने भगवान श्रीराम के बताये हुए मार्ग पर चलने को कहा। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में आए अध्यक्ष रमेश तिवारी ने भैया बहनों को अनुशासन में रहते हुए भगवान श्रीराम की तरह मर्यादा का पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सोनाली चौहान द्वारा किया गया एवं अतिथि परिचय वरिष्ठ आचार्य श्री चंद्रशेखर द्वारा कराया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर दीपोत्सव कार्यक्रम संपन्न किया। इस दौरान विद्यालय के आचार्य चंद्रशेखर ,रमेश ,अर्जुन प्रसाद मौर्यख्बाबू ,रामबाबू सोनाली चौहान, रमन ,निधि ,पंकज ,शिवम् सुशील, अर्पित ,प्रखर सुशीला,नन्दनी,जयहिन्द,धर्मेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

## बीपी सिंह को जितेंद्र पाल मैसेज कॉल के जरिए दे रहा जान से मारने की धमकी

कुठौंद(जालौन)। कुठौंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत जुगराजपुर निवासी बीपी सिंह ने थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण पाल सरोज को एक शिकायती पत्र देते हुए बताया कि हमारे गांव के ही जितेंद्र पाल उर्फजीतू पाल पुत्र रामबरन पाल के द्वारा मैसेजिंग कॉल के जरिए प्रार्थी बीपी सिंह को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। शिकायती पत्र देते हुए जुगराजपुर निवासी बीपी सिंह पुत्र श्री वीरेंद्र सिंह सेंगर ने बताया कि सात अक्टूबर की शाम को कई बार मैसेजिंग कॉल जितेंद्र पाल उर्फजीतू पाल के द्वारा किया गया और रात्रि 9 बजे मैसेजिंग कॉल करके प्रार्थी बीपी सिंह से कहा कि हमारे पास बहुत पैसा है और हमारे साथ क्रिमिनल लोग भी हैं प्रार्थी से अमर सिंह पाल कहां की तुम्हारे साथ जो लोग गौशाला की शिकायत करते हैं उन सब को निपटा दूंगा जिससे प्रार्थी बीपी सिंह भयभीत है।

## पूर्व निरीक्षक की चेकिंग से पेट्रोल पंप संचालकों में मची खलबली

कालपी,जालौन। जिला प्रशासन के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक कालपी सुशील कुमार के नेतृत्व में विभागीय कर्मचारियों की टीम ने तहसील क्षेत्र के पेट्रोल पंप की चेकिंग की। इस दौरान संचालकों को आवश्यक हिदायत दी गई। पूर्ति निरीक्षक सुशील कुमार, वरिष्ठ लिपिक शुवेंद्र कुमार तिवारी एवं विभागीय कर्मचारियों की टीम औचक तरीके से एजे पेट्रोल पम्प बाईपास कालपी में पहुंची। टीम ने पंम्प के परिसर में स्वच्छ पीने के पानी की उपलब्धता, प्रारंभिक उपचार के लिए फर्स्ट एंड की व्यवस्था देखी।वाहनों के लिए हवा की व्यवस्था तथा डिस्प्ले साइन बोर्ड तथा परिसर की स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण किया।

# खाद की दुकानों पर ओवर रेट पर डीएपी बेच रहे विक्रेता

जालौन,समृद्धि न्यूज।

सहकारी समितियों में खाद की कमी को देखते हुए खाद विक्रेताओं ने लाभ उठाना शुरू कर दिया है। किसानों ने आरोप लगाया है कि नगर में संचालित अधिकांश खाद की दुकानों में डीएपी ओवर रेट पर बेची जा रही है। सरकार से लेकर जिला प्रशासन तक किसानों को खाद की उपलब्धता का प्रयास कर रहा है और किसानों को सही कीमत पर खाद उपलब्ध कराने में लगा हुआ है। सरकार व प्रशासन के प्रयासों के बाद किसानों को सही मात्रा में खाद नहीं मिल पा रही है। सरकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध न होने के कारण किसानों को बाजार से डीएपी खाद खरीदनी पड़ रही है। किसान रामकुमार अकोढ़ी दुबे, राजेशचंद्र नैनपुरा, अनूप कुमार मकरंदपुरा, भुलई गुर्जर कैंथ आदि ने आरोप लगाया कि खाद की कमी का फायदा उठाकर खाद विक्रेता निर्धारित दर से अधिक दामों पर खाद की बिक्री कर रहे हैं। यदि किसान अधिक मूल्य का विरोध करें तो खाद देने से मना कर देते हैं। एक दुकान पर खाद लेने पहुंचे किसान सतीशचंद्र ने बताया कि बाजार में खाद 200 रुपये प्रतिबोरी अधिक पर बिक रही है। जब उन्होंने खाद विक्रेता से निर्धारित दर ही खाद बेचने की बात कही और अधिक दाम का विरोध किया।

# पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में मनी बल्लभभाई पटेल की जयंती

इटावा,समृद्धि न्यूज।



आज हमारे स्कूल में भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई। यह कार्यक्रम उनके देश के प्रति योगदान और एकता की भावना को सम्मानित करते हुए किया गया। सुबह की सभा में छात्रों और शिक्षकों ने एकत्र होकर उनके स्वतंत्रता संग्राम में योगदान और स्वतंत्रता के बाद देश को एकजुट करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को याद किया।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय एकता शपथ लेकर की गई, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने भारत की एकता और विविधता को बनाए रखने की प्रतिज्ञा ली। यह शपथ सरदार पटेल की एकजुट भारत की दृष्टि का प्रतीक थी, जिसने उन मूल्यों को पुनः जागृत किया जिनके लिए वह खड़े थे। हमारे सम्माननीय प्रधानाचार्य, डॉ कैलाश चंद्र यादव ने सभा को संबोधित किया और सरदार पटेल के जीवन, उनके राजनीतिक सफर और शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य महोदय ने स्वतंत्रता संग्राम में पटेल की भूमिका और रियासतों के एकीकरण में उनके मजबूत नेतृत्व पर जोर दिया, जिसने आधुनिक भारत को आकार दिया। प्रधानाचार्य ने छात्रों से सरदार पटेल के आदर्शों को अपनाने का अनुरोध किया, जिसमें एकता, दृढ़ता और ईमानदारी के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम का समापन छात्रों में एकता और अखंडता के आदर्शों को बनाए रखने की नयी प्रतिबद्धता के साथ हुआ, जो एक मजबूत और एकजुट भारत में योगदान देगा।यह सभा सरदार वल्लभभाई पटेल को एक सच्ची श्रद्धांजलि थी, जिसने युवा मनों को राष्ट्रीय गर्व और अखंडता की भावना को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

# धनतरेस पर कॉलेज में हुआ प्रतियोगिता का आयोजन



सहजनवां गोरखपुर समृद्धि न्यूज़। तहसील क्षेत्र सहजनवा में स्थित संस्कार इंटरमीडिएट कॉलेज जो रिढुआखोर में है वहां कॉलेज कैंपस धनतेरस के शुभ अवसर पर विद्यार्थियों के बीच निबंध , रंगोली, दीप डेकोरेशन, बोर्ड डेकोरेशन संबंधित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए रंगोली, व दीप को बेहद आकर्षक और दर्शनीय रहे। बहुत सारे बच्चों ने दीपावली पर अपने निबंध के माध्यम से प्रकाश डाला। बच्चों के द्वारा यह भी बताया गया की वायु प्रदूषण के बढ़ते खतरे को देखते हुए। हमें पटाखों से परहेज रखना चाहिए।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सत्येंद्र सिंह, के अलावा योगेशसिंह, विनोद राय, शत्रुघ्न सिंह, पंकज पांडे, पुरुषोत्तम यादव, मिथिलेश यादव सहित समस्त अध्यापक गण और कार्यालय कर्मचारीगढ़ उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों ने बनाया प्रदूषण रहित बुलडोजर पटाखा

सहजनवां, गोरखपुर समृद्धि न्यूज।



इंस्टिट्यूटऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर के बीटेक द्वितीय वर्ष डेटा साइंस के चार छात्र शाम्भवी मिश्रा तान्या प्रजापति,शीतल गुप्ता और अंशित कुमार श्रीवास्तव ने मिलकर ऐसा बुलडोजर पटाखा बनाया हैं जिससे किसी भी प्रकार का वायु प्रदूषण या सेहत को नुकसान नहीं होगा। इस पटाखों को छात्रों ने प्रदुषण रहित बुलडोजर बम का नाम दिया हैं इस बुलडोज़र टॉय के माध्यम सें बच्चे सुरक्षित रहकर ग्रीन पटाखे जला सकेंगे। तान्या प्रजापति ने बताया इस बुलडोजर खिलौने के माध्यम सें बच्चे सामान्य पटाखों को सुरक्षित रहकर दूर सें जला सकतें है इसे बच्चे सुरक्षित रह कर दीवाली के पटाखों को जला सकते हैं प्रति वर्ष देश भर में दीवाली के दिन हजारों बच्चे और बड़े लोग पटाखों सें गंभीर रूप सें जख्मी हों जाते है। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए हम लोंगो ने बच्चों की सुरक्षा के लिये बुलडोजर पटाखे बनाये हैं। वहीं छात्र अंशित श्रीवास्तव ने बतया बुलडोजर पटाखे को किसी भी मोबाइल के चार्जर सें चार्जिंग कर बच्चे पटाखे का आवाज निकलने के साथ छोटे - छोटे पटाखों को रिमोट कंट्रोल के माध्यम सें बुलडोजर में रख कर जाला सकतें हैं। संस्थान के निदेशक डॉ एन के सिंह का कहना है कि इन पटाखों से प्रदूषण को कम किया जा सकता है और वहीं यह पटाखे चाइनीज तकनीकी को पीछे कर देंगे। इससे प्रदूषण के साथ ही बच्चे सुरक्षित रहेंगे देश भर में पटाखों सें होने वाली दुर्घनाओं को भी रोका जा सकता है ऐसे में हमारे छात्रों द्वारा बनाये गये पटाखे बच्चों को पटाखों सें होने वाली दुर्घटना सें सुरक्षित रखेंगे। छात्रा शीतल ने बताया इसे बनाने में हमें 2 महीने का समय लगा हैं और लगभग, 850 रूपये का खर्च आया हैं इसे बनाने में रिमोट सर्किट, रिले 5 वोल्ट, गियर मोटर, ट्रांसफार्मर, बैटरी 7 वोल्ट, थ्रीड़ी प्रिंटर, हिटिंग प्लेट, इत्यादि का इस्तेमाल कर तैयार किया हैं। छात्रों की इस उपलब्धि पर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया ,सचिव श्यामबिहारी अग्रवाल ,कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया ,संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल सहित संस्थान के सभी शिक्षकों ने छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रसन्नता व्यक्त किया।

# रेडवुड ग्लोबल सीनियर सेक्रेड्री स्कूल में मना दीपावली महोत्सव

इटावा,समृद्धि न्यूज।



आज रेडवुड ग्लोबल सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में दीपोत्सव पर्व से पूर्व विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें रंगोली बनाओ, दीपक एवं थाल सजाओ, बन्दनवार बनाओ, कार्ड फार्मेसन सभी का जूनियर एवं सीनियर वर्ग में आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक अज्ञात वर्मा, निदेशिका स्वाती वर्मा, एवं प्रधानाचार्य भास्कर शर्मा ने सभी बच्चों को दीपोत्सव पर्व की बधाई दी। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती, माँ लक्ष्मी एवं गणेश वन्दना के साथ हुयी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अमर सिंह भदौरिया अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य एवं आशा भदौरिया जी ने सभी प्रतियोगिता के निर्णायक की भूमिका निर्वहन किया। रंगोली जूनियर में प्रथम यलो हाउस, द्वितीय ब्लू हाउस एवं तृतीय रेड हाउस रहे तथा ग्रीन हाउस को सान्तवना पुरूस्कार दिया।

# डीएम ने सरदार पटेल के चित्र पर किए पुष्प अर्पित

- कलेक्ट्रेट में मनाई सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती, दिलाई शपथ
- प्रत्येक 31 अक्टूबर को मनायी जाती है पटेल की जयंती

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गाँधी सभागार में सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए।

जिलाधिकारी ने कहा कि भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती प्रत्येक वर्ष 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। चूंकि इस वर्ष 31 अक्टूबर को दीपावली का पर्व पड़ रहा है। इसलिए आज ही सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती को भव्यता और गरिमा के साथ राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी कि मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूं। कि मैं राष्ट्र की एकता अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं।

जिसे सरदार बल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्य निष्ठा से संकल्प करता हूं। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह सहित अधिकारीगण, कर्मचारीगण मौजूद रहे।



सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण करते जिलाधिकारी

# अपर जिलाधिकारी ने अग्नि सुरक्षा के बताए उपाय

- आपात स्थिति में अग्नि शमन एवं जिला कन्ट्रोल रूम से ले सकते हैं मदद

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

दीपावली पर्व के दौरान अग्नि सुरक्षा उपायों के संबंध में बरती जाने वाली सावधानी, अग्नि सुरक्षा उपायों, आपातकालीन सेवाओं के सम्बन्ध में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एडवाइजरी जारी की।

अपर जिलाधिकारी/ उपाध्यक्ष जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण आशीष कुमार सिंह ने अपील करते हुए कहा कि लाईसेंस प्राप्त विक्रेताओं से ही पटाखे खरीदें।

यह सुनिश्चित करें कि गुणवत्ता वाले पटाखे खरीदें जो दुर्घटनाओं के जोखिम को कम करने के लिए अनुमोदित हो। इमारतों, वाहनों और ज्वलनशील पदार्थों से दूर पार्क, बड़े मैदान जैसे खुले स्थानों में पटाखे जलाएं। पटाखे जलाते समय संभावित आपातकालीन स्थिति के लिए पानी की बाल्टी निकट रखें। आग से संबंधित चोट के जोखिम को कम करने के लिए सूती वस्त्र पहनने को प्राथमिकता दें क्योंकि सिथेंटिक कपडे आसानी से आग पकड़ सकते हैं। पटाखे जलाते समय बच्चों की निगरानी के लिए हमेशा एक व्यस्क को साथ रखें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे सुरक्षा उपायों का पालन कर रहे हैं। पटाखे फोड़ने के बाद इस्तेमाल किए गए पटाखों का पानी की बाल्टी में सुरक्षित तरीके से निपटान करें ताकि किसी बची हुई चिंगारी से अग्नि दुर्घटना न हो। बताया कि इस दौरान घर के अंदर खिड़कियों के पास या अन्य बंद स्थानों पर कभी पटाखे न जलाए। ज्वलनशील पदार्थों के पास पटाखों का उपयोग न करें, पटाखों को सूखी पत्तियों, गैस सिलेण्डर या वाहनों जैसी वस्तुओं से दूर रखें।

> अपर जिलाधिकारी ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में अग्नि शमन सेवा के नम्बर टोल फी न. 101 जिला इमरजेन्सी कन्ट्रोल रूम 9454465005, टोल फी न. 1077 तथा एम्बुलेन्स सेवा 108 अथवा पुलिस हेल्प लाइन नम्बर डॉयल 112 पर कॉल करके मदद ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अस्पतालों में डाक्टरों की उपस्थिति एवं तैयारियों के सम्बन्ध में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है।

## दिली खुशी के लिए थामें सच्चाई का दामनः मुफ्ती साजिद

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** जलसा सीरतुन्नबी में मौलाना ने बताया कि दिली खुशी के लिए जरूरी है सच्चाई का दामन थाम लें यह मोमिन की पहचान है। जब भी बोलों सच बोलो अगर किसी से वादा कर लो तों उसे पूरा करने का जज्बा बनाओ गलती को गलती कहो सच्चाई को सच्चाई कहने वाले बनो। बीता रविवार रात को समधन के लोहिया नगर में स्थित मुर्तजा मस्जिद के पास एक जलसा कार्यक्रम आयोजित किया गया कुरान पाक की तिलावत से जलसे का आगाज हुआ मौलाना मुफ्ती साजिद रामपुर ने अपने बयान में बताया कि दिली खुशी के लिए जरूरी है सच्चाई का दामन थाम ले, औलाद की तरबियत मां- बाप की जिम्मेदारी इसी तरह मां- बाप पर औलाद की तालीम की भी जिम्मेदारी है। हम सब अपना मुआशरा सही करें। अगर हमारे पास किसी की अमानत रख दी जाए तो उसकी इजाजत के बगैर उसे इस्तेमाल करना ऐसा करना आपके लिए अमानत में खयानत है।

# शिक्षा रूपी प्रकाश से मिटायें अशिक्षा का अंधकार : प्रधानाचार्य

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

दीपावली प्रकाश का पर्व है। इस दिन हम अपने हृदय के अंधियारे को मिटाकर प्रेम भाई- चारे का प्रकाश पैदा करें। तभी दीपावली को सही रूप से सार्थक बना सकते हैं।

यह बात प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने कही। तेराजाकेट जीटी रोड स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज में मंगलवार को दीपोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छात्राओं ने रंग बिरंगी मनमोहक रंगोलियाँ बनाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के दियों से विद्यालय प्रांगण को सजा दिया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्र छात्राओं ने दीपावली को बेहद सावधानी के साथ मनाये जाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र में फैले अशिक्षा रूपी अंधकार को केवल शिक्षा रूपी प्रकाश से ही मिटाया जा सकता है। इसलिए छात्र छात्राएँ मन लगाकर अपनी शिक्षा ग्रहण करें और अपनी कक्षा को टॉप करके अपने विद्यालय व गाँव क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते हैं। अंत में उन्होंने सभी शिक्षकों को उपहार व मिष्ठान वितरित कर दीपावली की शुभकामनाएँ दीं। इस मौके पर चन्द्रप्रकाश गुप्ता, वीरेन्द्र सिंह, विकास कुमार, सरनाम सिंह, सुनील कुमार, फूल मोहम्मद, अमन यादव, रंजीत कुमार, जैनुल अंसारी, सचिन कुमार, आरती राजपूत, अल्का दुबे, लक्ष्मी शर्मा, मुस्कान इदरीसी, संजू यादव, वैष्णवी पाल, सीमा राजपूत, नाजरीन बानो, शिवानी दुबे, रागिनी, प्रेमा राजपूत, सहित कई शिक्षक शिक्षिकाएँ मौजूद रहीं।



# पूर्व राज्य मंत्री ने छोटे दुकानदारों से की धनतेरस की खरीदारी



**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

पूर्व राज्य मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना पांडे चेयरमैन मनोज दुबे ने शहर का भ्रमण कर छोटे दुकानदारों से धनतेरस की खरीदारी की नगर छिबरामऊ में भ्रमण कर व्यापारी बंधुओं तथा फुटपाथ पर अपनी दुकान लगाए छोटे दुकानदारों से भेंट कर सभी को धनतेरस व दीपावली की शुभकामनाएं दीं। एवं खरीददारी की। प्रभु से कामना है कि यह पर्व आप सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और सामर्थ्य लेकर आए।

# पुलिस लाइन में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजित

## पुलिस कर्मियों के साथ एसपी ने लगाई दौड़, विजेता प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर किया सम्मानित

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर शहर के पुलिस लाइन में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया।

आयोजित प्रतियोगिता में पुलिस कर्मियों के बीच दौड़ प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का जहां एसपी अमित कुमार आनंद ने हरी झंडी दिखाकर रन फॉर यूनिटी का शुभारंभ कराया। वहीं खुद एसपी ने भी प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाने को दौड़ लगाई। कार्यक्रम में कई महिला पुरुष कर्मियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों जिनमें पुरुष वर्ग में आरक्षी जगमोहन ने पहला स्थान पाया। अरुण कुमार दूसरे जबकि रज्जव तीसरे स्थान पर रहे। इसी प्रकार महिला वर्ग में आरक्षी रश्मि पहले, डॉली दूसरे और अभिलाषा तीसरे स्थान पर रहीं। इस दौरान एसपी अमित कुमार आनंद ने कहा कि देश को एकता की डोर में बांधने वाले लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल का देश के प्रति योगदान अभूतपूर्व रहा है। जिसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। कहा कि दौड़ प्रतियोगिता से पुलिस कर्मी हों या कोई अन्य, हमेशा फिट रह सकता है। कार्यक्रम के दौरान रन फॉर यूनिटी के तहत विजेता प्रतिभागियों को एसपी ने प्रमाणपत्र देकर सम्मानित भी किया।



पुलिस कर्मियों के साथ दौड़ में भाग लेते एसपी

# खबरें एक नजर में

## दो वर्ष के कारावास व पांच हजार के अर्थदण्ड से किया दण्डित

**छिबरामऊ, कन्नौज।** अभियुक्तगण द्वारा संगठित गिरोह समाज में भय व आतंक का माहौल बनाना व आर्थिक तथा भौतिक लाभ अर्जित करने अभियोग दर्ज कर जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया कन्नौज पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा मॉनीटरिंग सेल व कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुये न्यायालय एडीजे 5 द्वारा अभियुक्त अमित कुमार पुत्र बृद्धादिन निवासी शंकरपुर थाना सौरिख जनपद कन्नौज को 02 वर्ष का कारावास व 5,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## धनतेरस के पर्व पर बाजार में उमड़ी भीड़, की खरीददारी



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** धनतेरस पर्व पर धनवंतरि व माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना के लिए दिनभर लोगों ने बाजार में खरीददारी की। ग्राहकों को लुभाने और अधिक बिक्री करने के लिए दुकानदारों ने छूट व स्कीमों का सहारा लिया। चाहे वाहनों के शो रूम हो या फिर गिफ्ट हाउस की दुकानें हर तरफ स्कीम और प्लान की भरमार रही। जबकि खरीददार भी चतुराई दिखाकर मोल-तोल करते नजर आए। मंगलवार को लोगों ने धनतेरस के दिन माता लक्ष्मी और धन्वंतरि की घरों व दुकानों में विधि विधान से पूजा अर्चना की। जबकि घर के मुख्य द्वार पर दीपक भी जलाएं गए। धनतेरस का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। धनतेरस पर कुछ खरीदने की प्रथा के चलते लोगों ने बाजार में जमकर खरीददारी की। जिससे बाजार में ग्राहकों की भीड़ नजर आई। लोगों ने सर्राफा, गिफ्ट, इलेक्ट्रानिक्स, मोबाइल, वाहन, वर्तन, झाड़ू, क्राकरी, कपड़ा आदि की खरीददारी की।

## रंगोली व दीपक सजाकर हार्षोल्लास से मनाया दीपोत्सव



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम तेराजाकेट स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज में दीपोत्सव पर्व पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने रंग बिरंगी रंगोली बनाकर व स्कूल परिसर को दीपों से सजाकर प्रकाश पर्व को धूमधाम से मनाया। मंगलवार को दीपोत्सव पर्व को लेकर प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने कहा कि दीपावली प्रकाश का पर्व है। यह हमें अधंकार मिटाकर सुख, शांति, धन, वैभव, उन्नति का संदेश देता है। इसलिए शिक्षा के प्रकाश से अशिक्षा रूपी अंधकार को मिटाकर हम समाज में खुशियां ला सकते है। इसलिए छात्र-छात्राएं मेहनत व लगन से शिक्षा ग्रहण कर सफलता की ओर अग्रसर हो और अपना व परिवार का नाम रोशन करें। प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं से आतिशबाजी को सावधानी से छुड़ाने और पर्व की खुशियों को गरीब व जरूरतमंदों के बीच बांटने की अपील कर बधाई दी।

# डीएम ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण- 2025 कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने कहा कि कन्नौज में 01 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण- 2025 कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

जिसमें एकीकृत निर्वाचक नामावलियों को आलेख्य प्रकाशन 29 अक्टूबर, दावे/ आपत्तियों के दाखिल करने की अवधि 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर 2024 है। कहा कि 9 नवम्बर, 10 नवम्बर, 23 नवम्बर एवं 24 नवम्बर 2024 विशेष अभियान तिथियां निर्धारित है। तथा 06 जनवरी 2025 को निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन होगा। कहा कि तीनो विधान सभाओं में कुल जनसंख्या 2019156 है। जिसमें पुरुष मतदाता 682084, महिला मतदाता 593045 व अन्य 51 सहित कुल मतदाता 1275180 है। जनपद का जेण्डर रेशियो 869 व ईपी रेशियों 62.93 प्रतिशत है। जनपद में मतदान केन्द्र 1049 एवं मतदेय स्थल 1522 है। जिलाधिकरी ने कहा कि निर्वाचक नामावलियों में पंजीकरण हेतु 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर 2025 है। निर्वाचक नामावलियों में पंजीकरण हेतु प्ररुप 6 में केवल नए/ पहली बार मतदाता, प्ररुप 7 में वर्तमान मतदाता सूची में सम्मिलित नाम पर आपत्ति/ नाम हटाने हेतु एवं प्ररुप 8 में निवास परिवर्तन/प्रविष्ठियों में संशोधन/ फोटो पहचान पत्र का प्रतिस्थापन/ दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हाकर हेतु कर सकते हैं।

निर्वाचक नामावलियों में पंजीकरण हेतु आनलाइन/ आफलाइन के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। उन्होने कहा कि सभी छात्र-छात्रायें जांच कर लें कि उनका या उनके परिवार में जो 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की उम्र वाले सभी सदस्यो का मतदाता फोटो पहिचान पत्र बन गया है, यदि नही बना है। तो प्ररुप/ फार्म भरकर नाम सामिल करा लें। उन्होने कहा कि फोन में वोटर हेल्पलाइन एप इंस्टाल करके एप में सभी स्टेप को पूरा करके आसानी से रजिस्टेशन कर सकते हैं।





कार्यक्रम को संबोधित करते जिलाधिकारी

# बीमार बंदियों के उपचार में बरती न जाए लापरवाही



कारागार में बंदियो से पूछताछ करते जिलाधिकारी

- डीएम व एसपी ने जेल का निरीक्षण कर, व्यवस्थाओं को परखा

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी शुभांत कुमार शुक्ल व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने द्वारा कारागार का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मंगलवार को क्षेत्र के अनौगी स्थित जिला कारागार में डीएम और एसपी ने सभी अहातों की बैरकों में निरूद्ध बंदियो (पुरूष व महिला) से उनके खान- पान रहन सहन आदि समस्याओं के सम्बन्ध में और किसी के द्वारा उत्पीड़न आदि किए जाने, वकील न मिलने, मुलाकात तथा उपचार आदि से सम्बन्धित समस्याओं के सम्बन्ध में पूछताछ की। मुलाकात करने आए बंदियों के परिजनों से भी वार्ता की। पाकशाला का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता को परखा।निरीक्षण के दौरान जेल की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े उपकरणों विशेष रूप से सीसीटीवी कैमरें की क्रियाशीलता को देखा गया। अस्पताल में निरीक्षण के दौरान चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए गए कि बीमार बंदियों के उपचार में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न बरती जाये। कारागार में निरूद्ध वृद्ध व अशक्त बंदियों पर विशेष निगरानी रखे तथा उनका नियमित रूप से परीक्षण कर समुचित उपचार करना सुनिश्चित करें। अधिकारियों द्वारा जेल अधीक्षक मो. अकरम खां को सुगमतापूर्वक संचालन हेतु निर्देश दिए।

> **बंदियों द्वारा बनाई जा रही वस्तुओं की डीएम ने की प्रशंसा**
>
> कौशल विकास केन्द्र में बन रही वस्तुओं को देखा गया। उनके द्वारा कारागार में व्यवस्थाओं की विशेष रूप से कौशल विकास केन्द्र में बन रही वस्तुओं यथा बंदियों द्वारा बनायी जा रही जगमग झालर लाईटे, मोमवत्ती, मिट्टी के दीपक व फोटो फ्रेम पर गणेश लक्ष्मी व विभिन्न प्रकार के फोटो लगाकर एलईडी लाइटे व विभिन्न रंगों के कपड़े के कैरी बैग की प्रशंसा की।

# यातायात नियमों के प्रति जागरुक कर छात्र-छात्राओं ने किया श्रमदान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दिवाली मां भारत वाली के द्वितीय दिवस के अवसर पर पुलिस पाठशाला के अंतर्गत भारतीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र-छात्राओं ने सुरक्षा, यातायात नियमों के बारे में जानकारी प्राप्त की। शहर की यातायात व्यवस्था के साथ-साथ शहर के प्रतिष्ठित सिद्ध पीठ मंदिर पंडाबाग की साफ - सफाई कर श्रमदान किया। पुलिस पाठशाला के अंतर्गत रेलवे रोड चौकी प्रभारी राहुल सिंह चौधरी, पुलिस हेड कांस्टेबल मोमराज सिंह, विवेक कुमार सिंह आदि ने सहयोग किया। महाविद्यालय के समस्त राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र-छात्राओं ने पुलिस प्रशासन को दीपावली की बधाई दी और महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रभारी डॉ. आलोक बिहारी लाल के निर्देशन में पुलिस पाठशाला के अंतर्गत सुरक्षा एवं यातायात संबंधी नियमों की जानकारी से छात्र-छात्राएं परिचित हुए, एवं छात्र-छात्राओं ने नगर में पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर यातायात व्यवस्था में सहयोग किया।



पण्डाबाग मंदिर में साफ-सफाई छात्र-छात्रायें

## रंगोली प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बनाई कलाकृतियां

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दीपोत्सव पर्व को लेकर मंगलवार को नगर के तिर्वा रोड स्थित केसी एजूकेशन सेंटर में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 03 से 08 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्र-छात्राओं ने रंगोली बनाकर दीपक सजाएं और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बाजी मारी। रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा 08 की टीम विजेता रही। इसमें अनुष्का चौरसिया, सुनहरी, कनिष्का, आरुषी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रतिभा दिखाई। इसी प्रकार कक्षा 04 की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिसमें दीपांशी, हृदयांशी, सोना, अभ्यम, आयुष विजेता रहे। कक्षा 03 की टीम तृतीय स्थान पर रही। इसमें वैष्णवी, तनिष्का, दीपांशु, भूमिका और जानविका ने स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा दिखाई। छात्र-छात्राओं ने एकजुट होकर विद्यालय परिसर को रंगोली से सजाया और दीपोत्सव पर्व को हर्षोल्लास से मनाया।

# मदारपुर में राष्ट्रीय एकता दिवस के रुप में मनी पटेल जयंती



पटेल जयंती मनाते शिक्षक व छात्र-छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में पटेल जयंती मनायी गई। शासन के निर्देश पर हर वर्ष लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है, किन्तु इस वर्ष 31 अक्टूबर को दीपावली पर्व के कारण स्कूलों में अवकाश के चलते पटेल जयंती को 29 अक्टूबर को ही मनाने का आदेश दिया गया था। कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्कूली स्टाफ के साथ बच्चों ने पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। बीएलओ समोद कुमार पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस बार स्कूल में रन फार यूनिटी का आयोजन नहीं किया जा सका। कार्यक्रम में योगेन्द्र कुमार, आकाश पाल, आशा, उमा आदि उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य राजकिशोर शुक्ल ने पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व की सभी को शुभकामनाएं देकर हर वर्ष की भांति इस बार भी रसोईयों को उपहार भेंट किए।



रन फॉर यूनिटी में भाग लेते प्रधानाचार्य व छात्र

## पटेल जयंती पर रन फॉर यूनिटी में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आरपी इंटर कॉलेज कमालगंज में शासन के दिशा निर्देश के अनुसार लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई। आरपी इंटर कॉलेज के छात्राओं ने दौड़ लगाकर कार्यक्रम में भाग लिया। प्रधानाचार्य कैप्टन बलविंदर सिंह ने सरदार वल्लभभाई पटेल के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी और छात्र-छात्राओं को शपथ दिलायी। संजीव कुमार ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर 12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के कैडेट्सों द्वारा रन फॉर यूनिटी की गई। इस दौरान राजेश कुमार पांडे, राजेश द्विवेदी, हरेंद्र प्रताप सिंह, संजीव कुमार, सुनील कुमार, रणजीत सिंह, दिव्या शर्मा, कुलदीप कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# रामलीला का ग्राम प्रधान ने किया उद्घाटन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत में हो रही रामलीला का ग्राम प्रधान ने फीता काटकर उद्घाटन किया। ब्लॉक प्रमुख की तरफ से ग्राम पंचायत में सोलर लाइट लगवाने का ग्राम प्रधान ने आश्वासन दिया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र की पंचायत गढ़िया बबना में शुरू हुई श्री रामलीला का ग्राम प्रधान पति संजीव यादव ने फीता काटकर किया। उद्घाटन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन किया गया। इसके बाद वहां मौजूद आचार्य ने भूमि पूजन कर रामलीला का शुभारंभ किया। ग्राम प्रधान पति संजीव यादव ने बताया की मेजर एसडी सिंह पी0जी0 आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज के चेयरमैन तथा नवाबगंज ब्लॉक प्रमुख के पति डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव ने ग्राम पंचायत गढ़िया में सोलर लाइट लगवाने का आश्वासन दिया। वहीं ग्राम प्रधान ने 5100 का आर्थिक सहयोग भी कमेटी को दिया। उन्होंने बताया कि यह आर्थिक सहयोग भी मेजर एसडी सिंह डिग्री कॉलेज के चेयरमैन के द्वारा कमेटी के लिए दिया गया है और वह अपने पैतृक ग्राम पंचायत विकास कार्य कराने से पीछे नहीं हटेंगे। इस मौके पर ग्राम प्रधान बबना हरदुआ संजीव यादव, राम भजन सिंह, नरोत्तम सिंह, रामवीर सिंह तथा समस्त रामलीला कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।



फीता काटकर उद्घाटन करते ग्राम प्रधान व मौजूद कमेटी के लोग


दीपावली
एवं भाईदूज
की सभी को
हार्दिक शुभकामनायें
रामशरन कश्यप
प्रशांत
कश्यप
ग्राम बरतल
मो0: 8127667429
पूर्व प्रत्याशी नवाबगंज नगर पंचायत अध्यक्ष


दीपावली
एवं भाईदूज की सभी को
हार्दिक शुभकामनायें
नीलेश कुमार गंगवार
गोपाल टी.वी.एस.
सेल्स एण्ड सर्विस
शोरूम मंझना रोड, नवाबगंज, फर्रुखाबाद
संरक्षक- श्री रामऔतार सिंह
प्रधान जी ( नगरिया वाले)
मो0: 7897935184
दुष्यंत कश्यप
अन्नू डीजे,टैंट हाउस
मंझना रोड नवाबगंज, फर्रु0
अश्वनी कुमार यादव
माया मैरिज लॉन
नगर अध्यक्ष सपा
प्रतिः जेएस यादव ज्वैलर्स, यादव वस्त्र भण्डार नवाबगंज
सुनील कुमार
(प्रधान पिलखना)
मानेन्द्र प्रताप
ग्रा0वि0 अधिकारी
ब्लाक नवाबगंज, फर्रुखाबाद
मनोज कुमार यादव
ग्राम पंचायत हथौड़ा
(प्रधान प्रतिनिधि)
विकास खण्ड, नवाबगंज


दिवाली
एवं भाईदूज की सभी को
हार्दिक शुभकामनायें
मा. नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
मुकेश राजपूत
सांसद, फर्रुखाबाद
रूपेश गुप्ता
जिला अध्यक्ष भाजपा, फर्रुखाबाद
सुशील शाक्य
विधायक, अमृतपुर
मा. योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
अनिल राजपूत
अध्यक्ष- नगर पंचायत नवाबगंज

# रोशनाबाद में बंद पड़े दो घरों से लाखों की चोरी

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** चोरों ने दो बंद घरों से लाखों के जेवरात पार कर दिये। गृहस्वामी बाहर होने की वजह से क्या-क्या माल चोरी हुआ है, इसकी जानकारी नहीं हो पायी।

जानकारी के अनुसार शमसाबाद थाना क्षेत्र के गांव रोशनाबाद में बंद पड़े दो घरों को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया। ग्रामीण बैंक के निकट स्थित अनूप गंगवार के घर को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया। अज्ञात चोर उनके बंद पड़े घर के मुख्य गेट के ताले तोड़कर अंदर घुसे। मकान के अंदर बने कमरों में रखे संदूकों के ताले तोड़कर उनमें रखे कीमती सामान व जेवरात सहित नकदी चोरों ने पार कर दी। अनूप की मां का हार्ट का आपरेशन हुआ है तो वह अपने पुत्र के लखनऊ स्थित पुत्र के घर पर रहकर स्वास्थ लाभ ले रहीं हैं। सुबह घटना की जानकारी उस वक्त हुई जब उनके घर काम वाली काम करने के लिए गई। घर का मुख्य गेट खुला होने पर उसे अनहोनी की आशंका हुई। जिस पर वह अंदर गई। अंदर का नजारा देखकर महिला के होश फाख्ता हो गए। महिला द्वारा उसकी सूचना मोहल्ले वालों को दी गयी। जिस मोहल्ले वालों ने सूचना अनूप को दी। चोरी की घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की।

इस संबंध में जब गृह स्वामी अनूप गंगवार से बातचीत की गई,तो उन्होंने बताया कि वह घर आने के बाद ही सही स्थिति के बारे में बता पाएंगे अभी



चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान

कुछ कहना मुमकिन नहीं है। वहीं चोरों द्वारा दूसरी घटना को इसी गांव के निवासी दिनेश पुत्र दयाराम जाटव के घर हुई। जो कि इटावा में रहकर मजदूरी का कार्य कर अपना जीवन यापन करता है। उसका घर गांव के बाहर स्थित हैं जिसमें ताला पड़ा रहता है। यहां भी अज्ञात चोरों द्वारा मुख्य गेट का ताला तोड़कर अंदर के दो कमरों का ताला तोड़कर घरेलू सामान चोरी कर लिया गया। वहीं गृह स्वामी के घर पर मौजूद न होने की वजह से घटना में चोरी हुए सामान की कोई जानकारी नहीं मिल पाई थी।

# सुरक्षा की दृष्टि से अंकित के घर पुलिस तैनात

**भाजपा नेता अंकित तिवारी को मिली अग्रिम जमानत**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंत्री अंकित तिवारी ने बीते दिनों एक टिप्पणी की थी, जबकि अंकित तिवारी ने स्पष्ट रुप से माफी मांगते हुए कहा था कि मेरा किसी जाति धर्म को ठेस पहुंचाने का उद्देश्य नहीं है। फिर भी किसी को ठेस पहुंची हो तो मैं माफी मांगता हूँ। उसके बावजूद भी भाजयुमो नेता अंकित तिवारी के खिलाफ जमीयतुल उलेमा की शिकायत पर सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया। मामला सामने आने पर अंकित तिवारी पर आरोप लगाया गया कि उन्होंने मुस्लिम पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की है।



भाजपा नेता अंकित तिवारी

शिकायतकर्ता की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक ने संज्ञान लिया और अंकित तिवारी पर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। जिसके तहत भाजयुमो नेता पर मुकदमा दर्ज किया गया। इस घटना को लेकर हिन्दू संगठनों ने सक्रियता दिखायी और अंकित तिवारी के साथ खड़े होकर उनका सहयोग करने की बात कही। मामले में जमीयतुल उलेमा के महासचिव मौलाना सलाउद्दीन काशमी ने शिकायत की थी। अंकित तिवारी की सुरक्षा को देखते हुए उनके घर के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया है। जबकि इस्लाम धर्म के खिलाफ अपशब्द कहने पर अंकित तिवारी को कोर्ट द्वारा अंतरिम जमानत मिल चुकी है। जिसकी पैरवी अधिवक्ता डा0 दीपक द्विवेदी ने की। हिन्दूवादी नेताओं ने अंकित तिवारी को हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। वहीं सामाजिक सद्भाव बनाये रखने के लिए दोनों पक्षों से पुलिस ने संयम बरतने की अपील की है। पुलिस ने इस मामले को लेकर गंभीरता दिखाते हुए भाजपा नेता के घर पर पुलिस तैनात कर दी है।

## दीप सजाओ व रंगोली बनाओ प्रतियोगिता सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एसएस पब्लिक स्कूल नारायणपुर में दीपावली के अवसर दीप सजाओ रंगोली बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कमेटी चैयरमैन सुरेश चंद्र अवस्थी, मैनेजर अनुपम अवस्थी, संस्था के प्रधानाचार्य देवेश नारायण अवस्थी तथा डायरेक्टर जतिन नारायण अवस्थी ने दीपावली एवम् लक्ष्मी पूजन के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर गौरव, हर्षित, प्रिया, वैष्णवी, आरिश, पीयूष, अविरल, श्याम, रिवांश, अक्षिता, कार्तिक, आरव, सोनल, प्रयांशी, रिशव, अनुष्का आदि बच्चो ने विभिन्न दीपकों में मनमोहक सजावट की और रंगोली भी बनाई। कोर्डिनेटर राहुल मिश्रा, राजेश तिवारी, आयुषी राठौर, पूजा कुमारी मौजूद रहीं।

# धनतेरस पर गुलजार हुआ बर्तन बाजार, उमड़े ग्राहक



दिया व गणेश लक्ष्मी खरीदते ग्राहक



बाजार में बिक रहे खील खिलौना व बतासे

**सर्राफा बाजार में बिक्री रही मिली जुली, चॉदी की ज्यादा मांग गणेश लक्ष्मी की बिक्री पर महंगाई का नहीं दिखा असर**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** धनतेरस पर महंगाई के चलते बिक्री पर असर पड़ा है। देर रात तक ग्राहकों ने गणेश लक्ष्मी व बर्तन बाजार से बर्तन खरीदे। पूरे दिन बाजार में सन्नाटा रहा। दोपहर बाद बाजार में रौनक देखने को मिली। 50 रुपये वाले गणेश लक्ष्मी 100 रुपये में बिक रहे हैं। 100 रुपये वाले गणेश लक्ष्मी 150 रुपये में बिक रहे हैं। वहीं 150 रुपये वाले गणेश लक्ष्मी 200 रुपये में बिक रहे हैं व 250 वाले 350 रुपये में बिक रहे हैं। सर्राफा बाजार में भी मिला जुला असर दिखायी पड़ा। सर्राफा बाजार में भोलानाथ सर्राफ ज्वैलर्स के प्रोप्राइटर मुदित टंडन ने बताया कि महंगाई के चलते बिक्री हल्की रही। त्यौहार को देखते हुए ज्यादातर चांदी के गणेश लक्ष्मी, चांदी के सिक्के, बिछिया व पायल की बिक्री रही। सोने की बिक्री फीकी रही। सर्राफा बाजार में कई दुकानों पर सन्नाटा दिखा। देर शाम तक बर्तन बाजार में भीड़ दिखी और जाम की स्थिति बनी रही। ग्राहकों ने गिलास व चम्मच आदि फुटकर में खरीदे। जिस कारण दुकानों पर रौनक दिखी। बर्तन बाजार में बिकवाली ठीकठाक रही। ज्यादातर स्टील के बर्तन बिके। खील बतासा व खिलौने 100 रुपये किलो बिक रहे है। मिट्टी के दिये 100 रुपये के 100 बिक रहे है।

# निबंध प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्रायें हुए सम्मानित

**24 अक्टूबर को मेजर एस0डी0 सिंह पी0जी0 आयुर्वेद कालेज में हुई थीं प्रतियोगितायें**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मेजर एस0डी0 सिंह पी0जी0 आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज प्रांगण में 9वां आयुर्वेदिक दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 24.10.2024 को वैश्वक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार विषय पर निबन्ध प्रतियोगित का आयोजन किया गया। जिसमें बैच 2023, 2022, 2021, 2020 के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया था। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार का वितरण 29.10.2024 धन्वन्तरि दिवस के दिन किया गया। प्रतियोगिता सम्पन्न कराने में कालेज प्राचार्य प्रो0 डॉ0 अंजना दीक्षित, प्रो0 डा0 शीलू गुप्ता, डॉ0 मुकेश विश्वकर्मा, डॉ0 अरुण कुमार




निबंध प्रतियोगिता के विजेता छात्रा-छात्रायें व मौजूद स्टाफ

पाण्डेय, डॉ0 भारतीय पांचाल, डॉ0 आनन्द बाजपेयी, डॉ0 पीयूष माधव आदि शिक्षकों ने योगदान दिया। दिनांक 25.10.2024 को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पी0जी0 स्कॉलर के प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन एवं 9वां आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में जन जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य प्रो0 डॉ0 अंजना दीक्षित, प्रो0 डॉ0 शीलू गुप्ता, डॉ0 देवासीष विस्वाल, डॉ0 विजय मोहन गुप्ता, डॉ0 निरंजन एस0, डॉ0 सीबा प्रसाद मिश्रा, डॉ0 मुकेश विश्वकर्मा, डॉ0 विघ्नेश्वर, डॉ0 सुमन कुन्दू, डॉ0 स्वेता यादव, डॉ0 संकल्प सिंह, डॉ0 अंकिता शर्मा, डॉ0 विकास बाबू, डॉ0 शिवओम दीक्षित, डॉ0 भारती पांचाल, डॉ0 अविधा सिंह, डॉ0 सौम्भा, डॉ0 भाग्यश्री, डॉ0 शिल्पा विस्ट के अलावा डॉ0 अरुण पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# बाढ़ प्रभावित कृषकों को 2,27,09,370 रुपये की वितरित की गयी अनुदान राशि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में बाढ़ से कृषकों की फसलों में हुई क्षति का राजस्व, कृषि एवं गन्ना विभाग के कर्मिकों से सर्वे कराया जा रहा है। जिसमें अभी तक तहसील अमृतपुर के 3501, तहसील कायमगंज के 2928 एवं तहसील सदर के 34 कृषकों को इस प्रकार कुल 6463 कृषकों को सम्मलित किया गया है।

सत्यापनोपरान्त अभी तक तहसील अमृतपुर के पात्र 3282 कृषकों को कृषि निवेश अनुदान धनराशि रुपया 1,62,40,999 एवं तहसील कायमगंज के 856 पात्र कृषकों को कृषि निवेश अनुदान धनराशि 63, 84, 252 एवं तहसील सदर के पात्र 34 कृषकों को कृषि निवेश अनुदान धनराशि 84,119 रुपया इस प्रकार कुल पात्र 4172 कृषकों को धनराशि के रुप में 2, 27, 9,370 का वितरण किया जा चुका है। सर्वे में सम्मलित शेष कृषकों की फसलों में क्षति के सत्यापन की कार्यवाही की जा रही है। शीघ्र ही उनको भी अनुदान राशि वितरित की जायेगी। हर उस किसान को मुआवजा दिया जायेगा, जिसका नुकसान हुआ है। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 सुभाष चन्द्र प्रजापति द्वारा दी गई।

# जनपद को मिली कोरो मण्डल की 22 हजार एनपीके बोरी

**छापेमारी में तीन लाइसेंस निलंबि, विक्रेताओं में हड़कंप**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह द्वारा आलू की बुवाई के दृष्टिगत रखते हुए अधिकारियों द्वारा लगातार उर्वरकों की आपूर्ति एवं वितरण की समीक्षा तथा चेकिंग करायी जा रही है। जनपद में फॉस्फेटिक उर्वरकों यथा एन0पी0के0 की आपूर्ति भी तेजी से हो रही है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि डीएम के निर्देश पर 15 दिवस के अन्दर कार्यवाही करते हुए 02 उर्वरक विक्रेताओं के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। वहीं 17 विक्रेताओं के विरूद्ध निलम्बन की कार्यवाही करते हुए 02 प्रतिष्ठानों को सील भी किया गया है। मंगलवार को नवाबंगज एवं शमसाबाद क्षेत्र में जिला कृषि अधिकारी द्वारा उर्वरक प्रतिष्ठानों पर




दुकान पर छापे मारते अधिकारी

उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण की चेकिंग की गयी एवं स्थानीय कृषकों के साथ ही किसान संगठन के पदाधिकारियों से भी सम्पर्क कर उर्वरकों की स्थिति की जानकारी की गयी। छापे के दौरान बिना कोई सूचना चस्पा किये प्रतिष्ठान बंद कर गायब होने के कारण किसान खाद भण्डार पुठरी, किसान खाद एवं बीज भण्डार पुठरी एवं समुचित अभिलेख न दिखाने के कारण गुप्ता खाद एवं बीज भण्डार अचरा रोड नवाबगंज का लाइसेंस निलम्बित कर दिया गया है। वहीं किसानों सुझाव दिया जा रहा है कि डी0ए0पी0 की अपेक्षा एन0पी0के0 उर्वरक आलू के लिए ज्यादा लाभकारी है, क्योकिं इसमें पोटाश भी होता है जो कि आलू की फसल के लिए बहुत ही आवश्यक है। किसान डीएपी एवं एनपीके के स्थान पर सुपर फॉस्फेट, यूरिया एवं पोटाश का प्रयोग कर आलू की अच्छी पैदावार ले सकते है। साथ ही आलू की बुवाई के एक माह उपरान्त सिंचाई के बाद तरल नैनो डीएपी की) ली0 मात्रा का प्रयोग कर डीएपी की भरपाई कर सकते है। गेहूं की बुवाई का उचित समय 15 नवम्बर से 15 दिसम्बर होता है। किसान गेहूं हेतु उर्वरकों का भण्डारण न करें। गेहूं की बुवाई के समय पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता रहेगी। जनपद में पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध है। कृषक भाई 5-5 बोरी उर्वरक एक बार में प्राप्त करें एवं दोबारा प्राप्त करें। नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी जो सभी दुकानों पर उपलब्ध है का प्रयोग करने पर 1/3 डीएपी एवं एन0पी0के0 की जरूरत होगी।

# छात्रों को बताया दीपावली का पारम्परिक और वैज्ञानिक महत्व

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** डीएसवीडी पब्लिक स्कूल पांचालघाट में दीपावली के अवसर पर छात्रों को दीपावली त्यौहार का पारंपरिक और वैज्ञानिक महत्व बताया गया। छात्रों ने दीपक सजाओ प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। छात्रों को दीप डेकोरेशन के बारे में बताया गया। छात्रों ने विभिन्न प्रकार से दीपों को सजाया। स्कूल के प्रबंधक महेशपाल सिंह उपकारी ने रामायण से जुड़ी कहानी सुनाते हुए छात्रों को संबोधित करते हुए बताया है कि हम दीपावली पर घरों को दीपों से सजाते हैं। त्यौहार में दीपों का बहुत महत्व है। हमें अपने घरों को दीपों से सजाना चाहिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विभोर सोमवंशी, विद्यालय प्रशासक अनुराग सोमवंशी तथा समस्त अध्यापक निर्भय मिश्रा, सचिन पाल, अभिनव पाल, ज्ञानप्रकाश, शिव तथा अध्यापिका आकृति मिश्रा, कीर्ति त्रिवेदी, सोनाली अग्निहोत्री, रुबी आदि उपस्थित रहे तथा विद्यालय में चुनाव का रिजल्ट आज ही सभी उम्मीदवारों व सभी बच्चों के सामने वोट गिनकर जारी हुआ जिसमें प्रथम स्थान पर शुभम पांडेय तथा द्वितीय स्थान नित्या अग्निहोत्री व तृतीय स्थान जानवी मिश्रा तथा चौथा स्थान चंदन का रहा और पांचवां स्थान नव्या का रहा। इन सभी सभी बच्चों को अपनी-अपनी जिम्मेदारी के बारे में बताया गया। साथ में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजन में भाग लेने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वैभव सोमवंशी ने किया।

# जीवीए अकेडमी ने छात्र-छात्राओं को वितरित किये कम्प्यूटर

**कम्प्यूटर शिक्षा आज के युग में महत्वपूर्ण-डॉ0 रुबी चतुर्वेदी कम्प्यूटर पाकर फूले नहीं समाये छात्र-छात्रायें**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बढ़पुर स्थित जीवीए अकेडमी में छात्र सम्मान समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर वितरित किए गए एवं पूर्व में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र वितरण किए गए। मुख्य अतिथि डा0 प्रभात अवस्थी ने दीप प्रज्वलन कर छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया।

डॉ0 प्रभात अवस्थी ने वर्तमान की विषम परिस्थितियों के विषय में छात्रों को जागरूक किया। विशिष्ट अतिथि डॉ0 मनोज चतुर्वेदी ने छात्र-छात्राओं को आधुनिक शिक्षा के विषय पर जागरूक किया। दयानंद इंटर कॉलेज अमृतपुर के प्रधानाचार्य राकेश गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम और साइबर समय के विषय में जागरूक कर उनको मोबाइल एवं कंप्यूटर के प्रति सावधानी एवं उनके प्रयोग और दुरुपयोग के विषय में जानकारी दी। हिंदू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा ने भी छात्रों को संबोधित किया। डॉ0 रूबी चतुर्वेदी ने कहा कि कंप्यूटर शिक्षा आज के समय में अति महत्वपूर्ण है जो कि हर एक युवा को ग्रहण करनी चाहिए। इस अवसर पर व्यवस्थापक मोहन अवस्थी, सुमन राजपूत, मनीषा शाक्य, शिवा बाजपेई, शिल्पी सक्सेना, सत्यम सिंह, प्रभाष दीक्षित आदि ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कंप्यूटर प्राप्त करने



छात्रा को सम्मानित करते विपिन अवस्थी व अन्य

वाले छात्रों में अनामिका दीक्षित, आशीष प्रताप चौहान, आर्यन कुशवाह रहे।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम विजेता कोमल अग्निहोत्री, द्वितीय प्रियांशु अग्निहोत्री, तृतीय स्थान शिवम कुमार ने प्राप्त किया। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया। संस्थापक विपिन अवस्थी ने आए हुए सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह व उपहार देकर सम्मानित किया। आये हुए अतिथियों ने विपिन अवस्थी के इस कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम बराबर होने चाहिए।

# एफ0एस0डी0ए0 ने छापा मारकर संग्रह किये नमूने

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आगामी पर्व दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज के दृष्टिगत एफ0एस0डी0ए0 द्वारा छापामार कार्यवाही कर जांच हेतु नमूने संग्रह किये गये।

आगामी पर्व दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज पर्व के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थो के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेषकर खाद्य पदार्थ खोया, पनीर, दूध एवं दुग्ध पदार्थ से निर्मित मिठाईया, नमकीन, ड्राई फ्रूट, खाद्य तेल एवं वनस्पति, घी, रंगीन मीठे खिलौने, अन्य खाद्य पदार्थ आदि की गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से आज दिनांक 29.10.2024 को मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय प्रधान के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा0 शैलेन्द्र रावत एवं अरूण कुमार मिश्र द्वारा निम्न कार्यवाही सम्पादित की गयी। जिसमें बेवर रोड मोहम्मदाबाद स्थित खाद्य प्रतिष्ठान मिष्ठान भण्डार से खाद्य पदार्थ बूँदी के लड्डू का एक नमूना संकलित किया गया। नबावगंज स्थित खाद्य प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ पेड़ा का एक नमूना संकलित किया गया।

इसके अतिरिक्त उक्त खाद्य सचल द्वारा शहर के कस्बा मोहम्मदाबाद एवं नवाबगंज में खुले में खाद्य पदार्थो का विक्रय करने वाले खाद्य कारोबारकर्ताओं को खुले में खाद्य पदार्थों के विक्रय करने से होने वाली बीमारियों, रंगीन खिलौने का विक्रय व अखबारी कागज का प्रयोग न करने एवं खाद्य रंग का प्रयोग मानक के अनुसार ही प्रयोग करने के बारे में बताया गया। साथ ही खाद्य पदार्थो को ढककर विक्रय करने हेतु कहा गया



मिष्ठान भंडार की दुकान पर छापा मारती टीम

ऐसा न करने वाले सम्बन्धित खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जायेगी।

मुख्य खाद्य निरीक्षक ने बताया कि त्यौहार को देखते हुए छापामार कार्यवाही बराबर जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि जनता के स्वास्थ्य के साथ किसी को खिलवाड़ नहीं करने दिया जायेगा। मिलावट करने वाले दुकानों पर कार्यवाही की जायेगी। छापामारी के दौरान कई दुकानदार अपनी-अपनी दुकानें बंद कर भाग गये।

# शहीद के परिजनों को दी गई 50 लाख की अनुदान राशि

**राज्य सरकार की प्रतिनिधि बनकर पहुंची उच्च शिक्षामंत्री रजनी तिवारी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जम्मू कश्मीर के कुलगाम में बैटल एक्सीडेन्ट में शहीद हुए जीत कुमार सैन्य संख्या 14871631के रैंक सिपाही निवासी ग्राम लुकटपुरा पोस्ट पिपरगांव मोहम्मदाबाद की पत्नी सरिता को मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य सरकार की तरफ से राज्यमंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी द्वारा सांसद मुकेश राजपूत एवं विधायक भोजपुर नागेन्द्र सिंह राठौर एवं जिलाधिकारी डा0 वी0के0 सिंह की उपस्थित में अनुग्रह अनुदान राशि 50 लाख रुपये प्रदान की गई। जिसमें से स्व0 जीत कुमार




शहीद के परिजनों को चेक सौंपतीं मंत्री रजनी तिवारी

की पत्नी सरिता को 35 लाख व शहीद के पिता सुरेन्द्र सिंह व माता गंगाश्री को 15 लाख रुपये प्रदान की गई। बताते चलें कि बीते दिन शहीद जीत कुमार एक ट्रक दुर्घटना के दौरान गम्भीर रुप से घायल हो गये थे। जहां अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गयी थी।

# डीएम ने बच्चों को उपहार स्वरुप दी मिठाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0सिंह ने दीपावली के उपलक्ष्य में प्रा0वि0 बर्ना बुजुर्ग पहुंचकर बच्चों से वार्तालाप की व बच्चों को उपहार स्वरूप मिठाई, कलर, ज्योमैट्री बॉक्स, डोम्स किट, च्यवनप्राश इत्यादि वितिरित किया गया। डीएम ने बच्चों से उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी प्राप्त की व ब्लैकबोर्ड पर गणित के सवाल हल कराये व सामान्य ज्ञान के सवाल पूछे जिनका बच्चों ने सही उत्तर दिया। विद्यालय में पढ़ाई का स्तर अच्छा पाया गया। डीएम ने विद्यालय को मॉडल विद्यालय के रूप में विकसित करने के निर्देश दिये। डीएम ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने के लिये प्रेरित किया



बच्चों से बात करते डीएम

और कहा कि पढ़ाई से ही समाज में अच्छा स्थान प्राप्त किया जा सकता है। विद्यालय में चिकित्सा कैम्प व आयुर्वेद का कैम्प लगाकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया व बच्चों की आंखे चेक की गई। इस अवसर पर सीडीओ, जिला विकास अधिकारी, पीडीडीआरडीए, बीएसए, जिला कार्यक्रम अधिकारी, बीडीओ कमालगंजआदि अधिकारी मौजूद रहे।

# थाने के सफाई कर्मी व उसके स्वजनों को पीटने में 11 पर मुकदमा

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाने के सफाई कर्मी व उसके स्वजनों के साथ धारदार हथियार से मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में ग्यारह लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

मेरापुर निवासी सफाई कर्मी करन वाल्मीक ने गांव के ही अंकित, सुमित, मोहित, अतुल, अनुज, गौरव, नीटू, नन्हें, विनोद, गब्बर, चौधरी के विरुद्ध गाली गलौज, मारपीट एवं जानसे मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार रविवार रात समय 7 बजे गांव का ही अंकित मेरे दरवाजे के सामने आकर बेवजह गाली-गलौज करने लगा जब सफाई कर्मी करन व करन के ताऊ सुरेश वाल्मीक ने गाली देने का विरोध किया, तो अंकित ने आवाज देकर अपने उपरोक्त स्वजनों को मौके पर बुला लिया और एक राय होकर करन, सुरेश व सुरेश के पुत्र उदयवीर, जितेंद्र तथा पुत्री भावना के साथ लाठी-डंडा तथा धारदार हथियार से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दे कर मौके से भाग गए। मेरापुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच दारोगा रवि सोलंकी के सुपुर्द कर दी।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887
Email : samradhinews@gmail.com

# पंजाब स्टोर में दीपावली पर इलेक्ट्रिक सामान का विशेष संग्रह उपलब्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** धनतेरस पर बाजार में ठीक ठाक रौनक दिखी। लोगों ने अपनी जरुरत का सामान खरीदा। बढ़पुर स्थित पंजाब स्टोर पर ग्राहकों ने इलेक्ट्रानिक सामान खरीदा। पंजाब स्टोर के संचालक सरदार हरमन सिंह ने बताया कि ग्राहकों की मांग पर हर वैरायटी

## दीपावली बाजार दर्शिका

की फ्रिज, वॉशिंग मशीन, एलईडी, अलमारी, कूलर, डीप फ्रीजर, एसी, मिक्सी, इनवर्टर, बैटरी, इंडक्शन, आरओ, बेड, गद्दे, ड्रेसिंग टेबिल, तकिया व अन्य फर्नीचर उपलब्ध है। सभी कम्पनियों के ब्रांडेड, इलेट्रानिक सामान व फर्नीचर की सभी घरेलू वस्तुएं एक ही शोरुम में उचित दामों पर उपलब्ध है। सबसे किफायती रेटों पर पंजाब स्टोर इस बार धनतेरस पर ग्राहकों की मन पंसद वैरायटी के साथ सेवायें दे रहा है। इस बार अपने बजट के अनुसार ग्राहक घरेलू जरुरी सामान आसानी से खरीद सकेगा। एक ही शोरुम में सभी प्रकार के आइटम उपलब्ध है। वहीं दूसरे शोरुम सरदार जी सूट व साड़ी वालों के प्रतिष्ठान पर दीपावली पर विशेष आकर्षक डिजाइनों के साथ वैरायटी उपलब्ध है। प्रत्येक खरीददारी पर आकर्षण उपहार भी ग्राहकों को दिया जा रहा।



धनतेरस पर पंजाब स्टोर में खरीददारी करते ग्राहक

















